किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक
समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 104 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) गुरुवार 22 जनवरी 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

बिहार में औद्योगिक क्रांति की तैयारी, सभी बंद चीनी मिलें फिर से चालू होंगी: सम्राट चौधरी

सेमीकंडक्टर से लेकर एयरपोर्ट तक, राज्य में रोजगार और उद्योगों को नई गति; मुफ्त बिजली से करोड़ों परिवारों को राहत

"सम्राट चौधरी बिहार में औद्योगिक निवेश और रोजगार योजनाओं की समीक्षा करते हुए"

पटना। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्य की सभी बंद पड़ी चीनी मिलों को दोबारा चालू कराने और बड़े पैमाने पर उद्योग स्थापित करने की योजना की घोषणा की है। उनका कहना है कि सरकार का लक्ष्य है कि बिहार के युवाओं को रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में पलायन न करना पड़े और उन्हें अपने ही राज्य में रोजगार के अवसर मिलें।

सम्राट चौधरी ने बताया कि बिहार में देश की सबसे बेहतर औद्योगिक नीति लागू की गई है। इसके तहत उद्योग लगाने के लिए एक रुपए में जमीन उपलब्ध कराई जा रही है और निवेशकों के लिए 15 दिनों के भीतर लोन स्वीकृति की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि इसी अनुकूल माहौल का नतीजा है कि अब बिहार में सेमीकंडक्टर जैसी उन्नत तकनीक वाली फैक्ट्रियां भी स्थापित हो रही हैं।

उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की विकास यात्राओं–न्याय यात्रा, प्रगति यात्रा और समृद्धि यात्रा–का भी उल्लेख किया। इन यात्राओं के दौरान जनता से संवाद कर बुनियादी क्षेत्रों जैसे सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और बिजली में ऐतिहासिक कार्य किए गए हैं।

छपरा एयरपोर्ट: सारण और आसपास जिलों की कनेक्टिविटी में सुधार

बिजली क्षेत्र में राज्य की तस्वीर बदल गई है। उन्होंने कहा कि पहले शहरों में मुश्किल से 5 घंटे बिजली मिलती थी, लेकिन अब गांवों में भी 24 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। इसके अलावा 1 करोड़ 90 लाख परिवारों को 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली दी जा रही है, जिससे करीब 1 करोड़ 70 लाख परिवारों का बिल शून्य हो गया है।

उपमुख्यमंत्री ने छपरा में एयरपोर्ट के निर्माण का ऐलान भी किया। उनका कहना है कि इससे सारण और आसपास के जिलों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी और व्यापार व पर्यटन को नई गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि अगले पांच वर्षों में 1 करोड़ सरकारी नौकरी और रोजगार सृजन का लक्ष्य रखा गया है।

सम्राट चौधरी ने कहा कि एनडीए सरकार जनता से किए गए हर वादे को पूरा करेगी और बिहार के विकास को समृद्धि की नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी।

- सभी बंद चीनी मिलें दोबारा चालू होंगी
- निवेशकों को 15 दिन में लोन स्वीकृति
- सेमीकंडक्टर और उन्नत तकनीक की फैक्ट्रियां
- 1 करोड़ सरकारी नौकरी का लक्ष्य

भारत और स्पेन ने आतंकवाद की कड़ी निंदा की

समाज जागरण

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के निमंत्रण पर स्पेन के विदेश मामलों के मंत्री जोस मैनुअल अल्बारेस ने बुधवार को भारत का दौरा किया। इस दौरान मंत्री अल्बारेस ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।

विदेश मंत्री जयशंकर और विदेश मंत्री अल्बारेस ने प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की, जिसमें व्यापार और निवेश, रक्षा और सुरक्षा, संस्कृति, पर्यटन और जन-संबंधों सहित भारत-स्पेन संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा की गई। भारत और स्पेन दोनों देश राजनयिक संबंधों की स्थापना की 70वीं वर्षगांठ मना रहे हैं, जिसे भारत-स्पेन संस्कृति, पर्यटन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) द्विवर्षीय वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। मंत्रियों ने द्विवर्षीय समारोहों के लिए संयुक्त रूप से लोगो का अनावरण किया।

मंत्रियों ने दोनों देशों के बीच नियमित राजनीतिक स्तर की बातचीत और संस्थागत द्विपक्षीय तंत्रों की बैठकों पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने भविष्य में भी इस गति को बनाए रखने की आशा व्यक्त की। दोनों नेताओं ने प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा, रक्षा औद्योगिक सहयोग, शहरी अवसंरचना और रेलवे सहित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की।

मंत्रियों ने यूरोप और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में हाल के घटनाक्रमों पर चर्चा की और साझा हित के अन्य मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। दोनों पक्षों ने आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की निंदा की और आतंकवाद से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

इससे पहले स्पेन के विदेश मंत्री जोस मैनुअल अल्बारेस ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भेंट की। इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि भारत और स्पेन को आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों से लड़ने के लिए अपने संसाधनों और क्षमताओं को एकजुट करना चाहिए।

रा.स्वर्ण महासंघ ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन, यूजीसी नियमावली को निरस्त करने की करी मांग

लोनी, 21 जनवरी: राष्ट्रीय स्वर्ण महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश कुमार शर्मा ने तहसीलदार

लोनी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा और यूजीसी में संशोधन नियमावली को निरस्त करने की मांग की। इस अवसर पर वार्ड 33 के पूर्व सभासद मनीष ठाकुर एवं वर्तमान सभासद रामनिवास त्रिपाठी भी उनके साथ उपस्थित रहे।

ज्ञापन में शर्मा ने कहा कि यूजीसी के संशोधन के अनुसार शिक्षा संस्थानों में शिक्षार्थियों के बीच भेदभाव और असमानता फैल जाएगी। इससे नवयुवकों में उच्च वर्ग के लोगों से भय और दहशत पैदा होगी और राष्ट्रीय विकास की राह में बाधा उत्पन्न होगी।

उन्होंने स्पष्ट किया कि इन समस्याओं के कारण यूजीसी और एसटी, एससी, ओबीसी संशोधन नियमावली को निरस्त कर पूर्व स्थिति बहाल की जाए। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते यह कानून वापस नहीं लिया गया, तो राष्ट्रीय स्वर्ण महासंघ धरने के लिए मजबूर होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

एलओसी पर पाकिस्तान ने फिर किया सीजफायर उल्लंघन, भारतीय सेना सतर्क

जम्मू-कश्मीर के केरन सेक्टर में हाई-टेक कैमरे लगाने के दौरान पाक सैनिकों ने फायरिंग की, भारतीय सेना ने नियंत्रित जवाब दिया

कुपवाड़ा (जम्मू-कश्मीर)। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के केर्न सेक्टर में एलओसी पर पाकिस्तान ने मंगलवार की रात सीजफायर का उल्लंघन किया। भारतीय सेना के राष्ट्रीय राइफल्स के जवान सीमा पर हाई-टेक कैमरे लगा रहे थे, जिनका उद्देश्य एलओसी के ब्लाइंड स्पॉट्स को कवर करना और सीमा सुरक्षा को मजबूत करना था।

पाकिस्तानी फायरिंग का जवाब भारतीय सेना ने नियंत्रित गोली से दिया

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तानी सैनिकों ने कैमरे लगाने की प्रक्रिया में खलल डालने के लिए दो राउंड छोटे हथियारों से फायरिंग की। भारतीय सेना ने जवाब में एक ही नियंत्रित गोली चलाई। इस घटना में किसी भी तरफ से हताहत नहीं हुआ। इसके बाद सेना ने घने जंगल क्षेत्र में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया, क्योंकि शक था कि फायरिंग का असली मकसद सीमा पार आतंकियों की घुसपैठ को आसान बनाना हो सकता है।

यह कोई नई घटना नहीं है। पाकिस्तान की सेना और रेंजर्स अक्सर एलओसी और इंटरनेशनल बॉर्डर पर सीजफायर का उल्लंघन करते हैं। उनका उद्देश्य आमतौर पर आतंकियों की घुसपैठ कराना या सीमा पर लगे निगरानी उपकरणों को बाधित करना होता है।

जम्मू-कश्मीर में एलओसी की लंबाई: 740 किलोमीटर, इंटरनेशनल बॉर्डर: 240 किलोमीटर

जम्मू-कश्मीर में एलओसी लगभग 740 किलोमीटर लंबी है और बरामुल्ला, कुपवाड़ा, बांदीपोरा जिलों से होकर गुजरती है। वहीं, इंटरनेशनल बॉर्डर लगभग 240 किलोमीटर लंबा है और जम्मू, सांबा और कठुआ जिलों में फैला हुआ है। एलओसी की सुरक्षा भारतीय सेना करती है, जबकि इंटरनेशनल बॉर्डर की जिम्मेदारी बीएसएफ की होती है।

दोनों ही जगहों पर सेना और बीएसएफ का काम घुसपैठ, तस्करी और पाकिस्तान की तरफ से आने वाली ड्रोन गतिविधियों को रोकना है। इसके साथ ही जम्मू-कश्मीर पुलिस और अन्य सुरक्षा बल आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन चलाते हैं। इन ऑपरेशनों का लक्ष्य आतंकवादी, उनके ओवरग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) और समर्थक होते हैं।

- कोई हताहत नहीं
- सेना ने घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया
- ड्रोन गतिविधियों और घुसपैठ पर कड़ी नजर
- बीएसएफ और पुलिस मिलकर सुरक्षा सुनिश्चित

विधायक गोल्ड कप क्रिकेट: खिताब बिलासपुर की टीम ने जीता, मंत्री जायसवाल ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित

कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री: हार-जीत खेल का हिस्सा, खेलों से अनुशासन और टीमवर्क सीखने को मिलता है

- *बिलासपुर की टीम ने रोमांचक फाइनल में खिताब जीता*
- *हार-जीत खेल का हिस्सा, खिलाड़ियों को खेल भावना का संदेश*
- *मंत्री दिलीप जायसवाल ने खिलाड़ियों को शील्ड और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया*
- *खेलों से अनुशासन, लक्ष्य निर्धारण और टीमवर्क सीखने को मिलता है*
- *फ्रेंड्स स्पोर्ट्स एंड कल्चर सोसायटी, बुढार का आयोजन सराहनीय*

शहडोल। अखिल भारतीय विधायक गोल्ड कप क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम, बुढार में बिलासपुर और नागपुर की टीमों के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में बिलासपुर की टीम ने जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया।

फाइनल मैच के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल थे। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया।

समापन समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री जायसवाल ने कहा कि खेल प्रतिस्पधाओं में कोई भी टीम कमजोर नहीं होती, और जीत-हार खेल का अहम हिस्सा है। उन्होंने कहा कि खेलों से अनुशासन, लक्ष्य निर्धारण और आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। मंत्री ने खिलाड़ियों से निरंतर अभ्यास करने और बड़े मंचों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर माता-पिता, गांव, शहर, प्रदेश और देश का नाम रोशन करने का आह्वान किया।

मंत्री जायसवाल ने यह भी कहा कि किसी भी प्रतियोगिता की सफलता में टीमवर्क के साथ-साथ दर्शकों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। फ्रेंड्स स्पोर्ट्स एंड कल्चर सोसायटी, बुढार द्वारा आयोजित यह प्रतियोगिता सराहनीय रही।

इस अवसर पर विधायक जयसिंह मरावी ने प्रतियोगिता में शामिल सभी टीमों के खिलाड़ियों की खेल भावना और ईमानदारी की सराहना की। उन्होंने विजेता और उपविजेता टीमों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

समापन कार्यक्रम में सदस्य जिला योजना समिति श्रीमती अमिता चपरा ने भी संबोधन दिया। विजेता टीम के खिलाड़ियों को शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर मंत्री जायसवाल ने सम्मानित किया। स्वागत भाषण और प्रतिवेदन फ्रेंड्स कल्चरल सोसायटी के अध्यक्ष कैलाश विशनानी ने दिया, जबकि कार्यक्रम का संचालन महेंद्र त्रिपाठी ने किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ खिलाड़ियों, अध्यक्ष नगर पालिका शहडोल घनश्याम जायसवाल, जिला पंचायत सदस्य जगन्नाथ शर्मा, नगर पंचायत बकहो उपाध्यक्ष वैभव विक्रम सिंह, साथ ही अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, पत्रकार और बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने किये 14 जजों के तबादले

समाज जागरण

संभल। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मंगलवार की शाम बड़ा फेरबदल किया। 14 जजों के तबादले कर दिए हैं। लिस्ट में तीन जिला जज स्तर के अधिकारी भी शामिल हैं। हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार ज्यूडिशियल सर्विसेज रजनीश कुमार की ओर से लिस्ट जारी की गई है। लिस्ट में चौंकाने वाला नाम संभल के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विभांशु सुधीर का है। विभांशु ने 9 जनवरी को एसपी अनुज चौधरी समेत 20 पुलिसकर्मियों पर एफ आई आर दर्ज करने के आदेश दिए थे। आरोप है कि संभल हिंसा के दौरान एसपी अनुज चौधरी समेत अन्य पुलिसकर्मियों ने एक युवक को गोली मार दी थी। विभांशु को सुल्तानपुर में सिविल जज सीनियर डिवीजन के पद पर भेजा गया है। चंदौसी के सिविल जज सीनियर डिवीजन आदित्य सिंह अब संभल के नए सी जे एम हैं। आदित्य सिंह ने ही संभल के श्री हरिहर मंदिर बनाम शाही जामा मस्जिद दावे पर सर्वे के आदेश दिए थे। आदित्य कुमार सिंह को प्रमोशन दिया गया है।

युवराज मौत केस में विजटाउन और लोटस ग्रीन पर एक्शन

समाज जागरण

नोएडा: ग्रेटर नोएडा युवराज मेहता की मौत के मामले में दोनों बिल्डरों के खिलाफ एक और मुकदमा बुधवार को दर्ज किया गया है. इस एफआईआर में कुल 5 लोग नामजद हैं. पर्यावरण संरक्षण, जल प्रदूषण निवारणअधिनियम के तहत नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कराया है. दर्ज की गई दूसरी एफआईआर में अभय कुमार, संजय कुमार, मनीष कुमार, निर्मल कुमार और अचल बोहरा को आरोपी के रूप में नामजद किए गए हैं. एफआईआर बीएनएस की धारा 15, 24 और 43 के तहत दर्ज की गई है. ये धाराएं प्रदूषण और पर्यावरण सुरक्षा मानकों का पालन न करने से संबंधित हैं.

हरहुआ डीह मार्ग पर सीवर जाम, 15 दिनों से सड़क पर बह रहा गंदा पानी, ग्रामीणों में आक्रोश

पुरानी सब्जी मंडी से हरहुआ डीह जाने वाले मुख्य मार्ग पर जाम से राहगीरों और किसानों को हो रही परेशानी, स्थानीय प्रशासन को चेतावनी

समाज जागरण

हरहुआ (वाराणसी)। स्थानीय विकासखंड के अंतर्गत ग्राम सभा हरहुआ डीह स्थित पुरानी सब्जी मंडी से हरहुआ डीह की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर पिछले लगभग 15 दिनों से सीवर जाम की समस्या बनी हुई है। जाम के कारण सड़क के बीचों-बीच गंदा नाले का पानी बह रहा है, जिससे क्षेत्र से आने-जाने वाले लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

यह मार्ग केवल हरहुआ डीह के लिए ही नहीं, बल्कि रामसिंहपुर, धनेशरी, देवनाथपुर, बिरापट्टी, वाजिदपुर, चंदीपट्टी, वार और आसपास के कई गांवों के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसी रास्ते से किसान और व्यापारी सब्जी खरीदने और बेचने के लिए प्रतिदिन आते-जाते हैं।

स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क के किनारे कई निमार्णाधीन मकानों के कारण भारी वाहनों का आवागमन लगातार हो रहा है। ओवरलोड वाहनों के चलते सीवर का चैंबर टूट गया और पाइप क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे जाम की स्थिति पैदा हो गई। निर्माण कार्य के दौरान मिट्टी और कचरा सड़क पर फैलने से फिसलन भी बढ़ गई है। आए दिन दोपहिया वाहन चालक फिसलकर गिर रहे हैं, जिससे चोट लगने के साथ ही उनकी सब्जियां भी खराब हो रही हैं।

सूत्रों के अनुसार इस नाली में एक अपार्टमेंट की नाली का कनेक्शन भी जोड़ दिया गया, जिससे समस्या और गंभीर हो गई है। स्थानीय ग्रामीण साजिद खान, गुलशेर खान, दीपक पांडेय, सोनू मिश्रा, गोलू मिश्रा, नसीम अहमद, आमिर खान सहित अन्य लोगों ने बताया कि शिकायत के बावजूद अब तक स्थायी समाधान नहीं हुआ।

ग्राम प्रधान अनवर हाशमी ने कहा कि नाली जाम नहीं है, बल्कि निमार्णाधीन गोदाम और मकानों के कारण ओवरलोड वाहनों से चैंबर और पाइप टूट गया। उन्होंने कहा कि निर्माण कराने वालों को जल्द मरम्मत कराने के लिए कहा गया है। अगर दो दिन में कार्य नहीं हुआ तो संबंधित लोगों के खिलाफ बड़ागांव थाने में कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

हाइलाइट पॉइंट्स

15 दिनों से हरहुआ डीह मार्ग पर सीवर जाम, गंदा पानी सड़क पर बह रहा
मार्ग पर भारी वाहनों और निर्माण कार्य से चैंबर और पाइप टूटे
राहगीरों और दोपहिया चालकों को फिसलन और चोट का खतरा
स्थानीय ग्रामीण शिकायत करने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं
ग्राम प्रधान ने निर्माणकताओं को मरम्मत की चेतावनी, 2 दिन में कार्य न होने पर कानूनी कार्रवाई

IMF का अलर्ट: अकबना ग्लोबल ग्रोथ का नया इंजन,

लेकिन 'डॉट-कॉम' जैसे बुलबुले का खतरा भी

2026 के लिए वैश्विक वृद्धि का अनुमान बढ़ाकर 3.3 फीसदी कर दिया गया है और यह मोटे तौर पर तकनीकी विकास और एआई से जुड़े निवेश की वजह से है

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के जनवरी 2026 के विश्व आर्थिक पूवार्नुमान इस सप्ताह जारी किए गए जो बताते हैं कि आर्टिफिशल इंटेलिजेंस वैश्विक वृद्धि के एक अहम इंजन के रूप में उभरा है। 2026 के लिए वैश्विक वृद्धि का अनुमान बढ़ाकर 3.3 फीसदी कर दिया गया है और यह मोटे तौर पर तकनीकी विकास

और एआई से जुड़े निवेश की वजह से है। ऐसे निवेश प्रमुख रूप से अमेरिका में हो रहे हैं। आईएमएफ का अनुमान है कि 2025 की पहली तीन तिमाहियों में अमेरिका में तकनीकी क्षेत्र में निवेश ने औसत वार्षिक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि में करीब 30 आधार अंकों का योगदान किया। इससे वहां के लिए 2026 का वृद्धि अनुमान बढ़कर 2.4 फीसदी हो गया।

2026 की शुरूआत में कॉरपोरेट आय और निवेश घोषणाएं यह संकेत देती हैं कि एआई अधोसंरचना पर होने वाला व्यय जिसमें उन्नत सेमीकंडक्टर से लेकर डेटा सेंटर और क्लाउड क्षमता आदि शामिल हैं, व्यापक पूंजीगत व्यय से तेज गति से आगे बढ़ रहा है। यह आईएमएफ के इस आकलन को मजबूत करता है कि प्रौद्योगिकी वैश्विक व्यापार की नाजुक स्थिति के बावजूद वृद्धि को सहारा दे रही है। एआई को व्यापक रूप से अपनाने से उत्पादकता और मध्यम अवधि की वृद्धि को बढ़ावा मिल सकता है, जबकि व्यापारिक तनावों में लगातार कमी नीति की पूवार्नुमान लगाने की क्षमता को बढ़ा सकती है और निवेश की गति को पुनर्जीवित कर सकती है।

आईएमएफ ने यह चेतावनी भी दी है कि एआई आधारित वृद्धि का आधार बहुत संकीर्ण है। एआई में निवेश की तेजी एक ऐसा बुलबुला साबित हो सकती है जो 2000 के दशक के आरंभ के डॉट कॉम बुलबुले की तरह ही फट सकता है। यदि अपेक्षाएं वास्तविक उत्पादकता लाभ से कहीं अधिक तेजी से बढ़ती हैं, तो अत्यधिक निवेश अचानक रुक सकता है। शेयर बाजार मूल्यांकन में तीव्र गिरावट पूंजीगत व्यय को कम करके और भरोसे को कमजोर करके वृद्धि को जल्दी धीमा कर सकता है, भले ही यह पूर्ण वित्तीय संकट को जन्म न दे।

कुछ बड़ी अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियों का छोटा समूह इक्विटी बाजार को चला रहा है, जिससे एआई-संबंधित मूल्यांकन व्यापक बाजार से कहीं अधिक ऊपर पहुंच गए हैं। संयुक्त राष्ट्र की विश्व आर्थिक स्थिति और संभावनाएं 2026 रिपोर्ट भी यह बताती है कि एआई निवेश अत्यधिक केंद्रित बना हुआ है। 2024 में वैश्विक कॉरपोरेट एआई खर्च का 72.5 फीसदी हिस्सा अमेरिका के हिस्से में आया, जो यह रेखांकित करता है कि अधिकांश देश अभी कितने पीछे हैं।

बहरहाल, विश्व आर्थिक मंच के शोध बताते हैं कि एआई व्यवस्थाएं अकेले अमेरिका में 4.5 लाख करोड़ डॉलर मूल्य के काम कर रही हैं। ऐसे में जहां अलग-अलग कामों के लिए एआई को व्यापक तौर पर अपनाने से उत्पादकता में सुधार हुआ होगा, वहीं निवेश का स्तर और उसका केंद्रीकरण चिंता का विषय है। ऊर्जा की तीव्रता, डेटा के केंद्रीकरण और श्रम विस्थापन को लेकर भी चिंताएं हैं। कई उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए पूंजी, कौशल और डेटा तक सीमित पहुंच मौजूदा आय और उत्पादकता की खाई को और चौड़ा करने का खतरा पैदा करती है।

भारत की विकास गाथा वैश्विक चुनौतियों और घरेलू संभावनाओं के मेल पर आधारित है। आईएमएफ ने सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में भारत की पुष्टि की है और 2025-26 के लिए इसका वृद्धि पूवार्नुमान संशोधित कर 7.3 फीसदी तक कर दिया है। 2026-27 में वृद्धि के 6.4 फीसदी तक रहने की उम्मीद है। वर्तमान वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि अपेक्षा से अधिक रही, और नीति-निमार्ताओं के लिए चुनौती यह होगी कि अगले वित्त वर्ष में इस गति को कैसे बनाए रखें।

एआई निवेशों के संदर्भ में, भारत को बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों द्वारा डेटा केंद्रों में निवेश आकर्षित करने से भी लाभ हुआ है। हालांकि, उसे एआई निवेश में संभावित मंदी या उलटफेर के प्रभाव के लिए तैयार रहना पड़ सकता है, जिससे अमेरिका और अन्य शेयर बाजारों में तीव्र गिरावट आ सकती है। किसी भी स्थिति में, विदेशी निवेशक भारतीय बाजारों से पूंजी निकाल रहे हैं, और यदि वैश्विक बाजार धारणा में उल्लेखनीय कमजोरी आती है तो स्थिति और बिगड़ सकती है। इस प्रकार, वैश्विक व्यापार संबंधी अनिश्चितताओं के अलावा, एआई संबंधित लेनदेन के समाप्त होने की आशंका से भी वृद्धि के लिए जोखिम उत्पन्न हो सकते हैं।

यूजीसी-40: पढ़ाई आउट, डिग्री इन!

अब डॉक्टर बनने के लिए किताब
नहीं, क्रेडिट चाहिए।
न पढ़ने की टेंशन, न परीक्षा का
डर–
बस एंट्री लो, एग्ज़िट करो और
बन जाओ डॉक्टर।

मरीज पूछे–
"डॉक्टर साहब, बीमारी क्या है?"
डॉक्टर बोले–
"अभी सिलेबस अपडेट नहीं हुआ
है।"

यूजीसी-40:
जहाँ पढ़ाई वैकल्पिक है,
पर डिग्री पक्की।

डेनमार्क के पीछे क्यों पड़े हैं ट्रम्प ?

महेन्द्र तिवारी

डोनाल्ड ट्रंप का ग्रीनलैंड को लेकर आक्रामक रुख केवल एक भूभाग को हासिल करने की सनक भर नहीं है, बल्कि यह 21वीं सदी की बदलती वैश्विक राजनीति, संसाधनों की होड़ और महाशक्तियों के बीच उभरते नए शीतयुद्ध का संकेत है। ग्रीनलैंड, जो भौगोलिक रूप से भले ही बर्फ से ढका, विरल आबादी वाला द्वीप हो, आज अमेरिका, चीन और रूस के रणनीतिक नक्शे में एक अहम मोहरा बन चुका है। ट्रंप इसे अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए ह्लअनिवार्यह्व बताकर न केवल डेनमार्क की संप्रभुता को चुनौती दे रहे हैं, बल्कि यूरोपीय संघ को भी खुली चेतावनी दे रहे हैं कि अगर उसने अमेरिकी हितों के आड़े आने की कोशिश की, तो उसे भारी आर्थिक कीमत चुकानी होगी।

ग्रीनलैंड का महत्व उसके आकार या जनसंख्या में नहीं, बल्कि उसकी भौगोलिक स्थिति और प्राकृतिक संसाधनों में निहित है। आर्कटिक क्षेत्र में स्थित यह द्वीप उत्तरी अमेरिका और यूरोप के बीच एक रणनीतिक सेतु की तरह है। शीत युद्ध के दौरान भी अमेरिका ने यहां सैन्य ठिकाने बनाए थे और आज भी वहां अमेरिकी रडार प्रणाली मौजूद है। जलवायु परिवर्तन के कारण जब आर्कटिक की बर्फ तेजी से पिघल रही है, तब नए समुद्री मार्ग खुल रहे हैं, जो वैश्विक व्यापार और सैन्य आवागमन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बनते जा रहे हैं। रूस पहले ही इन मार्गों पर अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है, जबकि चीन स्वयं को "नियर-आर्कटिक स्टेट" घोषित कर इस क्षेत्र में निवेश और वैज्ञानिक गतिविधियों का विस्तार कर रहा है। ऐसे में अमेरिका को यह आशंका स्वाभाविक लगती है कि अगर उसने ग्रीनलैंड पर प्रभाव नहीं बढ़ाया, तो वह आर्कटिक की दौड़ में पिछड़ सकता है।

ट्रंप का तर्क है कि डेनमार्क ग्रीनलैंड की पर्याप्त सुरक्षा नहीं कर पा रहा और अमेरिका ही इसे प्रभावी ढंग से संरक्षित कर सकता है। लेकिन यह तर्क जितना सुरक्षा से जुड़ा दिखता है, उतना ही सत्ता और प्रभुत्व की भाषा से भरा हुआ है। किसी संप्रभु देश या स्वायत्त क्षेत्र को "खरीदने" की बात करना औपनिवेशिक मानसिकता की याद दिलाता है, जिसे आधुनिक अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था बहुत पहले खारिज कर चुकी है। ग्रीनलैंड के लोग स्वयं को कोई संपत्ति नहीं मानते, जिसे किसी सौदे के तहत एक हाथ से दूसरे हाथ में सौंप दिया जाए। डेनमार्क और ग्रीनलैंड की सरकारों ने ट्रंप के प्रस्ताव को सिरे से नकार कर यह स्पष्ट कर दिया है कि संप्रभुता कोई बिक्री योग्य वस्तु नहीं है।

असल चिंता केवल सुरक्षा तक सीमित नहीं है। ग्रीनलैंड दुर्लभ मिट्टी खनिजों का एक संभावित भंडार है, जिनका उपयोग आधुनिक तकनीक, नवीकरणीय ऊर्जा, रक्षा प्रणालियों और इलेक्ट्रॉनिक्स में होता है। आज इन खनिजों पर चीन का प्रभुत्व है और अमेरिका इस निर्भरता को कम करना चाहता है। इसके अलावा, तेल और गैस के संभावित भंडार भी ग्रीनलैंड को ऊर्जा राजनीति के केंद्र में ला खड़ा करते हैं। ट्रंप जिस "गोल्डन डोम" मिसाइल शील्ड की बात करते हैं, उसके लिए ग्रीनलैंड में मौजूद रडार और भौगोलिक स्थिति बेहद उपयोगी मानी जाती है। इस तरह ग्रीनलैंड अमेरिका के लिए केवल एक द्वीप नहीं, बल्कि सैन्य, आर्थिक और तकनीकी रणनीति का अहम हिस्सा बन जाता है।

यूरोपीय संघ ने इस पूरे घटनाक्रम में डेनमार्क के पक्ष में खड़े होकर अंतरराष्ट्रीय कानून और क्षेत्रीय अखंडता का समर्थन किया है। यूरोपीय संसद और सदस्य देशों का यह रुख इस बात का संकेत है कि यूरोप अब अमेरिकी दबाव के आगे बिना सवाल किए झुकने को तैयार नहीं है। लेकिन ट्रंप की राजनीति संवाद और कूटनीति से अधिक दबाव और धमकी पर आधारित रही है। उन्होंने टैरिफ को एक हथियार की तरह इस्तेमाल करते हुए पहले 10 प्रतिशत और फिर 25 प्रतिशत तक शुल्क लगाने की धमकी दी है, यदि ग्रीनलैंड पर उनकी शर्तों के अनुसार कोई समझौता नहीं होता।

इस पूरे विवाद में फ्रांस को विशेष रूप से निशाना बनाना ट्रंप की राजनीतिक शैली को उजागर करता है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों द्वारा डेनमार्क के सैन्य समर्थन की बात कहने पर ट्रंप ने न केवल उनका मजाक उड़ाया, बल्कि फ्रांसीसी वाइन और निर्यात पर 200 प्रतिशत टैरिफ लगाने की चेतावनी दे डाली। यह केवल आर्थिक दबाव नहीं, बल्कि एक तरह का सार्वजनिक अपमान भी है, जिसका उद्देश्य यूरोप के भीतर फूट डालना और यह संदेश देना है कि अमेरिका के खिलाफ खड़े होने की कीमत चुकानी पड़ेगी। डेनमार्क, फ्रांस, स्वीडन समेत आठ यूरोपीय देशों पर इस तरह का दबाव डालना यह दशार्ता है कि ट्रंप की नजर में सहयोगी और प्रतिद्वंद्वी के बीच की रेखा बेहद धुंधली हो चुकी है। यह विवाद वैश्विक राजनीति के एक बड़े बदलाव की ओर इशारा करता है। शीत युद्ध के बाद जिस उदार अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की बात की जाती रही, उसमें नियमों, संस्थाओं और बहुपक्षीय सहमति को महत्व दिया गया। लेकिन ट्रंप की नीति शक्ति, सौदेबाजी और दबाव पर आधारित है। उनके लिए अंतरराष्ट्रीय कानून तब तक मायने रखता है, जब तक वह अमेरिकी हितों के अनुकूल हो। ग्रीनलैंड प्रकरण इसी सोच का उदाहरण है, जहां एक रणनीतिक हित को पूरा करने के लिए संप्रभुता, आत्मनिर्णय और साझेदारी जैसे सिद्धांतों को हाशिए पर डाल दिया गया है।

इसका दीर्घकालिक प्रभाव केवल अमेरिका और यूरोप के रिश्तों तक सीमित नहीं रहेगा। आर्कटिक क्षेत्र धीरे-धीरे एक नए भू-राजनीतिक तनाव का केंद्र बनता जा रहा है। यदि महाशक्तियां यहां सहयोग के बजाय प्रतिस्पर्धा और सैन्यीकरण का रास्ता अपनाती हैं, तो यह क्षेत्र संघर्ष का नया मैदान बन सकता है। ग्रीनलैंड के मूल निवासियों और वहां के पर्यावरण पर इसका क्या असर होगा, इस पर शायद ही कोई गंभीर चर्चा हो रही है। जलवायु परिवर्तन से जूझते इस क्षेत्र को सैन्य और औद्योगिक हितों के हवाले करना भविष्य के लिए खतरनाक संकेत है।

अंततः ग्रीनलैंड को लेकर ट्रंप का रुख यह सवाल खड़ा करता है कि क्या आज की दुनिया फिर से उस दौर की ओर लौट रही है, जहां ताकत ही कानून हुआ करती थी। यूरोप का विरोध और अंतरराष्ट्रीय समुदाय की प्रतिक्रिया यह तय करेगी कि इस तरह की राजनीति को कितना स्वीकार किया जाएगा। अगर ग्रीनलैंड को एक सौदे की तरह देखने की प्रवृत्ति को चुनौती नहीं दी गई, तो कल कोई और क्षेत्र, कोई और देश इसी तरह की महाशक्ति राजनीति का शिकार बन सकता है। यह केवल ग्रीनलैंड का मामला नहीं, बल्कि उस वैश्विक व्यवस्था की परीक्षा है, जिसे नियमों और सहमति के आधार पर टिके रहने का दावा किया जाता है।

मोबाइल: 9989703240

अमेरिकी नीतियां, चीन, लैटिन अमेरिका तथा नाटो देश को एक होने का मौका दे रहीं।

समकालीन वैश्विक राजनीति के परिदृश्य में यह प्रश्न बार-बार उभरकर सामने आता है कि क्या लैटिन अमेरिका, चीन और नाटो एक साझा मंच पर आकर अमेरिका और विशेष रूप से डोनाल्ड ट्रंप जैसी आक्रामक राष्ट्रवादी सोच का विरोध कर सकते हैं। यह प्रश्न जितना सरल दिखता है उतना ही जटिल है क्योंकि अंतरराष्ट्रीय राजनीति भावनाओं से नहीं बल्कि हितों, संतुलन और शक्ति-संरचनाओं से संचालित होती है। ट्रंप का राजनीतिक व्यक्तित्व और उनकी "अमेरिका फर्स्ट" नीति विश्व व्यवस्था में एक प्रकार का व्यवधान रही है जिसने मित्रों को असहज और विरोधियों को मुखर किया, चीन के संदर्भ में देखें तो वह लंबे समय से अमेरिकी वर्चस्व को चुनौती देता आया है और ट्रंप के कार्यकाल में व्यापार युद्ध, तकनीकी प्रतिबंध, ताइवान और दक्षिण चीन सागर जैसे मुद्दों ने इस टकराव को और गहरा किया, चीन का विरोध वैचारिक कम और रणनीतिक अधिक है क्योंकि वह किसी एक व्यक्ति या सरकार से नहीं बल्कि अमेरिकी प्रभुत्व की संरचना से टकरा रहा है, दूसरी ओर नाटो की स्थिति बिल्कुल भिन्न है क्योंकि नाटो स्वयं अमेरिका के सैन्य, आर्थिक और रणनीतिक नेतृत्व पर टिका हुआ संगठन है, ट्रंप ने नाटो देशों को कई बार कठघरे में खड़ा किया, रक्षा खर्च बढ़ाने की मांग की और यहां तक कहा कि अमेरिका मुफ्त में यूरोप की सुरक्षा नहीं करेगा, इससे यूरोपीय देशों में असंतोष अवश्य बढ़ा लेकिन यह असंतोष विद्रोह में नहीं बदल सका क्योंकि नाटो की आत्मा ही अमेरिका की सैन्य शक्ति है और रूस जैसे कारकों के रहते नाटो अमेरिका से अलग खड़ा होने का जोखिम नहीं उठा सकता, अब यदि लैटिन अमेरिका की ओर देखें तो वहां अमेरिका के प्रति दृष्टिकोण ऐतिहासिक रूप से संशयपूर्ण रहा है, शीत युद्ध के दौर से लेकर आज तक अमेरिकी हस्तक्षेप, तख्तापलट और आर्थिक दबावों की स्मृति अभी भी जीवित है, क्यूबा, वेनेजुएला और निकारागुआ जैसे देश खुलकर अमेरिका विरोधी रुख अपनाते हैं जबकि ब्राजील, मैक्सिको और अर्जेंटीना जैसे देश यथार्थवादी संतुलन की नीति पर चलते हैं, चीन ने इस क्षेत्र में निवेश, ऋण और अवसंरचना के माध्यम से अपनी पैठ बढ़ाई है जिससे अमेरिका की चिंता स्वाभाविक है लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि पूरा लैटिन अमेरिका एक स्वर में अमेरिका या ट्रंप के खिलाफ खड़ा हो जाएगा, इसी व्यापक परिदृश्य में भारत की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि भारत न तो चीन की तरह खुला टकराव चाहता है और न ही नाटो की तरह किसी एक शक्ति पर निर्भर रहना, भारत की विदेश नीति रणनीतिक स्वायत्तता पर आधारित है जहां वह अमेरिका के साथ भी साझेदारी करता है, रूस के साथ भी ऐतिहासिक संबंध निभाता है और पश्चिम एशिया के देशों के साथ भी संतुलित रिश्ते बनाए रखता है, ट्रंप के कार्यकाल में भारत-अमेरिका संबंधों में रक्षा, तकनीक और रणनीतिक सहयोग बढ़ा लेकिन व्यापार और वीजा जैसे मुद्दों पर मतभेद भी सामने आए, भारत ने स्पष्ट किया कि वह किसी भी वैश्विक गुटबंदी का हिस्सा बनकर किसी तीसरे देश के खिलाफ खड़ा नहीं होगा, रूस की स्थिति इससे अलग लेकिन उतनी ही निर्णायक है, रूस स्वयं अमेरिका और नाटो के विस्तार को अपनी सुरक्षा के लिए खतरा मानता है और यूक्रेन युद्ध के बाद उसका पश्चिम से टकराव खुलकर सामने आ चुका है, ट्रंप के प्रति रूस का रुख विरोधाभासी रहा है, एक ओर ट्रंप की नाटो विरोधी बयानबाजी रूस को अनुकूल लगती रही, दूसरी ओर अमेरिकी संस्थागत नीति रूस के प्रति कठोर बनी रही, रूस चीन के साथ सामरिक समीकरण तो बनाता है लेकिन वह भी चीन का जूनियर पार्टनर बनना नहीं चाहता, इसलिए वह बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की बात करता है जहां अमेरिका का एकाधिकार टूटे लेकिन कोई नया वर्चस्व न बने, पश्चिम एशिया के देशों की प्रतिक्रिया और भी व्यावहारिक है क्योंकि यह क्षेत्र ऊर्जा, सुरक्षा और भू-राजनीति का केंद्र है, सऊदी अरब, यूएई और खाड़ी देश अमेरिका के लंबे समय से रणनीतिक साझेदार रहे हैं लेकिन ट्रंप की अनिश्चित नीतियों, ईरान समझौते से बाहर निकलने और क्षेत्रीय अस्थिरता ने इन्हें वैकल्पिक संबंध तलाशने को प्रेरित किया, इसी कारण इन देशों ने चीन और रूस के साथ भी अपने रिश्ते मजबूत किए जबकि ईरान खुलकर अमेरिका विरोधी धुरी का हिस्सा बना रहा, इजराइल की स्थिति अलग है जो अमेरिका का सबसे करीबी सहयोगी है और ट्रंप के कार्यकाल में उसे खुला समर्थन मिला, पश्चिम एशिया के अधिकांश देश किसी वैचारिक मोचेबंदी के बजाय अपने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देते हैं, वे न तो अमेरिका से पूर्ण दूरी बनाना चाहते हैं और न ही चीन या रूस के खेमे में पूरी तरह जाना चाहते हैं, इन सभी प्रतिक्रियाओं को जोड़कर देखें तो स्पष्ट होता है कि वैश्विक राजनीति किसी एक बड़े गठबंधन के निर्माण की ओर नहीं बल्कि जटिल संतुलनों की ओर बढ़ रही है, चीन, नाटो, लैटिन अमेरिका, भारत, रूस और पश्चिम एशिया सभी अपने-अपने संदर्भ में अमेरिका और ट्रंप की नीतियों से असहज रहे हैं लेकिन उनकी असहजता की दिशा और गहराई अलग-अलग है, ट्रंप जैसे नेता इस असहजता को और उजागर करते हैं क्योंकि वे कूटनीति की पारंपरिक भाषा से हटकर सीधी और कई बार टकरावपूर्ण शैली अपनाते हैं, इससे विरोध के स्वर तेज होते हैं लेकिन साझा मंच नहीं बनता, आज की दुनिया न तो शीत युद्ध जैसी स्पष्ट ध्रुवीयता में है और न ही किसी एक शक्ति के इर्द-गिर्द घूम रही है, यह एक संक्रमणकाल है जहां हर देश अपने लिए अधिकतम लाभ और न्यूनतम जोखिम की नीति अपना रहा है, इसलिए यह कहना अधिक यथार्थपरक होगा कि अमेरिका और ट्रंप का विरोध होगा लेकिन वह अलग-अलग रास्तों से होगा, अलग-अलग कारणों से होगा और अलग-अलग सीमाओं के भीतर होगा, संयुक्त मोर्चे की कल्पना राजनीतिक भाषणों में आकर्षक लग सकती है लेकिन व्यवहार में दुनिया बहुध्रुवीय संतुलन की कठिन लेकिन अपरिहार्य राह पर आगे बढ़ रही है ।

संजीव ठाकुर, वरिष्ठ पत्रकार, चिंतक, लेखक, स्तंभकार, रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415,

गीत-2
आम सी लड़की थी

जब गरजे तब बरसे नही, उस
शाम सी लड़की थी !
जब गरजे तब बरसे नही, उस
शाम सी लड़की थी !
उहापोह के निकले हुए, परिणाम
सी लड़की थी !
गीत मैं जिसके गाता हूँ, एक
आम सी लड़की थी !

परी न चंदा, मृगनयनी ना रूप
की राजकुमारी सी !

कलकल नदिया, ना ही अप्सरा,
ना सुंदर फुलवारी सी !

कलाकार की कल्पित रचना,
मैना ना अमराई की झ

,मस्त ठुमकते सावन जैसी, ना
चंचल पुरवाई सी !

लीपे आँगन पर मांडे, चित्राम
सी लड़की थी !

गीत मैं जिसके गाता हूँ, एक
आम सी लड़की थी !

दो के पहाड़े जैसी सीधी, एक
से दस तक गिनती सी !

पहली कक्षा के बच्चे की विद्या

माँ से विनती सी !

चूल्हा चौकी ,झाड़ू बर्तन,
बचपन से ही बोझ लिए झ

चित्रकथा की पुस्तक थी वो, माँ
के हाथों ,छिनती सी !

आधे वाक्य के आगे, पूर्णविराम
सी लड़की थी !

गीत मैं जिसके गाता हूँ, एक
आम सी लड़की थी !

मोहल्ले की हलचल पर वो,
करती नही थी परिचर्चा !

मोर सा नर्त्तन, भँवरे गुनगुन
,तितली सी ना दिनचर्या !

रजनीगंधा, जूही, केतकी,
अनुकम्पा, ना जिज्ञासा

श्वेता, मुक्ता, युक्ता ना ही क्षमा
,विभा या ऐश्वर्या !

सीता, गीता, मीरा जैसे नाम सी
लड़की थी !

गीत मैं जिसके गाता हूँ, एक
आम सी लड़की थी !

गन्धों का ना, मादकता का
उत्तेजक अहसास जगे !

भावभंगिमा नही के ऐसी, कंठ
सुखाती प्यास जगे !

ताजमहल पर, रुके चांद का
चित्र न दीखा उसमें तो

मैं क्या बोलूँ, देख के उस को,
मुझ में क्या अहसास जगे !

तेज बुखार के, बाद हुए,
आराम सी लड़की थी !

गीता मैं जिसके, गाता हूँ, एक
आम सी लड़की थी !

बीमारियाँ और आबादियाँ...!

ना मैं हार रहा और न
बीमारियाँ,

ये जिन्दगी की हैं
कारगुजारियाँ।

आएं चाहे जितनी भी
दुशवारियां,

मैं हूँ कमजोर करूँगा
मजदूरियाँ।

अपनों की उठानी हैं
जिम्मेदारियां,

फिर चाहे "बिक" जाए
सभी कुछ,

मैंने कमाया हैं अब
तक जो कुछ।

चाहे तो हो ही जाए ये
बरबादियाँ,

मैं अब ये भी सोचता
हूँ कैसे होगा,

कब हो पाऊँगा खड़ा
प्रश्न हैं बड़ा।

समय विकट है
"तनहा" मैं हूँ खड़ा,

मुझे उम्मीद है "रब ने
सोचा" होगा!

वहीं तो लौटाएगा मेरी
आबादियाँ।

संजय एम तराणेकर

(कवि, लेखक व समीक्षक)

इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश)

मो. 98260 25986

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026: फार्म-6 के साथ घोषणा पत्र अनिवार्य, आयु व निवास प्रमाणों के लिए जारी किए दिशा-निर्देश

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 21 जनवरी 2025: मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश नवदीप रिणवा के निर्देशानुसार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौतमबुद्धनगर अतुल कुमार ने नागरिकों को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि फार्म-6 के साथ घोषणा पत्र अनिवार्य रूप से भरा जाएगा। फार्म-6 में आवेदक का नाम, सही पता, नवीनतम फोटो और वर्तमान मोबाइल नंबर दर्ज करना आवश्यक है।

आयु प्रमाण के लिए निम्न में से कोई एक अभिलेख दिया जा सकता है: जन्म प्रमाण पत्र (सक्षम प्राधिकारी द्वारा) आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट प्रमाण पत्र भारतीय पासपोर्ट या अन्य वैध दस्तावेज

यदि अभिलेख उपलब्ध नहीं है, तो 18-21 वर्ष आयु वर्ग के आवेदक माता/पिता या गुरु के हस्ताक्षर से शपथ पत्र के साथ बूथ अधिकारी के समक्ष उपस्थित होंगे। 21 वर्ष से अधिक आयु के आवेदक स्वयं घोषणा पत्र प्रस्तुत करेंगे।

निवास प्रमाण हेतु मान्य अभिलेख: पानी, बिजली या गैस कनेक्शन बिल (कम से कम 1 वर्ष) आधार कार्ड, पासबुक, पासपोर्ट राजस्व विभाग का भूमि स्वामित्व अभिलेख, रजिस्ट्रीकृत किराया/विक्रय विलेख

विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण में फार्म-6 के साथ घोषणा पत्र अनिवार्य है। इसमें आवेदक को वर्ष 2003 की अंतिम मतदाता सूची से स्वयं या माता/पिता/दादा-दादी/नाना-नानी का विवरण भरना होगा। यदि डेटा मेल नहीं खाता, तो नोटिस जारी किया जाएगा और जन्म तिथि/जन्म स्थान के प्रमाण प्रस्तुत करने होंगे।

यदि आवेदक का जन्म भारत के बाहर हुआ है, तो भारतीय मिशन द्वारा जारी जन्म पंजीकरण प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।

नागरिक voters.eci.gov.in पोर्टल से ऑनलाइन फार्म-6 भर सकते हैं। ऑफलाइन आवेदन के लिए फार्म-6, घोषणा पत्र और आवश्यक अभिलेख बीएलओ/ सहायक/ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को सौंपे जा सकते हैं। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

हाइलाइट

फार्म-6 के साथ घोषणा पत्र भरना अनिवार्य
आयु और निवास प्रमाण हेतु सटीक दिशा-निर्देश जारी
जन्मतिथि और स्थान के लिए मान्य अभिलेखों की सूची
विदेश में जन्म के लिए मिशन द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनिवार्य
ऑनलाइन और ऑफलाइन आवेदन के स्पष्ट प्रावधान

किसान दिवस

मुख्य विकास अधिकारी डॉक्टर शिवाकांत द्विवेदी की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 21 जनवरी 2026: जनपद के कृषकों की कृषि से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को किसान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में आज विकास भवन के सभागार में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम में प्रतिशील कृषक अपनी समस्याएँ लेकर उपस्थित हुए। कृषि विभाग के अधिकारियों ने फार्मर रजिस्ट्री और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत किस्त हस्तांतरण में आ रही समस्याओं के समाधान संबंधी जानकारी साझा की। किसानों को यह बताया गया कि यदि सेल्फ रजिस्ट्रेशन के दौरान कृषि भूमि का विवरण सही न हो, तो जन सुविधा केंद्र के माध्यम से भूमि का विवरण अपडेट किया जा सकता है।

कार्यक्रम में यह भी जोर दिया गया कि किसान द्वारा प्रयोग की जाने वाली खाद की मात्रा उपलब्ध कराए गए सॉइल हेल्थ कार्ड के निष्कर्षों के आधार पर ही निर्धारित हो।

कृषकों की सहायता हेतु आयोजित इस कार्यक्रम में कृषि क्षेत्र से जुड़े सिंचाई, ऊर्जा, कृषि उत्पादन, उद्यान, मत्स्य, दुग्ध उत्पादन और पशुपालन विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

उप निदेशक कृषि राजीव कुमार ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान किसानों की फार्मर रजिस्ट्री और पीएम किसान सम्मान निधि से संबंधित समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया। अंत में उप कृषि निदेशक ने उपस्थित सभी कृषकों और अधिकारियों का धन्यवाद करते हुए कार्यक्रम समापन की घोषणा की। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

थाना जारचा पुलिस ने शांति भंग की आशंका में तीन आरोपितों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की

समाज जागरण

संदीप गर्ग / नोएडा: थाना जारचा पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए तीन आरोपितों के खिलाफ निरोधात्मक कदम उठाया है। थाना जारचा क्षेत्र में शांति भंग करने एवं कानून-व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका पाए जाने पर कार्रवाई करते हुए निम्नलिखित आरोपितों को चिन्हित किया गया–

अमित, पुत्र रमेश, निवासी ग्राम बिसाहड़ा, उम्र लगभग 36 वर्ष
आकाश, पुत्र अवधेश, निवासी ग्राम बिसाहड़ा, उम्र लगभग 32 वर्ष
अरमान, पुत्र साकिर, निवासी ग्राम कलौंदा, उम्र लगभग 20 वर्ष

इन तीनों आरोपितों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 126, 135 एवं 170 के तहत कानूनी कार्रवाई की गई। पुलिस ने समय रहते यह कार्रवाई कर क्षेत्र में शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखी। थाना जारचा पुलिस ने आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

भाजपा नेता शिव बाबू पाठक ने नितिन नबीन को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष पद संभालने पर बधाई दी

समाज जागरण

लोनी, 21 जनवरी: नितिन नसीब ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद संभाला लिया। वह इस पद को संभालने वाले सबसे कम उम्र के नेता बन गए। भाजपा नेता शिव बाबू पाठक ने कहा कि वे राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए उनमें एक नई ऊर्जा का संचार करेंगे। मैं उन्हें दिल की गहराइयों से बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

शिव बाबू पाठक ने कहा भाजपा नेता नितिन नबीन द्वारा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार संभालते हुए यह कहना कि वे केवल एक पद नहीं संभाल रहे हैं, बल्कि पार्टी की विचारधारा, परंपराओं और राष्ट्रवादी आंदोलन की जिम्मेदारी ग्रहण कर रहे हैं. यह उनकी कार्य कौशलता की ही एक झलक है।

पाठक ने नितिन नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर उन्हें पुनः शुभकामनाएं देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी जमकर प्रशंसा की। उन्होंने पीएम द्वारा यह कहना कि नए राष्ट्रीय अध्यक्ष पार्टी में नितिन नबीन उनके बॉस हैं और वह खुद एक कार्यकर्ता हैं. यह उनके कुशल नेतृत्व एवं पार्टी के प्रति समर्पण भाव को दर्शाता है. जो हर कार्यकर्ता के लिए एक सिख है।

डॉ.संदीप त्यागी के जन्म दिवस पर किया निशुल्क स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन

समाज जागरण

लोनी, 21 जनवरी: गजप्रस्थ के घूकना स्थित राज पब्लिक स्कूल में बुधवार को गजप्रस्थ दिवस के खास अवसर पर राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। इस मौके पर अनेक जरूरतमंद लोगों ने शिविर का लाभ उठाया।

बताते कि राज पब्लिक स्कूल सहित देश विदेश में सक्रिय अनेक संस्थाओ से जुडे एडवोकेट संदीप त्यागी के जन्म दिवस को राष्ट्रीय व्यापार मंडल द्वारा उक्त निशुल्क मैडिकल चैकअप कैम्प आयोजन करते हुए गजप्रस्थ दिवस के रूप में मनाया गया।

दरअसल गाजियाबाद का पुराना नाम वर्ष 1740 ईस्वी तक गजप्रस्थ प्रचलन मे रहा जिसे कालांतर मे गाजिउद्दीन नगर व गाजियाबाद किया गया। इसी के चलते विभिन्न सामाजिक संगठनो ने संदीप त्यागी रसम का जन्मदिन गजप्रस्थ दिवस के रूप मे मनाया। सैकड़ो की संख्या मे उपस्थित गणमान्य नागरिकों ने संदीप त्यागी रसम को माला व पटका पहनाकर उन्हें बधाई दी।

कैंप का उद्घाटन राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता द्वारा किया गया, जिसमें हृदय रोग, फिजिशियन, दंत रोग व आहार रोग के विशेषज्ञ डॉक्टर द्वारा जरूरतमंद नागरिकों को परामर्श दिए गए। कैंप में बीपी, रेंडम ब्लड शुगर, ईसीजी, वजन, पीएफटी व आंखों की जांच निशुल्क की गई। इस दौरान लगभग 50 हृदय रोगी, 40 दंत रोगी व 75 आहार रोगियों ने कैम्प मे परामर्श का लाभ उठाया। निःशुल्क जांच में लगभग 250 रोगियो ने बीपी, ब्लड शुगर, ईसीजी,पीएफटी व आंखो की जांच कराई।

इस अवसर पर संदीप त्यागी रसम के राष्ट्र हित के कार्यों में शामिल-सरकारी प्रतिबंध के बावजूद कश्मीर स्थित श्रीनगर लालचौक पर तिरंगा फहराना, 1857 की क्राति के युद्ध स्थल पर बने मैट्रो स्टेशन का नाम शहीद स्थल कराना, गा.बाद नाम परिवर्तन संबंधित प्रस्ताव पारित कराने की सफलता, चुनाव सुधार अभियान चलाकर एक राष्ट्र एक साथ त्रिस्तरीय चुनाव एक राष्ट्र एक मतदाता सूची जैसे अनगिनत राष्ट्र समाज संस्कृति हित के कार्यो के लिए सभी ने मिलकर उन्हें बधाई दी।

कैम्प में मेट्रो हॉस्पिटल एवं हृदय संस्थान से डॉ मुमुक्षु आर्य, डॉ.धीरज सिंह, डॉ. लाईबा प्रसनजीत, डा. फैजल करीम, डाइटिशियन सोनाली शर्मा, त्रिलोक, पूनम व रवि आदि उपस्थित रहे। जबकि सेंटर फॉर साइट से डॉक्टर शिवकुमार प्रिंस, शशांक, विनीत व निखिल कुमार आदि मौजूद रहे। जहां मुख्य रूप से बालकिशन गुप्ता, संजय शर्मा, डा.ओपी अग्रवाल, राकेश गुप्ता, मीरा गुप्ता, अंजना कुमार, सुषमा आहूजा, जे एस रंधावा, सिमरन रंधावा, बीकेएस पाल, राजकुमारी त्यागी, ऋषिक त्यागी, रेनू त्यागी, सीमा झा, सिमरन, विश्वेश्वर सिंह, प्रीति कुमारी, योगिता सिंह, मनोज कुमार, करमवीर धीगान व वीरेन्द्र आदि भी उक्त आयोजन के साक्षी बने।

लोनी विधायक ने क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं को लेकर नगर विकास मंत्री से करी चर्चा, मिला आश्वासन

समाज जागरण

लोनी, 21 जनवरी: लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने लखनऊ में नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान विधायक ने उनके साथ लोनी नगरपालिका क्षेत्र की सघन आबादी को ध्यान में रखते हुए मूलभूत सुविधाओं को लेकर चर्चा की।

इस दौरान दोनों नेताओं के बीच गलियों व नालियों के निर्माण, पार्कों के सौंदर्यीकरण व मोक्षस्थल निर्माण हेतु अतिरिक्त बजट के अलावा डूडा के अंतर्गत प्रस्तावित 100 से अधिक गलियों के निर्माण तथा ऊर्जा क्षेत्र में रिवैंप योजना के तहत वर्षों से अनेलेक्ट्रिफाइड कॉलोनियों में संपूर्ण विद्युतीकरण, 33 केवी लाइनों के पृथकीकरण सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत वार्तालाप हुआ।

उन्होंने बताया कि मंत्री जी ने उनका अनुरोध स्वीकार करते हुए संदर्भ में शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया हैं। विधायक ने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि इन प्रयासों से लोनी के सर्वांगीण विकास को नई गति व नई दिशा मिलेगी जिससे क्षेत्रवासियों को बेहतर बुनियादी सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

हत्या के मामले में गवाह भाई को मिली जान से मारने की धमकी

लोनी, 21 जनवरी: ट्रॉनिका सिटी थाना क्षेत्र के गांव नौरसपुर में रहने वाले राजेश्वर त्यागी ने अपने भाई की हत्या में शामिल जमानत पर रिहा विपक्षीगण पर गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाने पर लिखित शिकायती पत्र दिया है।

उल्लेखनीय है कि विगत दिनों गांव नौरसपुर में रहने वाले बृजेश्वर त्यागी की हत्या कर दी गई थी। उस हत्याकांड में पुलिस ने धर्मेंद्र उर्फ हिमांशु व दीपक उर्फ वीरेंद्र आदि को जेल भेजा था। अपने भाई की हत्या में राजेश्वर त्यागी गवाह है। बता दे की इस हत्या के मामले में दोनों अभियुक्त को अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी. मगर धर्मेंद्र उर्फ हिमांशु जमानत पर बाहर है। राजेश्वर त्यागी ने स्थानीय थाने पर तहरीर देते हुए बताया है कि जब वह खेत पर जा रहा था इसी दौरान नरेंद्र उर्फ दीपांशु व धर्मेंद्र उर्फ हिमांशु ने उसे रोककर पहले उसके साथ गाली गलौज की और फिर उसे जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस द्वारा तहरीर के आधार पर अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

थाना सैक्टर 39 नोएडा पुलिस ने अवैध गांजे के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

समाज जागरण

संदीप गर्ग / नोएडा: थाना सैक्टर 39 नोएडा पुलिस ने अवैध गांजे की बिक्री करने वाले आरोपी श्याम, पुत्र मुकेश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने श्याम को स्टेलर ग्रीन पार्क के पीछे वाले रोड से हिरासत में लिया। आरोपी के कब्जे से कुल 1 किलो 555 ग्राम गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्त श्याम, मूल निवासी मारेरा, थाना ककौड़, जिला बुलंदशहर, वर्तमान में अंकुर पंडित के मकान, गली नं. 5, गांव सदरपुर, सैक्टर 45, थाना सैक्टर 39 नोएडा में रह रहा था। आरोपी की उम्र लगभग 23 वर्ष बताई जा रही है।

पुलिस के अनुसार, आरोपी का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड भी मौजूद है और विभिन्न थाना क्षेत्रों में उसके खिलाफ मुकदमें पंजीकृत हैं। पुलिस ने एनडीपीएस अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है।

थाना सैक्टर 39 पुलिस आम नागरिकों की सुरक्षा एवं क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतत कार्रवाई कर रही है।

देव मणि शुक्ल को भारतीय पत्रकार महासंघ में मेरठ मंडल का अध्यक्ष मनोनीत किया गया

समाज जागरण

संदीप गर्ग / नोएडा: नोएडा भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ ने वर्ष-2026 के लिए अपनी नई कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए पत्रकारिता जगत के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इस क्रम में वरिष्ठ पत्रकार देव मणि शुक्ल को मेरठ मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है उनकी नियुक्ति पर देशभर के पत्रकार संगठनों, बुद्धिजीवियों एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएँ दी हैं।

वरिष्ठ पत्रकार देव मणि शुक्ल ने इस अवसर पर महासंघ के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे इस दायित्व को पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ निभाएँगे तथा पत्रकारों के हितों के संरक्षण और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने हेतु निरंतर प्रयासरत रहेंगे। यह नियुक्ति निश्चित ही भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के लिए एक सकारात्मक और दूर-दर्शी कदम मानी जा रही है।

थाना साइबर क्राइम नोएडा पुलिस ने 2 शातिर साइबर अपराधियों को गिरफ्तार

समाज जागरण

संदीप गर्ग / नोएडा: थाना साइबर क्राइम नोएडा पुलिस ने संकलित सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। ये अपराधी पेटीएम पेमेंट बैंक के खातों में फ्रीज/लीन की गई धनराशि को बिना अनुमति डीफ्रीज कराकर 29,97,059 रुपये धोखाधड़ी पूर्वक रिलीज करवा रहे थे।

गिरफ्तार अभियुक्त हैं–
राजेश कुमार मीणा, निवासी सवाईमाधोपुर, राजस्थान
सचिन, निवासी सीतापुर, उत्तर प्रदेश, वर्तमान में गौर सिटी, नोएडा

मुकदमा दिनांक 30/08/2024 को वादी द्वारा थाना स्थानीय में दर्ज कराया गया था। जांच में सामने आया कि पेटीएम पेमेंट बैंक के कर्मचारियों द्वारा विभिन्न शिकायतों में फ्रीज पड़ी राशि को बिना किसी लॉ इन्फोर्समेंट एजेंसी या माननीय न्यायालय की अनुमति के डीफ्रीज किया गया और राशि रिलीज कर दी गई। दोनों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा संख्या 88/2024, धारा 316(5) BNSS एवं 66, 66C आईटी एक्ट के तहत कार्यवाही की जा रही है। थाना साइबर क्राइम नोएडा पुलिस अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई जारी रखे हुए है।

ग्रामों में बिजली सप्लाई शुरू, जनपद गौतम बुद्ध नगर और दादरी के सांसदों का योगदान

समाज जागरण

संदीप गर्ग / नोएडा: जनपद गौतम बुद्ध नगर और दादरी के सांसदों तथा स्थानीय अधिकारियों के सहयोग से कई ग्रामों में बिजली सप्लाई शुरू कर दी गई है।

ग्राम दुरियाई कचेडा में नया बिजली घर स्थापित किया गया है, जिससे दुरियाई कचेडा, गिरधरपुर, हाथीपुर, खेड़ा, बिसनूली और आसपास के अन्य गांवों को बिजली सप्लाई प्रदान की जाएगी। इस परियोजना को पास कराने में सांसद डॉ. महेश शर्मा, विधायक तेजपाल सिंह, नगर चेयरमैन संजय शर्मा, सहकारी संघ छपरौला के अध्यक्ष, मुख्य अभियंता गौतम बुद्ध नगर संजय जैन और बिजली विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के अथक प्रयास शामिल रहे। बिजली घर 21 जनवरी, बुधवार से चालू हो गया है। इससे लगभग 6 से 8 गांवों को नियमित बिजली मिलेगी और लंबे समय से चली आ रही बिजली की समस्या समाप्त होगी। इस परियोजना की कुल लागत लगभग 35 करोड़ रुपये (जमीन सहित) है।

नोएडा में Crash Free इंडिया NGO के साथ सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

समाज जागरण

संदीप गर्ग / नोएडा: राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह, जनवरी 2026 के अंतर्गत Crash Free इंडिया NGO और नोएडा ट्रैफिक पुलिस ने शहर में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया।

इस अभियान के तहत सेक्टर 15, सेक्टर 16, सेक्टर 18 मार्केट और बोटैनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर नागरिकों को सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूक किया।

अभियान में नागरिकों और वाहन चालकों को यातायात नियमों, हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग, तथा भारत सरकार की 'राहवीर योजना' के बारे में जानकारी दी गई। इस योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की जान बचाने वाले व्यक्तियों को २५,००० रुपए तक इनाम और अस्पताल में भर्ती होने पर १.५ लाख रुपए या सात दिन तक मुफ्त इलाज की सुविधा प्रदान की जाती है।

साथ ही, उपस्थित लोगों को यातायात नियमों की पंपलेट वितरित कर उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में नोएडा ट्रैफिक पुलिस सड़क सुरक्षा सेल प्रभारी श्री कपिल धामा, टीएसआई श्री मनोज और टीएसआई श्री राजेंद्र कुमार, तथा Crash Free इंडिया NGO से श्री युवराज, सान्या, कनक और समीक्षा उपस्थित रहे।

थाना फेस-2 व सीआरटी स्वाट-02 टीम ने फाइनेंस फ्रॉड करने वाले 3 शातिर आरोपित गिरफ्तार

संदीप गर्ग / नोएडा: थाना फेस-2 पुलिस और सीआरटी स्वाट-02 टीम के संयुक्त प्रयास से फाइनेंस के नाम पर फर्जी दस्तावेजों का उपयोग कर धोखाधड़ी करने वाले तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपित हैं– अमित, पुत्र श्याम, पुत्र सुदेश कुमार, निवासी बी-5/7 द्वितीय तल, मॉडल टाउन, दिल्ली, उम्र लगभग 44 वर्ष, अनुराग उर्फ अमित, पुत्र धर्मवीर सिंह, निवासी बॉकनेर, थाना खैर, जिला अलीगढ़, उम्र लगभग 27 वर्ष, नवीन भावरी, पुत्र गोवर्धन भावरी, निवासी आशापुरीय मंदिर के पास, थाना सदर, जिला पठानकोट, पंजाब, उम्र लगभग 48 वर्ष

जांच में सामने आया कि ये सभी आरोपित आधार कार्ड, पैन कार्ड और वोटर आईडी कार्ड के माध्यम से फर्जी दस्तावेज बनाकर गाड़ियां फाइनेंस कराते थे। इसके बाद वे खरीदी गई गाड़ियों के बैंक लोन का भुगतान किए बिना अलग-अलग राज्यों (पंजाब, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान) में गाड़ियां बेच देते थे।

वे ग्राहकों को आश्वासन देते थे कि वाहन की एनओसी दो-तीन माह में उपलब्ध कराई जाएगी, लेकिन लोन की किश्त न जमा होने पर बैंक द्वारा दिए गए पते पर संपर्क करने पर पता फर्जी पाया जाता था। इसके अलावा, इन आरोपितों द्वारा पहले से हाइपोथिकेशन अंकित गाड़ियों पर पुनः बैंक से लोन कराए जाने का मामला भी सामने आया। पुलिस ने आरोपितों से 1 थार, 1 ग्रैंड विटारा, 1 किया सेल्टॉस, 1 महिंद्रा स्कॉर्पियो, 1 अर्बन क्रूजर और 28 कार्ड (आधार कार्ड, पैन कार्ड, आरसी व डीएल) अपने कब्जे में ले लिए हैं। आरोपितों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार, तीनों आरोपित बहुत ही शातिर किस्म के अपराधी हैं और उनका पुराना आपराधिक इतिहास भी मौजूद है।

थाना मुंडाली क्षेत्र में एक ही रात में दो स्थानों पर चोरी, चोरों का बढ़ता आतंक

धर्मेंद्र कुमार / मेरठ (दैनिक समाज जागरण): थाना मुंडाली क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद होते नजर आ रहे हैं। बीती रात एक ही रात में दो स्थानों पर चोरी की घटनाओं से क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है। गांव में मुंडाली में चोरों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार जहांगीर पुत्र खुर्शीद के घर में देर रात करीब 3 बजे दीवार कूदकर कई अज्ञात बदमाश घर में घुस आए। बदमाशों ने हथियारों के बल पर पूरे परिवार को डराते हुए लूटपाट की। पीड़ित परिवार के अनुसार बदमाश हजारों रुपये की नकदी, लाख रुपये नकद तथा कई लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात लूटकर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी, क्षेत्राधिकारी और पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का निरीक्षण किया। पुलिस अधिकारियों ने पीड़ित परिवार को शीघ्र घटना के खुलासे का आश्वासन दिया है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में भय व्याप्त है और उन्होंने क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है।

नंगला एवं नंगली शाखपुर सेक्टर 133 नोएडा की समस्याओं को दिखाने हेतु नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों का दौरा

समाज जागरण

संदीप गर्ग / नोएडा: गांव नंगली नंगला एवं नंगली शाखपुर सेक्टर 133 की समस्याओं को दिखाने के लिए नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों को गांव का दौरा करने के लिए बुलाया गया।

भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अशोक चौहान ने नोएडा प्राधिकरण के जल एवं सीवर विभाग के एपी पवन बेनीवाल व राजकुमार एवं जेई दयानंद उपाध्याय को गांव नंगली वाजिदपुर, नांगली नगला व नंगली शाखपुर का दौरा कराया और दिखाया कि गांव नंगली नगला एवं नांगली शाहपुर के पास में कई हजार मीटर भूमि पर नालियों का गंदा पानी भरा हुआ है जिसकी निकासी की व्यवस्था के अधिकारियों के द्वारा नहीं की गई है यह समस्या वर्ष 2019 से बनी हुई है बार-बार अधिकारियों से इस समस्या के समाधान के लिए नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों को अवगत कराया गया मौके का दौरा भी कराया गया लेकिन आज तक हजारों मीटर जमीन में भरे हुए नालियों के पानी की निकासी के लिए कोई भी व्यवस्था नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों के द्वारा नहीं की गई है पूर्व में भी नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी लोकेश एम ने भी दौरा किया था लेकिन उसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ क्या नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी इंतजार कर रहे हैं कि जिस तरीके से दुखद घटना सेक्टर 150 में नालियों के गंदे पानी में डूब कर एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई क्या यहां पर भी किसी बड़ी घटना के घाट जाने के बाद ही नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों की नींद खुलेगी. नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी अति शीघ्र गांव नंगली नंगला एवं नंगली शाहपुर का दौरा कर तत्काल समस्याओं का समाधान करें. इस अवसर पर नरेंद्र चौहान, राजकुमार प्रधान, सत्येंद्र गुर्जर निवासी गण मौजूद रहे

थाना मुंडाली क्षेत्र के ग्राम नगलामल में बीती रात हुई दो भैंस चोरी

दैनिक समाज जागरण मेरठ: थाना मुंडाली क्षेत्र के ग्राम नगलामल में बीती रात हुई दो भैंस चोरी साबिर पुत्र फजर मोहम्मद ने बताया कि तकरीबन 2:30 बजे हमारी बाउंड्री की दीवार तोड़कर दो भैंस चोरी कर ले गए पीड़ित परिवार ने बताया कि जिनकी कीमत तकरीबन एक से सवा लाख रुपए तक बताई जा रही है जिनकी तहरीर थाना पुलिस को अज्ञात में सौंप दी गई है

उ.प्र. उद्योग व्यापार मंडल के चेयरमैन डॉ. पीयूष द्विवेदी की बहन का निधन

समाज जागरण

नोएडा! प्रसिद्ध समाजसेवी एवं उद्योगपति तथा उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल, गौतमबुद्ध नगर के हाल ही में नव-नियुक्ति चेयरमैन डॉ. पीयूष द्विवेदी की बहन निशा शुक्ला का कल आकस्मिक निधन हो गया। परिजनों के अनुसार स्वर्गीय निशा शुक्ला लंबे समय से कैंसर से पीड़ित थीं और कल हृदयाघात (हार्ट अटैक) के कारण उनका निधन हो गया। उनकी आयु मात्र 50 वर्ष थी। अपने पीछे वह परिवार में कनिष्ठ पुत्र आदि शुक्ला (22 वर्ष), ज्येष्ठ पुत्र निखिल शुक्ला (29 वर्ष) एवं पति निखिल शुक्ला को छोड़ गई हैं। उनके पति निखिल शुक्ला गेल इंडिया में डीजीएम पद पर कार्यरत हैं। स्वर्गीय निशा शुक्ला की अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान सेक्टर-46, सी-ब्लॉक, गेट नंबर-3, गार्डन गैलेरिया सोसाइटी से प्रातः 11 बजे निकली, जो सेक्टर-94 स्थित अंतिम निवास पहुंची। जहां करीब 1 बजे उनका अंतिम संस्कार किया गया।

बाल विवाह के खिलाफ आवाज उठाने वाली बेटी का सीओ दीपक तिवारी ने किया सम्मानित

जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन की सहयोगी प्रयत्न संस्था के प्रयासों से किशोरी ने रुकवाया था अपना बाल विवाह

समाज जागरण

बहजोई/संभल। बहजोई स्थित पुलिस लाइन सभागार में वुधवार को आयोजित बाल अपराध गोष्ठी के दौरान क्षेत्राधिकारी यातायात दीपक तिवारी ने उपासना को सम्मानित किया। उपासना ने अपने ही परिवार के दबाव के बावजूद बाल विवाह को ठुकरा दिया और इसे रोकने के लिए मजबूती से आवाज उठाई।प्रयत्न संस्था जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन की सहयोगी द्वारा चलाए जा रहे बाल विवाह विरोधी अभियान से प्रेरित होकर उपासना ने यह साहसिक कदम उठाया। संस्था के संभल प्रभारी गौरीशंकर चौधरी ने इस मामले को जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्रभूषण के समक्ष रखा और उपासना को समाज के सामने एक आदर्श के रूप में प्रस्तुत करने को कहा, उल्लेखनीय है कि उपासना के परिजनों ने उसके बाल विवाह न करने के फैसले पर फिलहाल उसके साथ संबंध तोड़ दिए हैं, लेकिन उपासना ने अपनी शिक्षा और स्वतंत्रता के लिए इस दबाव को झुकने नहीं दिया। यह देश में ऐसा पहला मामला बताया जा रहा है जहां बेटी की इतनी मजबूत इच्छाशक्ति के कारण परिवार ने संबंध तोड़े, फिर भी उसने बाल विवाह स्वीकार नहीं किया। क्षेत्राधिकारी दीपक तिवारी ने उपासना की इस बहादुरी की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी बेटियां समाज में परिवर्तन की मशाल हैं। प्रयत्न संस्था और प्रशासनिक अधिकारियों के प्रयासों से उपासना जैसी लड़कियां आगे आ रही हैं, जो बाल विवाह जैसी कुरीति को जड़ से खत्म करने में मदद करेंगी। और प्रयत्न संस्था द्वारा किशोरी को किताबें एवं स्कूल बैग भेंट किया। और दीपक तिवारी द्वारा मैडल पहनाया गया। यह घटना न केवल संभल बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणा स्रोत है, जहां बाल विवाह रोकने के अभियान तेजी से चल रहे हैं और युवा पीढ़ी खुद अपनी आवाज बुलंद कर रही है। उपासना की कहानी हर उस बेटी के लिए संदेश है जो अपने अधिकारों के लिए लड़ना चाहती है। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्रभूषण, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष गौरव गुप्ता, एएचटी प्रभारी मेघपाल, श्रम प्रवर्तन अधिकारी आजम खान, प्रयत्न संस्था के फील्ड कोर्डिनेटर सिराज अहमद एवं सभी थानो के बाल कल्याण अधिकारियों सहित सभी हित धारक मौजूद रहे।

उत्तर प्रदेश दिवस पर सम्भल में आज शाम 6 बजे ब्लैकआउट मॉक ड्रिल, प्रशासन ने सहयोग की अपील की

समाज जागरण /पंकज राघव

संभल।जनपद सम्भल में हवाई हमले से क्षेत्र के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान, आवास, सड़क तथा जनपदवासियों को सुरक्षित रखने हेतु उनके स्थानों की विद्युत (बिजली) बन्द रखना प्रकाश प्रतिबन्ध (ब्लैक आउट) कहलाता है। इस परिप्रेक्ष्य में उत्तर प्रदेश दिवस 2026 के अवसर पर आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्मदिवस के अवसर पर सायं 06:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार, बहजोई में ब्लैक आउट मॉक ड्रिल आयोजित की जायेगी, जिसमें बचाव सम्बन्धी आपात कालीन विधियों का अभ्यास / प्रदर्शन किया जायेगा।

अतः आस-पास के समस्त प्रतिष्ठान तथा कार्यालय एवं क्षेत्र की जनता से अपील है कि आज सायं 06:00 बजे अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों की लाईटों एवं इन्वर्टर को पूर्ण रूप से बन्द कर दें, जिससे बाहर प्रकाश दिखाई ना दें।

ब्लैक आउट में क्या करें क्या न करें। सभी लाईटों को बन्द कर दें। सायरन बजने पर शांतिपूर्वक अपने घरों / सुरक्षित स्थान पर रहें। कृपया बाहर कोई माचिस, लाईट व टॉर्च एवं मोबाईल का प्रयोग न करें। यदि कहीं पर कोई लाईट निकल रही हो तो वहाँ पर काला कागज चिपकायें। घर से कोई भी लाईट बाहर न निकलने पाये। ध्यान से चले, भागें नहीं एवं धूम्रपान न करें। यह केवल एक मॉक ड्रिल है जो कि जागरूकता फैलाने के लिए की जा रही है। कृपया सहयोग देते हुए भविष्य में हवाई हमले (युद्ध) जैसी विषम परिस्थितियों में होने वाले ब्लैक आउट के प्रति जागरूक रहें।अफवाहों से बचे और प्रशासन द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन करें। स्वंयसेवको व स्थानीय प्रशासन का सहयोग करें। मॉक ड्रिल को गम्भीरता से लें ताकि आपात स्थिति में जान माल की हानि को कम किया जा सके। घबरायें नहीं, बच्चों एवं पूरे परिवार को जागरूक करें तथा मोबाईल या रेडियो पर सरकारी एलर्ट सुनें।

चिन्हित शरण स्थल तक जल्दी से पहुँचने का रास्ता पहले से तय करें।जरूरी वस्तुएँ तैयार रखें, जैसे पीने का पानी, सूखा भोजन, बिस्किट आदि। प्राथमिक चिकित्सा किट, टार्च एवं एक्सट्रा सेल रखें। जरूरी दस्तावेज जैसे आईडी, मेडिकल रिपोर्ट आदि सुरक्षित रखें।

खिड़कियों पर मोटे पर्दे काले कागज लगायें तथा शीशे से दूर रहे, जमीन पर लेट जायें।

हवाई हमले के बाद बाहर तभी निकलें जब सरकारी निर्देश मिलें।

यदि रोड पर हों तो वाहन किनारे खड़ा कर वाहन की लाईट ऑफ कर दें।

घबरायें नहीं व समय-समय पर जिला प्रशासन द्वारा जारी निदेशों / ट्रैफिक नियमों और पुलिस के निदेशों का पालन करें।

यह अभ्यास आपकी सुरक्षा के लिए है। इसलिए इसे गम्भीरता से लें और सहयोग करें।

हवाई हमले का रेड सिग्नल 02 मिनट तक ऊँची-नीची आवाज में सायरन बजाया जाता है तथा खतरा टलने की सूचना 02 मिनट तक सायरन को एक ही आवाज मे बजाकर दी जाती है, ताकि बचाव एवं राहत की कार्यवाही तुरन्त की जा सके।

(नीतू रानी) प्रभारी उप नियंत्रक, नागरिक सुरक्षा, सम्भल।

(डॉ. राजेन्द्र पैंसिया) जिलाधिकारी/नियंत्रक सम्भल।

शिवसैनिकों ने उ.प्र. एवं उत्तराखण्ड के वन अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन

समाज जागरण
ब्यूरो शमीम सिद्दीकी

जनपद बिजनौर अफजलग शिव सेना जिलाध्यक्ष चौ.संजय राणा के नेतृत्व में शिव सैनिकों एवं क्षेत्रीय कृषकों ने जंगली जानवरों से फसल एवं जन जीवन की सुरक्षा हेतु उप वन क्षेत्राधिकारी कालागढ के माध्यम से प्रभागीय निदेशक , सामाजिक वानिकी प्रभाग उ.प्र. बिजनौर को सम्बोधित तथा वन क्षेत्राधिकारी नगीना रेंज के माध्यम से प्रमुख वन संरक्षक, वन्यजीव उत्तराखण्ड को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जंगली जानवरों द्वारा नष्ट की गई फसल का सर्वेक्षण कराकर मुआवजा दिलाने, प्रभावित क्षेत्रों में वाच टावर लगाने, वन सीमावर्ती क्षेत्र में मोशन सेंसर अलार्म एवं हाई मास्ट निगरानी लाइट्स लगवाने , जंगली जानवरों के हमले से जनहानि होने पर मृतक के आश्रितों को पचास लाख रुपए तथा घायल को उचित मुआवजा दिलाने , वन विभाग की रेसक्यू टीम को सक्रिय किये जाने तथा क्षेत्रीय जनता की सुरक्षा हेतु जन जागरण अभियान चलाये जाने की मांग की गई है । इस दौरान मण्डल प्रमुख एडवोकेट आर.के.आर्य, यूवा सेना जिला प्रमुख विकास त्यागी, मनवीर सिंह यादव, सरदार कुलदीप सिंह, बदन सिंह, सन्दीप धनकड , शिवसेना ग्राम पंचायत अध्यक्ष इस्लाम नगर परशुराम जी, आदर्श सिंह, विजय यादव, तेजपाल सिंह, तेजपाल राणा , हरपाल राणा, अनिल राठी , बंटी यादव , रोहित राणा , अनिल फोगाट , पंकज चौधरी , शैलेन्द्र कुमार , सिकंदर पाल सिंह , सरदार तेजपाल सिंह , बिट्टू , रूबी, विक्की, गीता, गामा ,रतनसिंह , इन्द्रजीत सिंह गुरुसेवक , पूर्व प्रधान विनोद काला अतरसिंह , क्षेत्रपाल सिंह, सोनू सिंह, महेंद्र सिंह सिरोही आदि सैकड़ो की तादाद में शिव सैनिक एवं कृषक मौजूद रहे।

साइबर ठगी से बचाव को लेकर बेलवाला चौकी प्रभारी धर्मेन्द्र खोखर का जागरूकता अभियान तेज

सोशल मीडिया पर भी एक्टिव हो गए चौकी प्रभारी धर्मेन्द्र खोखर

समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर शिवालाकला साइबर ठगी के शिकार हो रहे लोगो को ऐसी घटनाओं से बचाने के लिए जिले के पुलिस कप्तान अभिषेक झा बेहद गंभीर है, उन्होंने जिले के सभी थाने के साथ चौकी प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि साइबर ठगी से बचाओ को लेकर जागरूकता अभियान में तेजी लाई जाएं। इसी के अनुपालन में शिववालकला थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली बेलवाला चौकी प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार खोखर ने भी कमर कस ली है। धर्मेन्द्र कुमार खोखर ने संयुक्त रूप से बताया कि जनपद बिजनौर की आम जनता को साइबर अपराधों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से साइबर जागरूकता से संबंधित दो महत्वपूर्ण वीडियो तैयार कि गई हैं। इन वीडियो में आज-कल हो रहे विभिन्न प्रकार के साइबर फ्रॉड के तरीकों, से बचाव के उपाय तथा आवश्यक सावधानियों की सरल व उपयोगी जानकारी दी गई है। इन वीडियो को देखने व साझा करने से लोग ठगों के तरीकों को समय रहते समझ सकेंगे, जिससे आर्थिक एवं मानसिक नुकसान से बचाव संभव हो सकेगा। जनपद बिजनौर के सभी थाना क्षेत्रों के समस्त सोशल मीडिया ग्रुपों में इन वीडियो को अधिक से अधिक साझा किया जा रहा है, ताकि प्रत्येक नागरिक इन्हें देख सके और साइबर फ्राड के तरीको से जागरूक हो सके। उन्होंने लोगों से इन वीडियो को पूरा देखने, अपने परिवार, मित्रों व परिचितों के साथ अवश्य साझा करने और साइबर अपराध के विरुद्ध जागरूकता फैलाने में सहयोग करने की अपील की है।

बिजनौर मे GST टैक्स चोरी के बड़े रैकेट का भंडाफोड़, करोड़ों की राजस्व हानि का खुलासा

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी

जनपद बिजनौर शेरकोट थाना मे 6 मुकदमे दर्ज, फर्जी GST फर्मों के जरिए ।ITC घोटाले का नेटवर्क उजागर।

मजदूर व गरीब लोगों के दस्तावेज लेकर बनाई गईं बोगस फर्में, बिना व्यापार के दिखाया गया करोड़ों का लेन-देन

अब तक की जांच में करीब 2.24 करोड़ रुपये की सरकारी टैक्स चोरी सामने आई। क्राइम ब्रांच व शेरकोट पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में 4 मुख्य अभियुक्त गिरफ्तार।

गिरफ्तार आरोपियों में इंद्रजीत, जीशान, अजमल और वसीम शामिल, सभी उत्तराखंड निवासी।

फर्जी बिल, ई-वे बिल और डमी व्यक्तियों के दस्तावेजों से चलाया जा रहा था संगठित गिरोह।

अन्य अभियुक्तों की तलाश जारी, पुलिस और राज्य कर विभाग की जांच तेज।

संघर्ष से शिखर तक: संभल की अनुपमा ने रची नई इबारत, उद्यमी बन खड़ा किया 25 लाख का साम्राज्य

- गोबर से बदला भाग्य, 500 महिलाओं की 'मसीहा' बनीं अनुपमा
- संभल की 'लखपति दीदी' गणतंत्र दिवस पर साझा करेंगी कामयाबी का मंत्र
- 1 लाख के कर्ज से शुरू हुआ सफर अब दिल्ली के राष्ट्रीय मंच तक पहुँचा

समाज जागरण /सुनील राघव

बहजोई/संभल। सफलता कभी भी चांदी की तश्तरी में सजकर नहीं आती, उसे अपने पसीने और फौलादी इरादों से छीनना पड़ता है। संभल जिले के बनियाखेड़ा गांव की 48 वर्षीय अनुपमा सिंह की कहानी भी कुछ ऐसी ही है। एक समय था जब वह घर की तंगहाली दूर करने के लिए प्राइमरी स्कूल में शिक्षक की नौकरी करती थीं, लेकिन आज वह एक सफल उद्यमी हैं जिनका सालाना टर्नओवर 25 लाख तक पहुंच गया है।

आगामी 26 जनवरी (गणतंत्र दिवस) को जब अनुपमा दिल्ली के राष्ट्रीय मंच पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ खड़ी होंगी, तो वह सिर्फ उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व नहीं कर रही होंगी, बल्कि उन करोड़ों महिलाओं की आवाज होंगी जो विपरीत परिस्थितियों से लड़कर आगे बढ़ना चाहती हैं।

अपनों का विरोध और तानों की आग में कुंदन बनीं अनुपमा

अनुपमा का यह सफर फूलों की सेज नहीं था। जब एक साधारण गृहिणी ने घर की दहलीज लांघकर 'बिजनेस' की दुनिया में कदम रखा, तो गांव के कुछ असामाजिक तत्वों को यह रास नहीं आया। उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया, डराया गया और उनके काम में अड़ंगे डालने की हर मुमकिन कोशिश की गई। लेकिन अनुपमा ने हार मानने के बजाय इन चुनौतियों को ही अपनी ताकत बना लिया। जब विरोध बढ़ा, तो उनकी सत्यनिष्ठा और लगन को देखकर जिला प्रशासन और पुलिस उनके लिए 'कवच' बनकर खड़े हो गए। जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया द्वारा स्वयं आगे खड़े होकर उनके उत्पादों को आगे बढवाया तथा धीरे धीरे इनके उत्पादों में जनता की रुचि बढने लगी तथा उनके उत्पादों की बिक्री में बढोत्तरी होने लगी।

1 लाख के कर्ज से 500 महिलाओं के रोजगार तक का सफर

बदलाव की शुरूआत साल 2020 में हुई, जब अनुपमा ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) की एक चौपाल देखी। योगी सरकार की योजनाओं से प्रेरित होकर वो 'जानकी स्वयं सहायता समूह' का हिस्सा बनी और 1 लाख का ऋण लेकर एक छोटा ब्यूटी पार्लर खोला। उनकी ईमानदारी और मेहनत ऐसी थी कि मात्र 10 महीने में उन्होंने पूरा कर्ज चुका दिया।

मिट्टी से सोना बनाने का हुनर: 'गोमय उत्पादों' की धूम

अनुपमा की आंखों में कुछ बड़ा करने का सपना था। जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में उन्होंने नागपुर और फिरोजाबाद में विशेष प्रशिक्षण लिया और गोबर (गोमय) से ऐसी कलाकृतियां बनानी शुरू कीं कि लोग देखते रह गए। आज उनके द्वारा बनाए गए गोबर के मोबाइल स्टैंड, मूर्तियां और थालियां दिल्ली और मुरादाबाद के बाजारों की शान बढ़ा रहे हैं। दिवाली और होली जैसे त्योहारों पर वह 70 से ज्यादा महिलाओं को काम देती हैं। यही नहीं, अब वह मोटे अनाज (मिलेट्स) के लड्डू, बिस्किट और रसगुल्ले बनाकर स्वास्थ्य और स्वरोजगार को एक साथ जोड़ रही हैं।

प्रशासन का साथ: अब कचहरी में महकेंगे अनुपमा के रेस्टोरेंट

अनुपमा की लगन का ही परिणाम है कि वर्ष 2026 में जिलाधिकारी ने उन्हें एक नई पहचान दी है। चंदौसी कचहरी के पास उन्हें 5 रेस्टोरेंट खोलने की अनुमति और जगह मिली है। इस नए उपक्रम से गांव की 15 और महिलाओं को स्थायी रोजगार मिलेगा, जिससे उनके घरों में भी खुशहाली आएगी।

18 राज्यों की 'लखपति दीदियों' को पीछे छोड़ बनीं मिसाल

भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय ने देश भर से केवल 14 'लखपति दीदियों' का चयन किया है। अनुपमा ने अपनी मेहनत से 18 राज्यों की महिलाओं को पीछे छोड़ते हुए इस सूची में अपनी जगह बनाई। वह क्लस्टर अध्यक्ष और बैंक सखी के रूप में अब तक 59 समूहों को लोन दिलाकर उन्हें पशुपालन से जोड़ चुकी हैं।

भविष्य का संकल्प: सैनिटरी पैड और अचार-पापड़ उद्योग

अनुपमा यहीं रुकने वाली नहीं हैं। उनका अगला लक्ष्य गांव में ही सैनिटरी पैड यूनिट लगाना और अचार-पापड़ के बड़े स्तर पर उत्पादन के जरिए जिले की हर गरीब महिला को 'लखपति दीदी' बनाना है। उन्होंने अब तक 59 स्वयं सहायता समूहों को बैंक लोन दिलवाकर भैंस और बकरी पालन समेत अन्य रोजगार से जोड़ा है, जबकि 42 अन्य समूहों को रोजगार से जोड़ने की प्रक्रिया जारी है।

योगी सरकार की योजनाओं का मिला 'कवच' अनुपमा की सफलता में प्रदेश सरकार की नीतियों का बड़ा हाथ रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार ने स्टार्टअप फंड को 15,000 से बढ़ाकर 1.5 लाख कर दिया है, जो ग्रामीण महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रहा है। इस योजना के तहत उन्हें ट्रेड शो (नोएडा और मुरादाबाद) में अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने का मौका मिला, जिससे उनका सामान देश के कोने-कोने तक पहुंच रहा है। समूह के माध्यम से उन्होंने अब तक 1.5 लाख, 3 लाख और 6 लाख रुपये के सीसीएल (कैश क्रेडिट लिमिट) कराए हैं। इसके साथ ही एक जनपद एक उत्पाद योजना के तहत नोएडा और मुरादाबाद में आयोजित ट्रेड शो से जुड़ाव ने उनके उत्पादों को नया बाजार दिया है। अब ये उत्पाद सिर्फ जिले या प्रदेश तक सीमित नहीं, बल्कि देश के अलग-अलग कोनों तक पहुंच रहे हैं। उनके कार्यों को देखते हुए अनुपमा को क्लस्टर अध्यक्ष और बैंक सखी की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है।

इंसान जब अपनी विपरीत परिस्थितियों से थक जाता है, तभी वह अपने परिवार के लिए बड़ा जोखिम लेने का साहस जुटाता है। बस एक कदम आगे बढ़ाने की जरूरत है, सरकार और प्रशासन आपका हाथ थामने के लिए तैयार खड़ा है। – अनुपमा सिंह, सफल उद्यमी (लखपति दीदी)

डीएसएम शुगर मिल रजपुरा में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन, 250 कर्मचारियों व परिजनों ने उठाया लाभ

समाज जागरण

बहजोई ।डीएसएम शुगर मिल रजपुरा में जिला स्वास्थ्य समिति सम्भल के चीफ मेडिकल सर्जन डॉक्टर राजेंद्र सिंह के निर्देशन और डॉक्टर जितेंद्र शर्मा, डॉक्टर तवस्सुम, अन्नू सिंह, कंचन, सुमित, विशाल, प्रवेश, सतपाल योगेश, अवधेश, मनीष इत्यादि के द्वारा एलएफटी, केएफटी, लिपिड प्रोफाइल,एचबीए1सी, आरबीएस, हेपटाइटिस बी और हेपटाइटिस सी, साथ में एचआईवी और बीपी की निशुल्क जांच की गई और निशुल्क दवा वितरण किया गया, मेडिकल कैंप का उदघाटन आशीष कुमार शर्मा के द्वारा किया गया जिसमें मेडिकल ऑफिसर डॉ विजेंद्र,वरिष्ठ महाप्रबंधक इकबाल सिंह आशुतोष कुमार, रोनीका सिंह शुभ्रा भट्टाचार्य सहित अन्य विभाग अध्यक्ष, अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे, उपरोक्त के अलावा उनके परिवार के सभी सदस्यों की भी मेडिकल जांच की गई। उपरोक्त कैंप का लाभ करीब 250 कर्मचारी और उनके परिवार के लोगों ने उठाया आशीष कुमार शर्मा ने कहा कि अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दे तथा अपने ऊपर कम से कम दो घंटे योग और टहल कर अपने को स्वस्थ बनाए

धारदार हथियार से हमला, चार आरोपी गिरफ्तार

समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर स्योहारा। थाना क्षेत्र के ग्राम मुकरपुरी में गाली-गलौच के दौरान धारदार हथियार से जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना में वादी सहित उसके दो भाइयों को गंभीर चोटें आई थीं।

जानकारी के अनुसार 02 जनवरी 2026 को ग्राम मुकरपुरी निवासी धर्मपाल सिंह पुत्र ध्यान सिंह ने थाना स्योहारा में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि गांव के ही कलुआ, विजय, दीपांशु और भूपेन्द्र सिंह ने उसके और उसके परिजनों के साथ गाली-गलौच करते हुए धारदार हथियार से हमला किया तथा जान से मारने की धमकी दी। इस हमले में धर्मपाल सिंह सहित उसके भाई बाबू और पुखराज गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर थाना स्योहारा मे मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की। मेडिकल रिपोर्ट और घटनास्थल निरीक्षण के बाद धाराओं में वृद्धि की गई।

पुलिस अधीक्षक बिजनौर के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी और क्षेत्राधिकारी धामपुर के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीम ने चारों वांछित आरोपियों को एक लकड़ी के डंडे और लोहे की नुकीली पत्ती सहित गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

छत से गिरकर तीन वर्षीय बालक की मौत

समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर नांगल सोती मंडावली क्षेत्र के औरंगपुर भिक्कू गांव में एक तीन वर्षीय बालक की मकान की तीसरी मंजिल से गिरकर मौत हो गई। यह घटना देर शाम हुई ग्राम औरंगपुर भिक्कू निवासी शमीम अहमद कातीन वर्षीय पुत्र फरहान अपनेमकान की तीसरी मंजिल पर खेल रहा था। खेलते समय वह अचानक रेलिंग पर चढ गया। गंभीर रूप से घायल फरहान को तत्काल परिजनों द्वारा नजीबाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने बालक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे एम्स ऋषिकेश रेफर कर दिया। हालांकि, उपचार के दौरान रात में ही फरहान की मौत हो गई। फरहान का शव घर पहुंचने के बाद परिवार गया और संतुलन बिगड़ने से नीचे गिर में मातम पसर गया।

खून से लथपथ तड़फता मिला युवक, रास्ते में तोड़ा दम

समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी

जनपद बिजनौर नजीबाबाद। कस्बा जलालाबाद में एक युवक खून से लथपत व तड़फता हुआ मिला, सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जहा से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया, तभी रास्ते में ही युवक ने दम तोड़ दिया, जिससे उसके परिवार में कोहराम मच गया, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया। वहीं परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस - से कार्रवाई की मांग की। बीती देर शाम कस्बा जलालाबाद में उस समय सनसनी फैल गई जब युवक अरमान पुत्र महबूब खून से लथपत घायल अवस्था में पड़ा देखा, लोगो ने इसकी सूचना पुलिस को दी, युवक के पास से एक डंडा भी पड़ा मिला, आशंका जताई गई कि युवक को पीटा गया, घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई, लोगो ने इसकी सूचना पुलिस को दी, सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंचे, पुलिस ने आनन फानन में युवक को उपचार के लिए नगर के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया, जहां युवक की गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर किया, रास्ते में ही युवक ने दम तोड़ दिया, घटना के बाद परिजनों में चीख पुकार मच गई। मौके पर सीओ नितेश प्रताप सिंह, थानाध्यक्ष राहुल सिंह भी पहुंचे, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया। परिजनों ने युवक की हत्या का आशंका जताई, चर्चा भी यही है कि युवक को पीट पीट कर हत्या की गई है, हालांकि यह सब जांच का विषय है कि अरमान की हत्या किसने की और क्यों कि, फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई और आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। पुलिस अधीक्षक नगर कृष्ण गोपाल सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया जा रहा है, कई बिंदुओं पर जांच की जा रही है, जल्द ही दोषियों को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति आज सम्भल भ्रमण पर

समाज जागरण

बहजोई/संभल ।जनपद सम्भल के प्रभारी मंत्री राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) होमगाड्र्स विभाग एवं नागरिक सुरक्षा उत्तर प्रदेश धर्मवीर प्रजापति का आज जनपद भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है प्रभारी मंत्री पूर्वाह्न 11:00 बजे बगीचा बैंक्वेट हॉल चंदौसी रोड बबराला में नागरिक सुरक्षा इकाई जनपद संभल के नागरिक सुरक्षा वार्डन स्वयंसेवक क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे।

व्यापारियों की समस्या और विस्तार को लेकर हुई चर्चा

समाज जागरण

चंदौसी। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल युवा इकाई की एक बैठक सीता रोड पर आयोजित की गई।

जिसमे व्यापारियों की समस्या और विस्तार पर चर्चा की गई

नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा कि देश को मजबूत करने में सबसे

बड़ा योगदान व्यापारी का रहा है व्यापारी से अधिक संतोषी कोई समूह नहीं रहा है पर हमेशा व्यापरी की अनदेखी की जाती रही है सुविधा के नाम पर शून्य है जिस प्रकार शिक्षकों का प्रतिनिधित्व करने के लिए विधान परिषद सदस्य को चुना जाता है उसी प्रकार व्यापारी को प्रतिर्निनित्व करने के लिए विधान परिषद सदस्य का विधान सभा जाना बहुत जरूरी है

राज्य सरकार द्वारा व्यापारियों को शस्त्र लाइसेंस की वरीयता प्रदान की जाए। बैठक में रमाकांत पंडित गणेश वार्ष्णेय विमल वार्ष्णेय अनिल बेट्री हृदेश वार्ष्णेय कमल दशरथ मोनू विक्की गौड आदि मौजूद रहे

बालिकाओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

समाज जागरण

चंदौसी। खातियान मोहल्ला स्थित सरोजिनी नायडू जूनियर हाई स्कूल, चंदौसी में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत ताइक्वांडो प्रशिक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य बालिकाओं को आत्मरक्षा के साथ-साथ मानसिक एवं शारीरिक रूप से सशक्त बनाना रहा। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को ताइक्वांडो की मूल

तकनीकों का अभ्यास कराया गया तथा आत्मविश्वास, अनुशासन और साहस के महत्व को समझाया गया।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका दुर्गा टंडन ने कहा, सशक्त बेटी ही सुरक्षित और सशक्त समाज की आधारशिला है।आज की बेटियां यदि शिक्षित होने के साथ आत्मरक्षा में दक्ष हों, तो वे हर परिस्थिति में स्वयं को सुरक्षित रखते हुए समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकती हैं।

वहीं ताइक्वांडो प्रशिक्षक कोच सुरेश जी ने कहा ताइक्वांडो केवल खेल नहीं, बल्कि आत्मबल, संयम और आत्मविश्वास का माध्यम है, जो बालिकाओं को निर्भीक बनाता है। शिविर में अभिषेक गुप्ता , दुर्गा टंडन, आयुषी गुप्ता , बीनू शर्मा,संतराम बृजेश ,विद्यालय की समस्त स्टाफ एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

ट्यूबवेलों पर चोरी करने वाला चोर गिरफ्तार, चोरी का सामान बरामद

समाज जागरण कांधला।

कस्बे की जन्नत कॉलोनी में एक सप्ताह पूर्व आधा दर्जन से अधिक ट्यूबवेलों पर चोरी के मामले में पुलिस ने एक चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े के चोर के कब्जे से ट्यूबवेलों से चोरी किए गए सामान सहित चोरी करने के उपकरण बरामद किए है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया। एक सप्ताह पूर्व कस्बे के मोहल्ला गुजरान निवासी शाहरुख जंग पुत्र साजिद जंग ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया था कि उसके खेत जन्नत कॉलोनी के निकट स्थित है। आरोप है कि अज्ञात चोरों ने पीड़ित के खेत सहित आधा दर्जन से अधिक किसानों की ट्यूबवेलों से लाखों रुपए के सामान को चोरी कर लिया था। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर चोरों की

तलाश शुरू कर दी थी। मंगलवार की शाम को पुलिस ने चेकिंग के दौरान ट्यूबवेलों से चोरी करने वाले एक चोर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने पकड़े गए चोर के कब्जे से एक अवैध चाकू, एक किलो 350 ग्राम तांबे का तार, एक प्लास, दो पेचकस, एक नट खोलने की चाबी बरामद की है। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए चोर ने अपना नाम आसिफ उर्फ गोलू पुत्र नासिर निवासी मोहल्ला गुजरान थाना का कांधला बताया है। पुलिस ने पकड़े गए चोर के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पकड़े गए चोर ने किसानों की ट्यूबवेलों पर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पकड़े गए चोर के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया।

एसपी के निर्देश पर वारंटी गिरफ्तार,न्यायालय भेजा

समाज जागरण कांधला।

पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे वारंटियों

की धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली निवासी सन्नी पुत्र शिव कुमार के विरुद्ध न्यायालय से वारंट जारी हुआ था। बुधवार को पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि न्यायालय से जारी वारंटों के अनुपालन में वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। क्षेत्र में शेष वारंटियों को भी शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा।

संदिग्ध परिस्थितियों में मंदबुद्धि युवती लापता, गुमशुदगी दर्ज

समाज जागरण कांधला

थाना क्षेत्र के गांव भारसी में स्थित एक ईंट भट्ठे से एक मंदबुद्धि किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पीड़ित परिजनों ने थाने पर तहरीर देकर मंदबुद्धि किशोरी को बरामद किए जाने की मांग की है। पुलिस में गुमशुदगी दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी। बाबरी थाना क्षेत्र के गांव हाथी करोदा निवासी जहीर क्षेत्र के गांव भारसी में स्थित नीटू के ईंट भट्ठे पर अपने परिवार के साथ मजदूरी करने का कार्य करता है। बुधवार को पीड़ित की 18 वर्ष से मंदबुद्धि पुत्री तानिया संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। काफी तलाश करने के बाद भी मंदबुद्धि युवती का कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़ित परिजनों ने थाने पर तहरीर देकर मंदबुद्धि युवती को बरामद किए जाने की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज करते हुए संदिग्ध परिस्थितियों में लापता मंदबुद्धि किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़ित परिजनों की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। शीघ्र ही लापता किशोरी को बरामद कर परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

जर्जर विद्युत पोल को बदलवाएं जाने की मांग

समाज जागरण

शामली। शहर के मोहल्ला शिव कालोनी दयानंदनगर निवासी महिलाओं ने एसडीओ विद्युत विभाग को शिकायती पत्र देकर जर्जर हो चुके विद्युत पॉल को बदले जाने की मांग की है। गुरूवार को महिलाओं ने प्रदर्शन कर एसडीएम

को दिए पत्र में कहा कि मोहल्ला दयानंदनगर गली नंबर-3 च 10 की गली के सामने विद्युत पॉल पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। यहां भी कभी भी कोई जानलेवा हादसा हो सकता है। पॉल गिरने की कगार पर पहुंच चुका है, ऐसी स्थिति में पॉल बदलने की आवश्यकता है। महिलाओं ने बताया कि पहले भी उक्त पॉल के संबंध में शिकायत की जा चुकी है, लेकिन कोई कार्यवाही नही हुई। महिलाओं ने मामले में जांच कर विद्युत पॉल बदलने की मांग की है। इस अवसर पर प्रमोद, सोनिया, कमला देवी, नरेशो, नरेन्द्री आदि मौजूद रहे।

व्यापारियों की विभिन्न समास्याओं को लेकर केंद्रीय मंत्री को भेजा पत्र

समाज जागरण शामली।(फुरकान जंग)

पश्चिम उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों के समर्थन में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को ई-मेल के माध्यम से पत्र भेजा है। पत्र में उन्होंने कहा कि प्रदेश का व्यापारी वर्तमान में जीएसटी विभाग की सचल दल टीम एवं अन्य टीमों द्वारा किए जा रहे सर्वे और छापों के कारण मानसिक उत्पीड़न झेल रहा है। उन्होंने जीएसटी विभाग की सचल दल प्रणाली को समाप्त करने तथा व्यापारियों के अनावश्यक उत्पीड़न पर रोक लगाने की मांग की। प्रदेश अध्यक्ष ने अनुरोध किया कि 1 फरवरी को संसद में प्रस्तुत होने वाले केंद्रीय बजट में व्यापारियों के हित में ठोस प्रावधान किए जाएं। उन्होंने 60 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके व्यापारियों को प्रतिमाह 3000 रुपये पेंशन योजना लागू करने, व्यापारियों के स्टॉक का बीमा सरकारी स्तर पर कराए जाने तथा वर्तमान में 10 लाख रुपये के दुर्घटना बीमा को बढ़ाकर 20 लाख रुपये किए जाने की मांग उठाई। इसके साथ ही प्रदेश में टीचर्स एवं ग्रेजुएट कांस्टीट्यूएंसी की तर्ज पर व्यापारी कांस्टीट्यूएंसी के सृजन की मांग की, ताकि व्यापारी प्रतिनिधि विधान परिषद में पहुंचकर व्यापारियों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठा सकें।

शराबी युवक ने चाची को मारपीट कर किया घायल

समाज जागरण कांधला।

थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील महिला ने परिवार के युवक पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।
थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील निवासी सतवीर ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि उसका भतीजा आए दिन शराब का सेवन करता है और लोगों के साथ गाली गलौज करता है। बुधवार को सतबीर के भतीजे ने जमकर शराब पी और अपनी चाची रजनी के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। पीड़िता ने विरोध किया तो आरोप है कि शराबी युवक ने पीड़िता को मारपीट कर घायल कर दिया। शोर शराबा होने पर आस-पड़ोस के लोग मौके पर आ गए। आस-पड़ोस के लोगों को मौके पर आता देख शराबी युवक मौके से फरार हो गया। पीड़िता के परिजनों ने पीड़िता को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़िता ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़िता की तहरीर मिली है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

15 जनवरी से प्रारंभ होगी संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया

समाज जागरण
शामली।(फुरकान जंग)

राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थानों में प्रवेश के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा (पॉलीटेक्निक) के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 15 जनवरी से प्रारम्भ हो चुकी है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है। परीक्षा 15 से 22 मई के मध्य कम्प्यूटर बेस्ड टेस्ट के रूप में आयोजित की जाएगी, जिसके बाद प्रवेश प्रक्रिया पूरी की जाएगी। राजकीय महिला पॉलि टेक्निक शामली के प्रधानाचार्य जितेन्द्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद द्वारा परीक्षा का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। जनपद शामली में दो राजकीय पॉलिटेक्निक संचालित हैं, जिनकी कुल प्रवेश क्षमता लगभग 400 छात्राओं की है। उन्होंने बताया कि सामान्य व ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए आवेदन शुल्क 300 रुपये तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति वर्ग के लिए 200 रुपये निर्धारित किया गया है। इच्छुक छात्र-छात्राएं वेबसाइट पर जाकर लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा अभ्यर्थी राजकीय महिला पॉलिटेक्निक, शामली में उपस्थित होकर भी अपना ऑनलाइन आवेदन करा सकते हैं।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को वितरित किए प्रशस्ति पत्र

समाज जागरण

शामली। शहर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जूनियर स्कूल में आयोजित हिंदी सुलेख प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए। प्रधानाचार्य संजय सैनी ने कहा कि सुलेख व्यक्ति के व्यक्तित्व को दशार्ता है, इसलिए प्रत्येक छात्र-छात्रा को अपने लेखन को सुंदर एवं स्पष्ट बनाने पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने छात्र-छात्राओं से अपनी कॉपी-किताबों को सुरक्षित रखने का आह्वान करते हुए कहा कि पुस्तकें मां सरस्वती का स्वरूप होती हैं और हमें ज्ञान की देवी के रूप में

उनका सम्मान करना चाहिए। इस अवसर पर प्रतियोगिता प्रमुख प्रवेश कुमार शर्मा ने प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में आशीष जैन, सुधीर कुमार, शिवकुमार धीमान, करुणकांत शर्मा, अजेंद्र सिंह, रवि कुमार, राजीव शर्मा, सविता गुप्ता, संगीता गोयल मौजूद रहे।

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों की एक बैठक लोक निर्माण विभाग स्थित डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के कार्यालय पर आयो जित की गई। जिसमें पुरानी पेंशन बहाली की मांग सहित कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। बाद में सामुहिक खिचडी भोज कराया गया।
राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जनपद शाखा शामली द्वारा बुधवार को लोक निर्माण विभाग परिसर बनत में खिचड़ी भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद में कार्यरत केंद्रीय व राज्य कर्मचारियों तथा शिक्षकों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर गंभीर चर्चा की गई। खिचड़ी भोज के माध्यम से कर्मचारियों ने आपसी एकता का संदेश देते हुए अपनी मांगों के समर्थन में एकजुट होकर आंदोलन की रणनीति पर विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पुरानी पेंशन योजना की बहाली, आठवें

वेतन आयोग द्वारा प्रस्तावित संस्तुति यों पर विचार तथा कर्मचारियों की विभिन्न लंबित मांगों की पूर्ति हेतु समन्वय स्थापित करना रहा। कर्मचारियों ने एक स्वर में कहा कि यदि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो भविष्य में चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद शामली शाखा के जिलाध्यक्ष ई. संजय कुमार ने करते हुए कहा कि कर्मचारी लंबे समय से अपनी जायज मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन सरकार द्वारा अभी तक ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने सभी संगठनों से एकजुट होकर आंदोलन को मजबूती देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सहारनपुर क्षेत्र के महामंत्री ई. सोमान्शु मोहन ने कहा कि पुरानी पेंशन कर्मचारियों का संवैधानिक अधिकार है और इसे बहाल कराना सभी कर्मचारी संगठनों की प्राथमिकता है। वहीं ग्राम विकास अधिकारी संघ के अध्यक्ष अर्जुन राणा ने कर्मचारियों की एकता को समय की आवश्यकता बताया। इस अवसर पर ई. अनुराग तिवारी, कन्हैया लाल, आनंद कुमार, सुरेन्द्र शर्मा, अभिषेक प्रताप सिंह, बिजेन्द्र कुमार, उमा शंकर भट्ट, आशुतोष शुक्ला, जावेद खान, मनीत कुमार, मनोज वत्स, पंकज कुमार राजीव शर्मा मौजूद रहे।

साइबर ठगी गिरोह से जुड़े दंपति गिरफ्तार, 98 लाख रुपए की रकम होल्ड

-1.77 करोड़ रुपए की कर चुके धोखाधड़ी

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) साइबर थाना पुलिस व साइबर सेल की संयुक्त टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए साइबर ठगी के एक संगठित गिरोह से जुड़े दो अभियुक्त दंपत्ति को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त दंपत्ति पर करीब 98 लाख रुपये की साइबर धोखाधड़ी में की रकम को पुलिस ने होल्ड कराया है, जबकि अब तक करीब 1.77 करोड़ से अधिक की धोखाधडी की गई है। बुधवार को एसपी एनपी सिंह

ने पुलिस लाईन में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि गत दिवस लखनऊ से एक एक खाते की जांच साईबर सैल को भेजी, जिसमें एक खाता शामली में खुलवाया गया था। उक्त खाते में विभिन्न राज्यों से आई रकम को कई खातों में ट्रांसफर किया गया। जांच के बाद दो अभियुक्त दंपत्ति पकडे गए। पकडे गए अभियुक्त व्हाट्सएप व टेलीग्राम चैनलों के माध्यम से ट्रेडिंग इन्वेस्टमेंट के नाम पर लोगों को झांसे में लेते थे। फर्जी एप व लिंक भेजकर निवेश की गई रकम को अधिक मुनाफे के साथ दशार्या जाता था और फिर लोगों की मेहनत की कमाई म्यूल खातों में मंगाकर हड़प ली जाती थी। इस मामले में गिरफ्तार अभियुक्तों प्रशान्त कनव पुत्र जनक राज तिवारी, निवासी बल्लभ भाई पटेल नगर, आजाद नगर, मुंबई तथा सुरभि भार्गव पुत्री अनिल कुमार भार्गव निवासी गली नंबर-2, गगन विहार शामली हैं। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त हिमांक प्रशान्त कनव मूल रूप से पंजाब का निवासी है, जो मुंबई में एडवर्टाइजमेंट कास्टिंग डायरेक्टर के रूप में कार्य करता था। फिल्म प्रोजेक्ट के नाम पर हुई

पहचान के दौरान उसने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से पंजाब नेशनल बैंक, पालिका बाजार शामली में हिमांक प्रशान्त कैमेक्ट नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड के नाम से करंट अकाउंट खुलवाया। इस खाते में 8 अप्रैल 2024 को एक ही दिन में 98,38,276.10 रुपये की साइबर ठगी की धनराशि क्रेडिट होने की पुष्टि हुई है, जिसका कमीशन अभियुक्तों को मिला। पुलिस जांच में सामने आया है कि उक्त खाते से जुड़े साइबर फ्रॉड के संबंध में देशभर से अब तक कुल 41 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें लगभग 1 करोड़ 77 लाख रुपये से अधिक की धोखाधड़ी की गई है। एसपी ने बताया कि साइबर थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ की जा रही है तथा इस नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

तीन दिवसीय स्काउट प्रशिक्षण शिविर का समापन

समाज जागरण

शामली। शहर के सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज में तीन दिवसीय स्काउट प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष चन्द्रदेव ने की तथा संचालन संजू कुमार ने किया। स्काउट बैण्ड की धुन के साथ मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया एवं स्काउट ध्वज का ध्वजारोहण किया गया।

जिला स्काउट सचिव डॉ. हीरा सिंह ने स्काउटों को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्काउटिंग छात्रों को अनुशासन, सेवा भाव व राष्ट्रभक्ति की भावना से जोड़ती है। समापन अवसर पर स्काउटों द्वारा लगाए गए उत्कृष्ट टेंट एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी को आकर्षित किया।

स्काउटों को जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया।
प्रधानाचार्य आनन्द प्रसाद ने सभी अतिथियों व प्रशिक्षकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में स्काउट शिक्षिकाएं एवं विद्यालय के आचार्यगण उपस्थित रहे।

108 एंबुलेंस की तत्परता से बची वृद्ध महिला की जान, परिजनों ने की सराहना

समाज जागरण
कांधला।(फुरकान जंग)

थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना निवासी एक वृद्ध महिला की अचानक तबीयत बिगड़ गई। परिजनों ने तत्काल 108 एंबुलेंस सेवा को सूचना दी। सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस के कर्मचारी मात्र कुछ ही मिनटों में मौके पर पहुंच गए और वृद्ध महिला को एंबुलेंस के माध्यम से नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया।एंबुलेंस में ले जाते समय महिला की हालत और अधिक बिगड़ने लगी। इस दौरान एंबुलेंस चालक संदीप तथा ईएमटी अभिषेक तोमर ने सूझबूझ और तत्परता दिखाते हुए एंबुलेंस में उपलब्ध ऑक्सीजन व अन्य आवश्यक चिकित्सीय

उपकरणों की सहायता से प्राथमिक उपचार दिया, जिससे महिला की जान बचाई जा सकी। इसके बाद महिला को सुरक्षित अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।ईएमटी अभिषेक तोमर ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि गांव सुन्ना निवासी वृद्ध महिला सेवी पत्नी हरिकिशन की तबीयत अचानक खराब हो गई है। सूचना मिलते ही टीम निर्धारित समय से पहले मौके पर पहुंची और समय रहते उपचार देकर महिला की जान बचाने में सफलता मिली।वहीं, वृद्ध महिला के परिजनों ने 108 एंबुलेंस सेवा के कर्मचारियों की तत्परता, सेवा भावना और मानवीय संवेदना की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

इलाज के बहाने तंत्र क्रिया करने वाला तांत्रिक छेड़छाड़ के आरोप में गिरफ्तार

समाज जागरण
कांधला।(फुरकान जंग)

पुलिस ने इलाज के नाम पर तंत्र क्रिया करने वाले एक तांत्रिक को महिला से छेड़छाड़ के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करते हुए जेल भेज दिया है।थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने 31 दिसंबर को थाने पर तहरीर देकर बताया था कि उसके पुत्र की तबीयत खराब चल रही थी। इसी दौरान उसे जानकारी मिली कि जनपद बागपत के मोहल्ला घोसियान निवासी यूसुफ पुत्र मुंशी तंत्र-मंत्र के माध्यम से इलाज करता है। पीड़िता अपने पुत्र को लेकर उसके पास इलाज के लिए

गई थी।आरोप है कि आरोपी ने तंत्र-मंत्र से इलाज करने का आश्वासन दिया और बाद में पीड़िता के घर पहुंचकर उसके पुत्र के इलाज के बहाने महिला के साथ छेड़छाड़ की। घटना से आहत पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी।पुलिस ने महिला की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। बुधवार को एलम चौकी प्रभारी विपिन मलिक ने पुलिस टीम के साथ आरोपी यूसुफ को एलम बस अड्डे के पास से गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि महिला की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी को गिरफ्तार कर नियमानुसार जेल भेज दिया गया है।

मतदान के महत्व और विशेषताओं को दशार्ने के लिए रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

समाज जागरण

शामली। शहर के श्री जैन कन्या इंटर कॉलेज में बुधवार को मतदाता जागरूकता स्वीप कार्यक्रम के अंत र्गत मतदान के महत्व और उसकी विशेषताओं को दशार्ने के लिए विशेष रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें अपने मताधिकार के प्रति सजग करना रहा। प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए

अपनी कलात्मक प्रतिभा के माध्यम से मतदान के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। निर्णायक मंडल द्वारा किए गए मूल्यांकन में इकरा ने प्रथम स्थान, महक ने द्वितीय स्थान तथा सिमरन मोगा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्या डॉ. रुचिता ढाका ने सभी प्रतिभागी छात्राओं के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें लोकतंत्र को मजबूत बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्राओं से निष्पक्ष, निर्भीक एवं जागरूक होकर मतदान करने का आह्वान किया।

गरीब मजदूर परिवारों से पालिका कर्मचारियों पर सुविधा शुल्क मांगने का आरोप

समाज जागरण

शामली। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवेदन करने वाले कांधला कस्बे के गरीब मजदूर परिवारों ने नगर पालिका परिषद कांधला के कुछ कर्मचारियों पर सुविधा शुल्क की मांग करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीडितों ने डीएम को शिकायती पत्र सौंपकर निष्पक्ष जांच व दोषियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की मांग की है।
शिकायतकताओं का कहना है कि वे कस्बा कांधला के निवासी हैं और मजदूरी कर अपने परिवार का पालन- पोषण करते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन किया था, जिसकी जांच नगर पालिका परिषद कांधला द्वारा की जा रही है। आरोप है कि नगर पालिका के कर्मचारियों ने आवेदन को पात्र घोषित करने के बदले सुविधा शुल्क की मांग की।

शुल्क न देने पर आवेदन को अपात्र श्रेणी में डालने की बात कही जा रही है। शिकायत में यह भी बताया गया है कि मोहल्ले के कुछ अन्य लोगों के आवेदन पात्र घोषित कर दिए गए हैं, जबकि गरीब होने के कारण वे सुविधा शुल्क नहीं दे पा रहे हैं। उनके पास न तो आय का कोई स्थायी स्त्रोत है और न ही पक्का मकान बनाने की आर्थिक क्षमता है। डीएम से मांग की है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत किए गए उनके आवेदन पत्रों की निष्पक्ष जांच कराई जाए। इस अवसर पर इशरत, सज्जा, जाहिद, नफीसा, राशिदा, शबनम आदि मौजूद रहे।

अंतर्राज्यीय जालसाज गिरोह का भंडाफोड़, सात गिरफ्तार लाखों की नगदी लग्जरी कारें बरामद

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) सर्विलांस टीम व थाना आदर्शमंडी पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में सरकारी व प्राइम लोकेशन की जमीन दिखाकर फर्जी खसरा-खतौनी तैयार कर 20 लाख रुपये की ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय जालसाज गिरोह का भंडाफोड़ किया गया है। पुलिस ने गिरोह के सात सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 7 लाख रुपये नकद, दो लग्जरी कारें, फर्जी दस्तावेज व मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बुधवार को एसपी एनपी सिंह ने पुलिस लाईन में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि उत्तराखंड के रुड़की निवासी आदित्य कुमार सिंह ने थाना आदर्शमंडी पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि अभियुक्तों ने फर्जी व कूटरचित खसरा-खतौनी दिखाकर जमीन का सौदा कराया और 20 लाख रुपये की धोखाधड़ी की। गुरूवार को थाना आदर्शमंडी पुलिस ने वांछित सात अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में निखिल मलिक पुत्र पवन कुमार निवासी ग्राम भिक्का माजरा थाना भौराकला, हाल निवासी मौहल्ला रेलपार, अशोक पुत्र श्यामलाल निवासी मौहल्ला हर्ष विहार हापुड, पुष्पेन्द्र उर्फ पिन्टू पुत्र अमर सिंह निवासी मौहल्ला लज्जा पुरी हापुड, जगतपाल पुत्र अमरपाल निवासी जसरुप नगर चन्द्रलोक कालोनी हापुड, रणजीत पुत्र राजेन्द्र निवासी ग्राम दादरी मेरठ, राजीव पुत्र सोमपाल

निवासी ग्राम लिलौन शामली और अंकित पुत्र जसवीर निवासी ग्राम काबडौत शामिल है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से लगभग सात लाख रुपये नकद, जमीन के फर्जी दस्तावेज, तीन मोबाइल फोन तथा दो कारें बरामद की हैं। पूछताछ में सामने आया कि यह गिरोह जमीन मालिकों से साठगांठ कर प्राइम लोकेशन की जमीनों को चिन्हित करता था और अपने साथियों को बड़ा डीलर बताकर भोले-भाले लोगों से ऊंचे दाम पर एग्रीमेंट कराता था। टोकन मनी व एडवांस के नाम पर लाखों रुपये लेने के बाद अभियुक्त फरार हो जाते थे और मोबाइल नंबर बंद कर लेते थे। एसपी ने बताया कि उक्त गिरोह अब तक दर्जनों लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी कर चुका है। एसपी ने आम जनता से अपील की है कि जमीन का कोई भी सौदा करने से पहले संबंधित विभागों से दस्तावेजों की भली-भांति जांच कर लें तथा किसी भी संदिग्ध लेन-देन की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

भाकियू प्रधान के पदाधिकारियों डीएम को सौंपा ज्ञापन

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) भारतीय किसान यूनियन (प्रधान) के पदाधि कारियों ने डीएम को शिकायती पत्र सौंपकर एसडीएम सदर कार्यालय में जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित फाइलों के लंबे समय से लंबित रहने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि एक माह से अधिक समय से फाइलों पर हस्ताक्षर न होने के कारण आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पदाधि कारियों ने बताया कि कई महीनों से जन्म व मृत्यु से जुड़ी फाइलें उप जिलाधिकारी के टेबल पर लंबित पड़ी हैं। फाइलों में फाइलिंग रिपोर्ट पूरी होने के बावजूद भी हस्ताक्षर नहीं किए जा रहे हैं, जिससे नवजात बच्चों को स्कूलों में प्रवेश लेने में दिक्कतें आ रही हैं। इस स्थिति को लेकर आम जनमानस में रोष व्याप्त है। भाकियू (प्रधान) के पदाधि कारियों ने डीएम से मांग की है कि जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित फाइलों के निस्तारण के लिए समय सीमा तय की जाए तथा लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण कराया जाए,
ताकि जनता को राहत मिल सके। शिकायती पत्र देने वालों में चौधरी सन्नी निर्वाल, दीपमाला, एडवोकेट रोमा, एडवोकेट पदमा, एडवोकेट रामेश्वर कालखंडे, एडवोकेट प्रताप राठौर, एडवोकेट कमल आदि मौजूद रहे।

भाजपा सरकार ने दिया सभी को सुरक्षा और सम्मान- डिप्टी सीएम बृजेश पाठक

समाज जागरण

बागपत। उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने शहर के चमरावल रोड़ स्थित भाजपा के जिला कार्यालय पर भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस दौरान कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने कहा कि भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है जो अंतिम पंक्ति में खड़े अपने कार्यकर्ता के बारे में सोचती है, अपने कार्यकर्ताओं की चिंता करती है। उन्होंने कहा कि हाल फिलहाल में हमें नए युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष मिले है, जो पार्टी के लिए एक अच्छा संकेत है। अन्य दलों में परिवारवाद है, जहां उनके परिवार से ही पार्टी के अध्यक्ष निकलते हैं,

लेकिन भाजपा में ऐसा नहीं है। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर आरोप लगाया कि वह मुस्लिम समाज को डराकर वोट ले रही है और जाति-धर्म के नाम पर प्रदेश को लड़ना चाहता है। उन्होंने चौधरी चरण सिंह की कर्मभूमि को नमन करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने सबका साथ, सबका विकास और सबके विश्वास पर कार्य किया है और किसी के साथ भेदभाव नहीं किया है। उन्होंने उज्जवला गैस कनेक्शन, किसान सम्मान निधि, पानी, बिजली, सड़क, स्कूल, अस्पताल जैसी योजनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सपा सरकार में गुंडागर्दी का माहौल था। बागपत और बड़ौत में अगर कोई मकान या प्लॉट खाली पड़ा रहता था, तो सपा के लोग उस पर झंडा लगाकर कहते थे कि यह खाली प्लॉट हमारा है। उन्होंने कहा कि सपा सरकार में बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं थीं, लेकिन 2017 के बाद योगी सरकार ने सभी को सुरक्षा और सम्मान दिया। पाठक ने कश्मीर में धारा 370 हटाने और राम मंदिर निर्माण का भी उल्लेख किया। इस दौरान डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने उपस्थित कार्यकर्ताओं में जोश भरा और 2027 की तैयारी में लगने का आह्वान किया। कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद और डिप्टी सीएम बृजेश पाठक जिंदाबाद के खूब नारे लगाए। इस दौरान राज्य मंत्री केपी मलिक व प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी डॉ चन्द्रमोहन ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय ने तथा संचालन जिला महामंत्री एडवोकेट बिजेंद्र शर्मा ने किया। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष सूरजपाल सिंह, पूर्व विधायक लोकेश दीक्षित, जिला महामंत्री विनोद बाल्मीकि, जिला उपाध्यक्ष अनिल तोमर, अनिता खौखर, धूम सिंह चैयरमैन, युवा मोर्चा जिला संयोजक अक्षय चौधरी सहित जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

क्षय रोगियों को पोषण पोटली एवं कंबल वितरित

समाज जागरण बागपत।

भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी, बागपत के द्वारा बुधवार को सीएचसी बागपत में भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी, उत्तर प्रदेश के सभापति एवं उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक की उपस्थिति में चयनित 10 पात्र क्षय रोगियों को पोषण पोटली एवं कंबल वितरित किए गए।विज्ञप्ति जारी करते हुए रेड क्रॉस बागपत के महासचिव अभिमन्यु गुप्ता ने बताया कि कोषाध्यक्ष डॉ. मयंक गोयल के सक्रिय प्रयासों से अत्यंत कम समय में इस कार्यक्रम का सफल आयोजन संभव हो सका। इस अवसर पर

प्रदेश सभापति बृजेश पाठक ने कहा कि रेड क्रॉस बागपत निरंतर सराहनीय एवं सुंदर कार्य कर रहा है। ऐसे सामाजिक कार्यक्रमों का नियमित आयोजन ही समाज में रेड क्रॉस बागपत की सशक्त पहचान बनाता है। उन्होंने लायंस क्लब अग्रवाल मंडी द्वारा रेड क्रॉस के सेवा कार्यों में दिए जा रहे सहयोग की भी प्रशंसा करते हुए क्लब के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम स्थल पर पहुँचने पर जिला महा सचिव अभिमन्यु गुप्ता द्वारा प्रदेश सभापति का अंगवस्त्र ओढ़ाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय अभिनंदन किया गया।कार्यक्रम मे रेड क्रॉस की जिला अध्यक्ष अस्मिता लाल (जिलाधिकारी, बागपत), महासचिव अभिमन्यु गुप्ता, सभापति पंकज गुप्ता, उपसभापति हंसराज गुप्ता, कोषाध्यक्ष डॉ. मयंक गोयल, कार्यकारिणी समिति सदस्य अमन गोयल, ईश्वर अग्रवाल, अग्रवाल मंडी एवं अमीनगर सराय के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार, रेड क्रॉस के पूर्व सभापति दीपक गोयल, डॉ. तीरथ लाल (सीएमओ), डॉ. यशवीर सिंह (डिप्टी सीएमओ), क्षय रोग विभाग प्रभारी, सीएचसी प्रभारी डॉ. विभाष राजपूत, क्षय रोग विभाग के ललित सिंह सहित सभी सहयोगियों का सेवा भाव से ओतप्रोत एवं सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ। सच यह है कि हम सभी को समाज का भरपूर प्यार, समर्थन एवं सहयोग प्राप्त हो रहा है, और इसी ऊर्जा के बल पर रेड क्रॉस बागपत अपने लक्ष्यों की प्राप्ति की ओर निरंतर अग्रसर है।

उत्तर प्रदेश सरकार लिख रही सामाजिक सांस्कृतिक आर्थिक विकास की इबारत

चंडीगढ़ में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस समारोह में बोले सांसद सांगवान

उत्तर प्रदेश आज निवेश संस्कृति पर्यटन और सुशासन का अग्रणी केंद्र

समाज जागरण

बागपत। उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस 2026 के अवसर पर चंडीगढ़ के लोक भवन में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बागपत लोकसभा क्षेत्र से सांसद राजकुमार सांगवान राज्य सरकार के प्रतिनिधि के रूप में शामिल हुए।

उन्होंने पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया और वहां निवास कर रहे उत्तर प्रदेश के नागरिकों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पंजाब के कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां भी उपस्थित रहे। सांसद सांगवान ने राज्यपाल को बागपत की पहचान और परंपरा का प्रतीक प्रसिद्ध गुड़ भेंट किया। सांसद ने कहा कि उत्तर प्रदेश केवल जनसंख्या की दृष्टि से ही नहीं, बल्कि संस्कृति, सभ्यता और विकास के लिहाज से भी देश को दिशा देने वाला प्रदेश है। यही वह भूमि है जहां श्रीराम, श्रीकृष्ण, महात्मा बुद्ध, संत कबीर और तुलसीदास जैसे महापुरुषों ने भारत की आत्मा को आकार दिया। गंगा-जमुनी तहजीब और स्वतंत्रता संग्राम में प्रदेश के योगदान को उन्होंने गौरवपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने ऐतिहासिक परिवर्तन देखा है। आज प्रदेश निवेश, उद्योग, एक्सप्रेसवे नेटवर्क, मेट्रो, डिफेंस कॉरिडोर और पर्यटन के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। काशी, अयोध्या और मथुरा में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। सांसद ने कहा कि प्रदेश अब अपराध और बीमारू राज्य की छवि से बाहर निकल चुका है। किसानों की आय बढ़ाने, युवाओं को रोजगार, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, हर घर जल, आवास और सख्त कानून व्यवस्था ने प्रदेश को सुशासन का मॉडल बनाया है। उन्होंने आह्वान किया कि स्थापना दिवस पर सभी लोग प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को सहेजते हुए खुशहाली और विकास के नए इतिहास के निर्माण में योगदान दें।

नहर में गिरा शराबी, बचाने गए लोगों को अपशब्दों का प्रयोग करते हुए किया दुर्व्यवहार

अवधेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण

गुरमा/ सोनभद्र। " होम करें तो हाथ जले " वाली कहावत शत-प्रतिशत चरितार्थ बुधवार की शाम को चोपन थाना क्षेत्र के सलखन ग्राम पंचायत

स्थित भठवा नहर पुल पर देखने को मिला। हुआ यूं कि बुधवार की शाम एक शराबी नशे में धुत नहर में जा गिरा जिसे बचाने के लिए कई लोग दौड़ पड़े लेकिन यहां तो उल्टा ही हो गया है शराबी ने घोर अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए दुर्व्यवहार पर उतारू हो गया तथा शोरगुल मचाते हुए मारपीट करने को आमादा, अशांति का माहौल उत्पन्न कर दिया है। जो क्षेत्र में काफी चर्चा का विषय बना हुआ है। लोग चुटकिया लेकर कहकहे लगा रहे हैं। जितनी मुंह उतनी बातें होना प्रारंभ हो गई हैं।

24 जनवरी को साहित्य दर्शन पुस्तक का विमोचन एवं कवि सम्मेलन का आयोजन

विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण

सोनभद्र। शहीद स्थल करारी, साहित्य दीप संस्थान एवं दयानंद साहित्य संस्था के तत्वावधान में शनिवार 24 जनवरी को दोपहर 2 बजे कचहरी स्थित

सोनभद्र बार एसोसिएशन सभागार में सम्मान समारोह, कवयित्री चंद्रलेखा सिंह की तीसरी पुस्तक साहित्य दर्शन का विमोचन व कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसमें शारिक मखदुम फूलपुर प्रयागराज, शिवदास चंदौली, प्रकाश मिरजापुरी, धर्म देव चंचल अहरौरा, रामनरेश पाल वाराणसी के अलावा जनपद के लब्धप्रतिष्ठ कवियों का काव्य पाठ होगा। नवनिर्वाचित सोनभद्र बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक प्रसाद श्रीवास्तव एडवोकेट व महामंत्री योगेश कुमार दिवेदी एड का अभिनंदन होगा। गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में उक्त आयोजन किया गया है। उक्त आशय की जानकारी प्रदुम्न त्रिपाठी एडवोकेट ने दी है।

निफ्ट मुंबई कैंपस में 'डिजाइन फॉर इन्क्लूसिव फ्यूचर्स' पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करने के साथ 40 साल पूरे करेगा

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (निफ्ट) अपने 40वें स्थापना दिवस के अवसर पर, 22 और 23 जनवरी 2026 को अपने मुंबई कैंपस में "डिजाइन फॉर इंक्लूसिव फ्यूचर्स" शीर्षक से निफ्ट अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 2026 आयोजित करेगा। केन्द्रीय कपड़ा मंत्री, श्री गिरिराज सिंह, और कपड़ा मंत्रालय की सचिव, श्रीमती नीलम शमी राव, मुख्य अतिथि के तौर पर इस मौके की शोभा बढ़ाएंगी और निफ्ट टाइमलाइन वॉल का अनावरण करेंगे और निफ्ट की पिछले 40 सालों में हासिल मुख्य उपलब्धियों को उजागर करने वाली स्मारक पुस्तक भी जारी करेंगे।

बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने ली शपथ

– शपथ ग्रहण कार्यक्रम में जनपद न्यायाधीश भी पहुंचे

– एल्डर कमेटी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

समाज जागरण

शामली कैराना।(फुरकान जंग) बार भवन में शपथ ग्रहण कार्यक्रम के दौरान बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्य कारिणी को एल्डर कमेटी द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश समेत अन्य न्यायिक अधिकारी भी मौजूद रहे।

बुधवार को बार भवन में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश इंद्रजीत सिंह जोश, प्रधान न्यायाधीश ब्रिजेश कुमार शर्मा, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुरेन्द्र कुमार राय, सीमा वर्मा, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रशांत कुमार, आशीष कांबोज, दिव्या चन्द्रा, शिवानी चौधरी, अंकित त्यागी व अमर प्रसाद को बुके भेंट कर स्वागत किया गया। इसके बाद एल्डर

कमेटी द्वारा बार एसोसिएशन कैराना के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ईशपाल सिंह, महासचिव चौधरी सरवेज जंग व कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा को शपथ दिलाई गई। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर जयपाल सिंह, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर महेश पुण्डीर, सहसचिव पद पर जानशेर अली व सहसचिव पुस्तकालय पद पर अदनान को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। वरिष्ठ सदस्य पद पर खड़क सिंह चौहान, महिला अधिवक्ता पंकज, महेंद्र सिंह व विनय शर्मा तथा कनिष्ठ सदस्य पद पर अमीर हैदर, तहसीम अहमद, महताब व खालिद अली को शपथ दिलाई गई। बाद में बार एसोसिएशन की नवगठित कार्य कारिणी ने एल्डर को निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए शॉल ओढाकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश ने कहा कि कैराना की बार प्रदेश में उच्च स्थान रखती है। मेरे स्तर से किसी भी समस्या का तुरंत समाधान किया जाएगा। बार और बेंच के बीच मधुर संबंध प्रगाढ़ होंगे। बार के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ईशपाल सिंह ने कहा कि वह अधिवक्ताओं के हित में कार्य करेंगे तथा बार और बेंच के बीच मधुर संबंध बनाए जाएंगे। इस अवसर पर अधिवक्तागण भी मौजूद रहे।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की आपातकालीन सेवाएं दो साल बाद बहाल

-क्षेत्रवासियों में खुशी, पुलिस और मरीजों को मिलेगा सीधा लाभ

समाज जागरण

झिंझाना। (फुरकान जंग)

कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पर पिछले करीब दो वर्षों से बंद पड़ी आपातकालीन सेवाओं को आखिरकार उच्चाधिकारियों के निर्देश पर पुनः बहाल कर दिया गया है। सेवाओं के शुरू होते ही क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली है और कस्बे में खुशी की लहर दौड़ गई है। बुधवार को मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पिछले दो वर्षों से बंद पड़ी आपातकालीन सेवाओं को बहाल कर दिया गया है।अब तक आपातकालीन स्थिति में मरीजों को उपचार के लिए ऊन या अन्य दूरस्थ अस्पतालों में जाना पड़ता था, जिससे कीमती समय की बर्बादी होती थी और कई बार मरीजों की हालत गंभीर हो जाती थी। विशेषकर रात के समय महिलाओं बुजुर्गों और दुर्घटना में घायल लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। आपातकालीन सेवाएं बंद होने का असर पुलिस कार्यप्रणाली पर भी पड़ रहा था। पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपियों का मेडिकल परीक्षण कराने के लिए ऊन ले जाना पड़ता था, जिससे समय, संसाधन और सरकारी खर्च पर अतिरिक्त बोझ पड़ता था। अब सीएचसी में ही मेडिकल की सुविधा उपलब्ध होने से पुलिस को भी बड़ी राहत मिलेगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह निर्णय जनहित में बेहद महत्वपूर्ण है। क्षेत्रवासियों ने उच्चाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई है कि अब अस्पताल में डॉक्टरों की नियमित तैनाती, दवाओं की उपलब्धता और सुविधाओं की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। सेवाओं के बहाल होने से झिंझाना कस्बे सहित आसपास के गांवों के हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा और स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डाक्टर रजत चौहान ने बताया आपातकालीन सेवाओं को लेकर क्षेत्र के लोगों की शिकायत मिल रही थी। जिसको लेकर उच्चाधिकारियों को लगातार अवगत कराया जा रहा था, परिणाम स्वरूप आपातकालीन सेवाओं को बहाल कर दिया है।अब क्षेत्र के लोगों को ऊन नहीं जाना पड़ेगा,24 घंटे सेवा उपलब्ध रहेगी।

प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ऊन डाक्टर तरुण चौधरी ने बताया झिंझाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पिछले दो वर्षों से आपातकालीन सेवा बंद थी। जिसको लेकर जहां आमजन को परेशानी हो रही थी,वहीं पुलिस को भी परेशानी का सामना करना पड़ता था। लेकिन बुधवार को आपातकालीन सेवा सुचारू हो गई है।

रटौल में एक दिवसीय पादप सुरक्षा कृषि गोष्ठी का आयोजन

किसानो को फलो पर लगने वाले कीटो से बचाव की जानकारी

समाज जागरण चांदीनगर।

रटौल में कृषि विज्ञान केंद्र खेकड़ा के वैज्ञानिको द्वारा एक दिवसीय पादप सुरक्षा कृषि गोष्ठी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे किसानो को फलो पर लगने वाले कीटो से बचाव की जानकारी दी गई। रटौल में चैयरमैन जुनैद फरीदी के आवास पर एक दिवसीय कृषि गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें जानकारी देते हुए डाक्टर शिवम ने बताया की आम और अमरूद की फसल पर लगने वाले कीटो से किस तरह बचाव किया जाय इन्होने कहा की फरवरी माह में आम बागानों फर बौर आना शुरू होगा बौर के समय लगनी वाली बीमारियों से बचाव के बारे में भी जानकारी दी गई। इसके अलावा आम बागानो मे लगने वाले फलों पर कीट से भी बचाव की जानकारी दी गई। किसानो को डाक्टर अनन्त कुमार ने फलो पर किस समय स्प्रे किया जाए जानकारी दी। इस मौके पर हबीब खान, उमर फरीदी, हामिद, अलाउद्दीन, जाहिद उस्मान आदि किसान मौजूद रहे।

बच्चों को पढ़कर सुनाई अखबार की मुख्य खबरे

समाज जागरण बागपत।

प्राथमिक विद्यालय कोताना नंबर 1 में कक्षा 5 की छात्रा आलिमा ने बड़े रोचक ढंग से आज अखबार की मुख्य खबरों को पढ़कर सुनाया। प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक अशोक अंतिल ने बताया कि इस प्रकार से प्रार्थना सभा में बच्चे अखबार पढ़कर अपनी पठन क्षमता विकास को और अधिक विकसित कर सकते हैं। बच्चों के अंदर पढ़ाई के साथ-साथ निर्भीकता, निडरता आदि गुणों का विकास होगा। बच्चे अपनी बात को निसंकोच सबके सामने रख सकेंगे। बेसिक शिक्षा विभाग की यह पहल बहुत ही सराहनीय है।

रटौल में बिजली का खंभा टूटने से 300 घरों की बिजली गुल

रटौल वार्ड नम्बर एक में टूटा बिजली का खंभा

समाज जागरण

चांदीनगर। रटौल में वार्ड नम्बर एक में बिजली का खंभा टूटने से 300 घरो की बिजली गुल हो गई। जिससे लोगो को परेशानी उठानी पड़ रही है। लोगो ने उच्च अधिकारियों से नया खंभा लगवाने की मांग की है। रटौल के वार्ड नम्बर एक में किसी अज्ञात कारण के चलते एक बिजली का खंभा टूट गया। जिससे 300 घरो की बिजली गुल हो गई। जिससे लेकर डाक्टर जावेद, दिलशाद, अनीश आदि ने बताया की वह बिजली घर में शिकायत भी दर्ज करा चुके है। उसके 36 घंटे बाद भी खंभा नही बदला गया है। जिससे वार्ड के लोगो को अंधेरे मे रहना पड़ रहा है। जगंल के किनारे होने के कारण चोरी का खतरा भी बढ जाता है। वही अन्य समस्याओं का भी सामना करना पड़ रहा है। कस्बे के लोगो ने जल्द खंभा बदलवाने की मांग की है।।

रियलिटी शो ज़िंदगी अनफिल्टर्ड की भव्य स्क्रीनिंग संपन्न

समाज जागरण बागपत।

अलीशान एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित रियलिटी शो ज़िंदगी अनफिल्टर्ड की भव्य स्क्रीनिंग सी डी देशमुख ऑडिटोरियम, इंडिया इंटरनेशनल सेंटर लोधी रोड़ नई दिल्ली में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। इसे देखने के लिए बागपत से भी काफी संख्या में लोग पहुँचे। इस अवसर पर कई प्रतिष्ठित अतिथियों, क्रिएटिव टीम और मीडिया जगत की जानी-मानी हस्तियों की उपस्थिति रही। यह कार्यक्रम ओटीटी क्यूरेटर राज कपूर सिंह, निर्देशक नेहा गिरि, कॉन्सेप्ट डिज़ाइनर मोहम्मद अमीन अंसारी एवं लेखक जयदेव जोंवल की गरिमामयी उपस्थिति में आरंभ हुआ, जिनकी रचनात्मक सोच ने इस शो को एक सशक्त पहचान दी। स्क्रीनिंग के दौरान उपस्थित सभी मेहमानों ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। तालियों की गूंज और सकारात्मक प्रतिक्रियाओं के साथ यह आयोजन बेहद यादगार बन गया। विशेष अतिथियों में डॉ नफीस कुरैशी, मोहम्मद शाकिर अंसारी, नदीम शेख, जफर अंसारी सहित मीडिया जगत के कई प्रतिष्ठित लोग मौजूद रहे। शो के निर्माता मोहम्मद अली अंसारी, अलीशान एंटरटेनमेंट की ओर से, ने सभी अतिथियों, प्रतियोगियों और पूरी टीम का हृदय से आभार व्यक्त किया। यह आयोजन सफलता और उत्साह के साथ संपन्न हुआ, जो ज़िंदगी अनफिल्टर्ड के उज्ज्वल भविष्य की ओर संकेत करता है।

शट-डाउन के बावजूद छोड़ी बिजली, लाइनमैन की दर्दनाक मौत

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग)

फुगाना में एक लाईनमैन की डूंगर फीडर से शटडाउन लेने के बावजूद लाईन छोड़ने से दर्दनाक मौत हो गई। संविदा लाईनमैन करंट लेने से विद्युत पॉल से जमीन पर गिर पडा। जिसको शामली के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने लाईनमैन को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। क्षेत्र के गांव फुगाना निवासी 30 वर्षीय संविदा लाईनमैन दीपक पुत्र मदनलाल गुरूवार को पूर्व प्रधान श्याम सिंह के खेत के 11 हजारी की लाइन को जोड़ने के लिए डूंगर फीडर से शटडाउन लेकर गया था। बताया जाता है कि जब लाइन जोडने के लिए वह विद्युत पॉल पर चढा तो अचानक विद्युत लाईन छोड दी गई। जिससे लाईनमैन को तेज करंट लगा और वह सीधा पॉल से सीधा जमीन पर गिर पडा और गंभीर रूप से झुलस गया। साथ में कार्य कर रहे नवरत्न ने आसपास मौजूद लाईनमैन व ग्रामीणों की मदद से झुलसे दीपक को शामली के जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने लाईनमैन को मृत घोषित कर दिया।

लाईनमैन की मौत की सूचना मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों पर सूचना के बावजूद न आने का आरोप लगाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक अपने पीछे तीन छोटे बच्चों को छोड गया है। परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

पॉक्सो एक्ट : दोषी विकास सिंह उर्फ बिक्की सिंह को 20 वर्ष की कठोर कैद

- एक लाख रुपए अर्थदंड, न देने पर 2 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी
- अर्थदंड की धनराशि में से 80 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी
- करीब 3 वर्ष पूर्व 17 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने का मामला

विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण

सोनभद्र। करीब 3 वर्ष पूर्व 17 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अमित वीर सिंह की अदालत ने बुधवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर पॉक्सो एक्ट में दोषी विकास सिंह उर्फ विक्की सिंह को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। उसके ऊपर एक लाख रुपए अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर 2 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अर्थदंड की धनराशि में से 80 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक पिपरी थाना क्षेत्र निवासी पीड़िता ने 25 दिसंबर 2022 को पिपरी थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसकी मित्रता फेसबुक के जरिए विकास सिंह उर्फ विक्की सिंह पुत्र स्वर्गीय सुरेंद्र सिंह निवासी नेवादा कला, थाना अंतु, जिला प्रतापगढ़ उत्तर प्रदेश से हो गई। उसके बाद उसे बहला फुसलाकर गुजरात भगा ले गया, जहां फर्जी आधारकार्ड बनवाकर शादी कर लिया, जबकि उस समय उसकी उम्र 17 वर्ष थी। उसके बाद उससे यौन संबंध भी बनाने लगा। इस दौरान उसने चोरी से वीडियो क्लिप भी बना लिया और उसे ब्लैकमेल कर बाहर घुमाने ले जाने लगा और गैर लोगों से सम्बंध बनाने का दबाव भी बनाया। किसी तरह अपनी माँ को सारी जानकारी दी। उसकी माँ ने गुजरात पुलिस को सूचना दी तब उसकी गिरफ्तारी हुई। पुलिस ने उसे हिदायत दी कि लड़की को उसके घर छोड़कर आओ, जिसपर वह नशे की हालत में उसे उसके घर के पास रात में छोड़कर भाग गया। किसी तरह घर पहुंची और माँ को सारी बात बताई तो माँ ने कहा कि बीती बातों को भूलकर नई जिंदगी की शुरुआत करो। कुछ दिनों बाद फिर से कई नम्बर बदल कर फोन करने लगा और धमकी देने लगा कि अपनी माँ से पैसा दिलाओ नहीं तो वीडियो क्लिप अपलोड कर दूंगा। इसके अलावा किसी व्यक्ति के साथ यौन सम्बंध बनाने का दबाव देने लगा। इस तहरीर पर पिपरी पुलिस ने 25 दिसंबर 2022 को एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचना के दौरान पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, 8 गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर पॉक्सो एक्ट में दोषी विकास सिंह उर्फ बिक्की सिंह (26) वर्ष को 20 वर्ष की कठोर कैद एवं एक लाख रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 2 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वही अर्थदंड की धनराशि में से 80 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील दिनेश प्रसाद अग्रहरि, सत्यप्रकाश त्रिपाठी व नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

एआई को इस्तेमाल करें पर उसका गुलाम नहीं बनें: नागपाल

- एआई का उपयोग बॉलीवुड फिल्म और मनोरंजन जगत में तेजी से हो रहा है: अक्षय नागपाल
- आने वाले समय में युवाओं को ए आई जैसी तकनीकी से जुड़ना ही होगा: सावित्री यादव
- स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चल भारत के युवा दुनियां में आगे बढ़ रहे हैं: अशोक भारद्वाज

समाज जागरण, जिला संवाददाता।
(महेन्द्र जावला बहल)

भिवानी। नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति, सदाचारी शिक्षा समिति एवं माय युवा भारत केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय युवा सप्ताह कार्यक्रम का समापन इस वर्ष आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक) टेक्नोलॉजी पर विशेष फोकस के साथ किया गया। समापन अवसर पर इंग्लैंड से आए अंतरराष्ट्रीय स्तर के एआई स्पेशलिस्ट अक्षय कुमार नागपाल को मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक सावित्री यादव ने की। एआई स्पेशलिस्ट अक्षय कुमार नागपाल ने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को एआई के लाभ, चुनौतियों और जिम्मेदार उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर कार्यक्रम अध्यक्ष सावित्री यादव ने कहा कि आने वाले समय में युवाओं को एआई जैसी नई नई तकनीकी से जुड़ना बहुत जरूरी होगा। तभी हम दुनिया को समझ पाएंगे। कार्यक्रम के संयोजक एवं भारत सरकार से राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज ने अपने संबोधन में कहा कि अक्षय नागपाल भिवानी की मिट्टी से जुड़े ऐसे युवा हैं, जिन्होंने वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से एमबीए की डिग्री प्राप्त की है और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस फोकस्ड टेक्नोलॉजी प्रोफेशनल के रूप में कार्य कर रहे हैं। उनका इंजीनियरिंग, डेटा और अतिरिक्त उन्होंने सूचना प्रौद्योगिकी में बीटेक किया है, सी-डैक पुणे से बिग डेटा एनालिटिक्स की ट्रेनिंग ली है तथा आईआईटी खड़गपुर से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में एडवांस्ड स्टडीज की है। जिससे भिवानी के युवाओं को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार स्वामी विवेकानंद ने विदेश में जाकर भारत की संस्कृति को पहचान करवाई, उसी प्रकार भारत के युवा उनकी प्रेरणाओं को लेकरआगे बढ़ रहे हैं। कम उम्र में ही अक्षय ने आईएनजी जैसी बड़ी वैश्विक संस्थाओं के साथ कार्य किया। आईएनजी बैंक में उन्होंने बैंक के पहले मशीन लर्निंग प्लेटफॉर्म के विकास में योगदान दिया, जिससे एंटरप्राइज स्तर पर एआई और डेटा आधारित निर्णय लेने की प्रक्रिया को गति मिली। वर्तमान में इंग्लैंड के लंदन में निवास कर रहे अक्षय नागपाल अपनी स्वयं की एआई कंसल्टिंग प्रैक्टिस चला रहे हैं, जो स्टार्टअप्स, स्केल-अप्स और स्थापित संगठनों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को व्यावहारिक, रणनीतिक और जिम्मेदारी के साथ अपनाने की सलाह देता है। उनका कार्य एआई, प्रोडक्ट स्ट्रेटेजी और एजीलब्यूशन के संयोजन पर केंद्रित है, जिससे संगठनों को उभरती तकनीक को मापने योग्य व्यावसायिक परिणामों में बदलने में मदद मिलती है। मुख्य वक्ता अक्षय नागपाल ने विवेकानंद हाई स्कूल के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों से संवाद करते हुए कहा कि एआई आज दुनिया की सबसे बड़ी और प्रभावशाली तकनीकों में से एक है, जिसके लाभ भी हैं और नुकसान भी। उन्होंने कहा कि एआई का उपयोग सकारात्मक रूप में शिक्षा, शोध और विकास के लिए अत्यंत उपयोगी है, लेकिन इसका गलत इस्तेमाल भी संभव है। एआई के माध्यम से फर्जी वीडियो, ऑडियो और तस्वीरें बनाकर फ्रॉड और ब्लैकमेलिंग जैसे अपराध किए जा सकते हैं, इसलिए सतर्क रहना जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा कि एआई को अपनाएं, लेकिन उसके गुलाम न बनें। शिक्षा के क्षेत्र में एआई शिक्षकों और छात्रों दोनों के लिए कई सकारात्मक अवसर लेकर आई है। साथ ही उन्होंने बताया कि आजकल एआई का उपयोग फिल्म और मनोरंजन जगत, विशेषकर बॉलीवुड में भी तेजी से हो रहा है। कार्यक्रम के अंत में युवाओं से भविष्य के लिए एआई आधारित कौशल विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने इस अवसर पर भारत और इंग्लैंड के पर्यावरण व दैनिक दिनचर्या पर भी फोकस किया, कहा वहां की बजाय अपने भारत में पर्यावरण व दैनिक दिनचर्या बिगड़ी हुई है। हमें दोनों विषयों पर भी बल देना होगा। इस अवसर पर लेखाकार सरला अग्रवाल, इतिहास प्रवक्ता उर्मिला सैनी,मास्टर दयानंद, अमन कुमार हालवास, प्रीति सैनी, सुमित मलिक, बबीता बरगूजर, कविता रंगा, पूनम, अंजु देवी, रामा देवी, प्रिया देवी, सुनना, रेखा, वर्षा देवी, उषा रानी, अनीता सैनी सैंकड़ों विद्यार्थी व शिक्षक अभिभावक उपस्थित रहे।

नितिन नवीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर कार्यकर्ताओं में खुशी की की लहर

समाज जागरण

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) नितिन नवीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से पाटीकार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है नितिन नवीन जी भाजपा के अब तक सबसे युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष बने है ,भाजपा ही एक मात्र ऐसी पार्टी है जिसमे 45 साल का युवा भी राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है,भाजपा में

आम कार्यकर्ता भी राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है जही असली लोकतंत्र है नितिन नवीन जी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने का देश की राजनीति में एक दूरगामी देखने को मिलेगा । भाजपा का सैदव यह मानना है युवा ही देश को आगे ले जा सकते है।भाजपा ने युवाओं को राजनीति में आगे बढ़ाने का काम किया है आज युवा वर्ग को भरोसा हो गया है कि भाजपा ही युवाओं को सही नेतृत्व व दिशा दे सकती है।

एचकेआरएनएल पोर्टल 20 फरवरी तक पुनः खुलेगा, अनुबंध कर्मचारियों का डेटा होगा पुनः स्थानांतरित

समाज जागरण,

चंडीगढ़: राज्य सरकार ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड (एचकेआरएनएल) के पोर्टल को 20 फरवरी तक पुनः खोलने का निर्णय लिया है। इस निर्णय का उद्देश्य पात्र अनुबंध कर्मचारियों के डेटा को दोबारा पोर्टल पर स्थानांतरित करना है। सरकारी जानकारी के अनुसार, एचकेआरएनएल पोर्टल उन अनुबंध कर्मचारियों का विवरण अपलोड करने के लिए खोला जाएगा, जिनकी नियुक्ति 31 मार्च 2022 या उससे पहले हुई थी और जो वर्तमान में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। पोर्टल खुलने से ऐसे कर्मचारियों का रिकॉर्ड अपडेट किया जा सकेगा, जिनका डेटा पूर्व में किसी कारणवश अपलोड नहीं हो पाया था या जिनमें तकनीकी त्रुटियां रह गई थीं। राज्य सरकार के इस फैसले से बड़ी संख्या में अनुबंध कर्मचारियों को राहत मिलने की उम्मीद है। संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि निर्धारित समय सीमा के भीतर पात्र कर्मचारियों का डेटा सही तरीके से पोर्टल पर अपलोड किया जाए।

महंत श्री राजेंद्र पुरी का विशेष आध्यात्मिक संदेश: साधना, सेवा और शक्ति से ही राष्ट्र का कल्याण संभव

समाज जागरण,
अश्विनी वालिया कुरुक्षेत्र।

गुप्त नवरात्रि के पावन, रहस्यमयी एवं शक्तिसाधना के महापर्व पर जग ज्योति संस्थान में महंत श्री राजेंद्र पुरी जी के पवित्र सान्निध्य में प्रतिदिन नवदुर्गा हवन-यज्ञ का भव्य एवं दिव्य आयोजन पूरे विधि-विधान के साथ किया जा रहा है। वैदिक मंत्रोच्चारण, हवन कुंड की पावन अग्नि और माँ भगवती के जयकारों से संपूर्ण वातावरण भक्तिरस और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो गया है।

इस पावन अनुष्ठान के माध्यम से माँ जगदंबा से विशेष प्रार्थना की जा रही है कि इस घोर कलियुग में समस्त भारतवर्ष के नागरिकों को उत्तम स्वास्थ्य, मानसिक शांति, सद्बुद्धि एवं मंगलमय जीवन का वरदान प्राप्त हो। नवदुर्गा हवन-यज्ञ विश्व कल्याण, राष्ट्र की उन्नति और समाज में धर्म, करुणा एवं सद्भाव की स्थापना का सशक्त माध्यम बन रहा है।

महंत श्री राजेंद्र पुरी का विशेष आध्यात्मिक संदेश महंत श्री राजेंद्र पुरी जी ने गुप्त नवरात्रि के अवसर पर अपने विशेष संदेश में कहा– हवन-जब समाज दिशाहीन होता है, तब-तब माँ भगवती शक्ति बनकर प्रकट होती हैं।

नवरात्रि का यह पावन काल आत्मशुद्धि, संयम और सेवा का है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने भीतर की नकारात्मकता को त्यागकर साधना और सेवा के मार्ग पर चले, तो राष्ट्र स्वयं शक्तिशाली और समृद्ध बन जाएगा।हु उन्होंने आगे कहा कि माँ दुर्गा की उपासना केवल व्यक्तिगत कल्याण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संपूर्ण समाज और राष्ट्र को ऊर्जा, साहस और धर्मबोध प्रदान करती है। साधना के साथ सेवा का भाव ही सनातन संस्कृति की आत्मा है। आध्यात्मिक साधना के समानांतर जग ज्योति संस्थान की गौशाला में गौ माता की सेवा को भी सर्वोच्च स्थान दिया जा रहा है। सनातन परंपरा में गौ माता को समस्त देवताओं का वास माना गया है। इसी श्रद्धा भाव के साथ गौ माता के संरक्षण, पोषण और स्वास्थ्य की निरंतर व्यवस्था की जा रही है।

सर्दी के मौसम को ध्यान में रखते हुए गौ माता के शारीरिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उनके यकृत (लिवर) को सुदृढ़ एवं स्वस्थ बनाए रखने हेतु उत्तम एवं प्रभावी औषधियाँ दी जा रही हैं, ताकि गौ माता निरोग, सशक्त और स्वस्थ रह सकें। इसके साथ ही स्वच्छता, पौष्टिक आहार और नियमित देखभाल की समुचित व्यवस्था भी की गई है। जग ज्योति संस्थान द्वारा किया जा रहा यह नवदुर्गा हवन-यज्ञ और गौ सेवा समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। यह आयोजन न केवल आध्यात्मिक चेतना को जागृत कर रहा है, बल्कि धर्म, सेवा और राष्ट्र कल्याण के सनातन संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य भी कर रहा है। गुप्त नवरात्रि के इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं की आस्था, साधना और सेवा का यह संगम पंजाब केसरी शैली में एक सशक्त आध्यात्मिक संदेश प्रस्तुत करता है।

पानीपत का कपड़ा उद्योग वैश्विक पहचान बना रहा, सरकार देगी हरसंभव सहयोग: मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

समाज जागरण,

पानीपत: मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पानीपत का कपड़ा उद्योग न केवल हरियाणा बल्कि पूरे भारत का नाम वैश्विक स्तर पर रोशन कर रहा है। उन्होंने कहा कि पानीपत को देश की टेक्सटाइल हब्बह के रूप में विशेष पहचान मिली है और इसका सीधा लाभ राज्य की अर्थव्यवस्था व रोजगार को मिल रहा है।

मुख्यमंत्री पानीपत में टेक्सटाइल, फूड प्रोसेसिंग और अन्य उद्योगों से जुड़े प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बजट-पूर्व परामर्श बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने कच्चे माल, बिजली, निर्यात प्रोत्साहन और बुनियादी ढांचे से जुड़ी समस्याओं और सुझावों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार उद्योगों के अनुकूल वातावरण बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और आगामी बजट में उद्योग क्षेत्र से जुड़े व्यावहारिक सुझावों को शामिल किया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि कपड़ा और फूड प्रोसेसिंग उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत सुधार, निवेश प्रोत्साहन और रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि उद्योगों का विस्तार होने से युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिलेगा और हरियाणा औद्योगिक विकास की दिशा में और मजबूत होगा।

मेडिकल व टेक्निकल टेक्सटाइल में रिसर्च को बढ़ावा देना समय की जरूरत: मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

समाज जागरण,

पानीपत: मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मेडिकल टेक्सटाइल और टेक्निकल टेक्सटाइल जैसे उभरते क्षेत्रों में अनुसंधान (रिसर्च) को बढ़ावा देना आज की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भविष्य में टेक्सटाइल उद्योग केवल पारंपरिक उत्पादन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि नवाचार और तकनीक आधारित विकास इसकी पहचान बनेगा।

मुख्यमंत्री पानीपत में टेक्सटाइल, फूड प्रोसेसिंग एवं उद्योग प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बजट-पूर्व परामर्श बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार नेशनल टेक्निकल टेक्सटाइल मिशन के साथ मिलकर प्रदेश में नई मशीनरी, आधुनिक तकनीक और श्रमिकों की ट्रेनिंग के लिए सब्सिडी प्रदान कर रही है, ताकि उद्योग वैश्विक प्रतिस्पर्धा में आगे रह सकें।

मुख्यमंत्री ने बताया कि आत्मनिर्भर टेक्सटाइल नीति के विस्तार और विभिन्न सब्सिडी योजनाओं के माध्यम से उद्योगों को सशक्त किया जा रहा है। इससे उत्पादन लागत घटेगी, गुणवत्ता में सुधार होगा और निर्यात को नई गति मिलेगी।

उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य पानीपत-गुरुग्राम-फरीदाबाद औद्योगिक कॉरिडोर को विकसित कर हरियाणा को ग्लोबल एक्सपोर्ट हब के रूप में स्थापित करना है। इससे न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, बल्कि स्थानीय युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी मिलेंगे।

मुख्यमंत्री ने उद्योग प्रतिनिधियों से संवाद करते हुए उनकी समस्याएं और सुझाव भी सुने तथा आश्वासन दिया कि आगामी बजट में उद्योग हितैषी निर्णयों को प्राथमिकता दी जाएगी।

नई संसद 140 करोड़ लोगों की भावनाओं का प्रतिबिंब है:-राज्यपाल

प्रो. के. पी.सिंह की पुस्तक "न्यू पार्लियामेंट-द वॉयस ऑफ भारत का लोकार्पण।

समाज जागरण,

नई दिल्ली।अकादमिक जगत में अपनी कर्तव्यनिष्ठा के लिए प्रसिद्ध दिल्ली विश्वविद्यालय के गांधी भवन के निदेशक व पुस्तकालय विज्ञान विषय के अद्वितीय प्रो. के.पी. सिंह की बहु प्रतीक्षित पुस्तक, " न्यू पार्लियामेंट - द वॉयस ऑफ भारत " का मंगलवार को उत्तराखंड सदन में उत्तराखंड के माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। आरंभ में प्रो. के.पी. सिंह ने महामहिम राज्यपाल को पुष्पगुच्छ,अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह एवं श्रीमद् भागवत गीता की प्रति भेंट कर स्वागत किया।

प्रो. के.पी.सिंह ने अपने स्वागत वक्तव्य में महामहिम राज्यपाल का स्वागत करते हुए कहा कि उनकी वजह से उनको पुस्तकों के लेखन की प्रेरणा प्राप्त हुई है । उन्होंने बताया कि लॉकडाउन के समय से लेकर आज तक लगातार 4 पुस्तकें क्रमानुसार प्रकाशित हुई हैं। अपनी पुस्तक के प्रेरणा का कारण बताते हुए कहा कि नए संसद भवन का उद्घाटन भारतीय संस्कृति की पुनःप्राप्ति का अवसर था और पूरा देश भावुक था तो उस समय को संजोने के लिए इस पुस्तक को प्रकाशित किया। पुस्तक के विषय में चर्चा करते हुए अटल प्रकाशन की ओर से उपासना काबरा ने कहा कि इस पुस्तक में नए संसद भवन के निर्माण के संकल्प से जिस तरह के वास्तु से लेकर पौराणिक एवं आधुनिक भारत के मिश्रण का जिक्र है । उन्होंने बताया कि 307 पृष्ठ की इस पुस्तक में उस समय देश की भावनात्मक मनोदशा एवं वैचारिक का विवरण है।

स्वागत वक्तव्य के पश्चात माननीय महामहिम राज्यपाल श्री गुरमीत सिंह ने प्रो.के. पी. सिंह की पुस्तक का विमोचन किया । अपने उद्बोधन में महामहिम राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह जी ने प्रो. के.पी. सिंह जी को इस अद्वितीय पुस्तक के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि हम सभी को लक्ष्य प्राप्ति के लिए खड़ा होना ही पड़ेगा , यही नवीन संसद भवन का विचार है। संसद का नयापन राष्ट्र का नयापन है। विश्वगुरु भारत की हुंकार है। नया संसद भवन 21वीं सदी के भारत का भवन है । उन्होंने कहा कि अपने विचारों को अपने स्थानों को अपने संस्थानों को नयापन देना ही होगा। उन्होंने आगे कहा कि हम सब जानते हैं कि भारत लोकतंत्र की जननी है। यहीं लोकतंत्र जन्मा है। उदाहरण देते हुए कहा कि सबसे बड़ी बात यह है कि यह संसद भवन भारत की अपनी थाती को समाहित किए हुए है। जिस तरह से संविधान ने हमें त्याग की प्रेरणा दी है वह त्याग , समन्वय और समरसता सब कुछ नए संसद भवन में दिखाई देती है।

महामहिम राज्यपाल ने बताया कि नए संसद भवन के उद्घाटन के समय भारत के हृदय के उद्गार क्या थे वो इस पुस्तक में है। उन्होंने प्रो. के.पी. सिंह जी के विषय में बात करते हुए कहा कि प्रो. सिंह जी को चुनौतियां लेना ही सबसे अधिक पसंद है और वही इनके जीवन का असली आनंद है । पुस्तकालय विज्ञान अब केवल वो शांत जगह नहीं है और प्रो. के.पी. सिंह जैसे क्रियाशील पुस्तकालय विज्ञानियों ने इसे आधुनिक थियेटर बनाया है। संसद भवन के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि रिकार्ड समय में पूरे होने वाले इस प्रोजेक्ट में सब कुछ अनोखा है। इसमें वास्तुकला का अद्भुत समागम है। भारत के वैदिक समय की छाप से लेकर मौर्य वंश के प्रतीक चिह्न, चोल राजाओं द्वारा बने मंदिरों की छाप से लेकर , भारतीयता को समेटे हुए भित्ति चित्र एवं छायाचित्र सहित सेंगोल की स्थापना तक सब कुछ भारतमय है। एक - एक पत्थर से लेकर भवन का एक एक भित्ति चित्र प्राचीन भारत को आधुनिक भारत से जोड़ता है। हर भारतीय ने इस परिवर्तन को अपने हृदय में संजोया है। यह पुस्तक उसी नए संसद भवन के उत्सव का प्रतिबिंब है। यह केवल भवन नहीं अपितु जीवंत भारत और भारतीयता की आत्मा है। उन्होंने प्रधानमंत्री के उस संबोधन का जिक्र किया जिसको एक गीत में कहा गया था -- नवीन पर्व के लिए नवीन प्राण चाहिए। मुक्त मातृभूमि को नवीन मान चाहिए। उन्होंने हर्ष व्यक्त किया कि इस पुस्तक से और नवीन संसद भवन से हमने परतंत्रता की मानसिकता को दूर फेंक कर भारत की वास्तविक स्वतंत्रता को आत्मसात किया है। कार्यक्रम के अंत में दिल्ली विश्वविद्यालय के पुस्तकालय विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. आर के भट्ट जी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पिंकी शर्मा जी ने किया। कार्यक्रम में दिल्ली विश्वविद्यालय के पुस्तकालय विज्ञान विभाग से पूर्व ,विभागाध्यक्ष प्रो. राकेश कुमार भट्ट, दयाल सिंह कॉलेज की प्राचार्य प्रो. भावना पाण्डेय, श्री अरविंदो कॉलिज प्रोफेसर हंसराज सुमन, पुस्तकालय विज्ञान विभाग प्रो.जे. एन. सिंह , प्रो.मीरा, डॉ.मनीष कुमार, डॉ.पिंकी शर्मा, अटल प्रकाशन संदीप जैन,उन्नत जैन, उपासना काबरा सहित शिक्षाविद, समाजसेवी एवं शोधार्थी उपस्थित रहे।

राज्यपाल ने श्री गुरु तेग बहादुर जी के श्लोक-अनंत वास्तविकता की प्राप्ति की ओर एक यात्रा पुस्तक का विमोचन किया

समाज जागरण,

चंडीगढ़: राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने लोक भवन में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान श्री गुरु तेग बहादुर जी के श्लोकअनंत वास्तविकता की प्राप्ति की ओर एक यात्रा पुस्तक का विधिवत विमोचन किया।

यह पुस्तक गुरु नानक खालसा कॉलेज, यमुनानगर के प्राचार्य डॉ. अरविंदर सिंह भल्ला द्वारा लिखी गई है।

पुस्तक में श्री गुरु तेग बहादुर जी के श्लोकों का गहन अध्ययन प्रस्तुत किया गया है।

राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि लेखक ने गुरु तेग बहादुर जी के श्लोकों की समकालीन संदर्भों से जोड़ते हुए प्रभावशाली व्याख्या की है। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक न केवल शिक्षार्थियों के लिए उपयोगी है, बल्कि आम पाठकों को भी आध्यात्मिक और नैतिक दृष्टि से मार्गदर्शन प्रदान करती है।

राज्यपाल ने लेखक के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की रचनाएं भारतीय दर्शन, मानवीय मूल्यों और आध्यात्मिक चेतना को समाज तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

अटल कैंटीन से दिल्ली के मेहनतकशों को 5 रुपये में पौष्टिक भोजन

समाज जागरण,

नई दिल्ली: अटल कैंटीन आज दिल्ली के मेहनतकश श्रमिकों और जरूरतमंद परिवारों के लिए बड़ी राहत बन रही हैं। इन कैंटीनों के माध्यम से मात्र 5 रुपये में पौष्टिक और स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। कैंटीनों से भोजन प्राप्त कर रहे लोगों के चेहरे की संतुष्टि और आत्मविश्वास साफ दर्शाते हैं कि यह पहल सही दिशा में आगे बढ़ रही है। लोगों का कहना है कि कम कीमत में पौष्टिक भोजन मिलने से उनकी दैनिक समस्याएं काफी हद तक कम हुई हैं।

सरकारी स्तर पर इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी व्यक्ति भूखा न सोए और हर नागरिक को सम्मानजनक जीवन मिले।

अटल कैंटीन योजना से न केवल गरीब और श्रमिक वर्ग को राहत मिली है, बल्कि सामाजिक सुरक्षा की दिशा में भी यह एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है। सरकार का कहना है कि इस प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से दिल्लीवासियों का जीवन अधिक सरल, सुरक्षित और सम्मानजनक बन रहा है।

यमुना की सफाई के लिए सरकार मिशन मोड में, नजफगढ़ ड्रेन में तैनात हुई वाटर मास्टर मशीन

समाज जागरण,

नई दिल्ली: यमुना नदी की सफाई के लिए सरकार संकल्प, आधुनिक तकनीक और जमीनी स्तर पर बदलाव–तीनों मोर्चों पर मिशन मोड में काम कर रही है। इसी क्रम में नजफगढ़ ड्रेन में आधुनिक और उन्नत तकनीक से लैस वाटर मास्टर मशीन को तैनात किया गया है।

यह मशीन ड्रेन में जमी सिल्ट, कचरा और जलकुंभी को हटाकर जल प्रवाह को सुचारू बनाएगी, जिससे यमुना में गिरने वाले प्रदूषित जल पर प्रभावी नियंत्रण संभव हो सकेगा।

अधिकारियों के अनुसार, वाटर मास्टर के संचालन से ड्रेन की सफाई के साथ-साथ प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। सरकार का कहना है कि यह पहल न केवल जलभराव की समस्या को कम करने में सहायक होगी, बल्कि यमुना नदी और राजधानी के ड्रेनों की स्वच्छता की दिशा में एक निर्णायक और स्थायी बदलाव लाने का कार्य करेगी।

गणतंत्र दिवस से पहले दक्षिण-पूर्व जिले में RWAs और MWAs के साथ व्यापक बैठक आयोजित

समाज जागरण,

नई दिल्ली: आगामी गणतंत्र दिवस से पूर्व, दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस ने RWAs और MWAs के स्टेकहोल्डर्स के साथ एक व्यापक बैठक का आयोजन किया।

बैठक की अध्यक्षता श्री एस. के. जैन, आईपीएस, संयुक्त पुलिस उपायुक्त/साउदर्न रेंज ने की, जबकि कार्यक्रम में श्री हेमंत तिवारी, पुलिस उपायुक्त दक्षिण-पूर्व दिल्ली और सुश्री ऐश्वर्या शर्मा, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त-कदक्षिण-पूर्व जिला भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में साइबर जागरूकता वीडियो और जानकारीपूर्ण सत्र आयोजित किए गए, जिनमें डिजिटल सुरक्षा और साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया।

मजदूरी करने जा रहे किशोरी की सड़क हादसे में मौत

समाज जागरण

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के अन्तर्गत बुधवार की सुबह साइकिल से मजदूरी के करने के लिए ईट भट्ठा जा रहे 16 वर्षीय किशोर को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। साथ में जा रहे किशोर बाल-बाल बच गया। उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार हुसैनगंज थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव निवासी मनोज का पुत्र चन्द्रसेन गांव के ही गया प्रसाद का पुत्र जयसिंह के साथ साइकिल से हसवा अर्न्तगत मजदूरी के लिए ईट भट्ठा जा रहा था। बताते है कि यह लोग हसवा के अर्न्तगत पहुचे तभी अज्ञात वाहन ने साइकिल में टक्कर मार दिया। जिससे चन्द्रसेन गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि जयसिंह को एक भी खरोंच न आयी। तत्काल का घायल को सरकारी एम्बुलेंस द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने किशोर को मृत घोषित कर दिया। वहीं सूचना पर पुलिस ने सदर अस्पताल मोर्चरी पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया। इस हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

सड़क हादसे में दो घायल

समाज जागरण

फतेहपुर। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अर्न्तगत हुये सड़क हादसों के दौरान दो लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार ललौली थाना क्षेत्र के कस्बा बहुआ निवासी जमील का 35 वर्षीय नसीम बाइक से सामान लेने जा रहा रहा था। तभी गांव के पास ही अनियंत्रित होकर बाइक गिर जाने से घायल हो गया। इसी प्रकार खागा कोवताली क्षेत्र के सुजानीपुर गांव निवासी रामदास का 35 वर्षीय पुत्र कमलेश गांव के समीप टहल रहा था। इसी बीच अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे वह घायल हो गया। सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

नाली के विवाद में सगे भाईयों पर किया जानलेवा हमला

समाज जागरण

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के हसवा में बुधवार की दोपहर बाद नाली के विवाद को लेकर गांव के ही दबंग ने सागे भाईयों पर धारदार हथियार मार घायल कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुयी है। जानकारी के अनुसार हसवा निवासी स्व0 सत्यनारायन का 34 वर्षीय पुत्र जितेन्द्र व उसका छोटा भाई राघवेन्द्र कुमार 21 वर्ष गांव के ही राजू साहू ने नाली के विवाद को लेकर भाईयों पर फावडे से हमला कर दिया। जिससे छोटा भाई राघवेन्द्र गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि जितेन्द्र भी मामूली तौर घायल हो गया। दोनो गांव के ही कुछ लोग अपने ही निजी वाहन से उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज करा रहे बडे. भाई जितेन्द्र ने बताया कि उसके घर के सामने रहने वाले राजू साहू के सामने नाली की खुदाई हो रही है। जिस पर वह नाली का कूड़ा निकालकर उसके घर के सामने फेंक रहा था। विरोध करने पर उसने घटना को अंजाम दिया।

तुर्की पुल के वैकल्पिक रस्ते में वसूली का वीडियो वायरल

ज्यादा चढ़ाई होने पर ट्रैक्टर को खींचने सहित इंट्री के 600 रुपए लेने की बात कर रहा है ड्राइवर

समाज जागरण

फतेहपुर किशनपुर कस्बे के यमुना नदी पर बने पक्के पुल के रास्ते में पड़ने वाले तुर्की पुल के क्षतिग्रस्त होने के कारण लोगों को वैकल्पिक मार्ग का सहारा ले के किशनपुर पुल तक पहुंचना होता है।

वैकल्पिक मार्ग किसानों से अनुबंध करा के खनन कारोबारियों ने बनवाया है और दिन भर वाहन इसी रस्ते से निकल यमुना पुल तक पहुंचते हैं।

बीती रात ईट ट्रैक्टरों से वसूली का वीडियो सोशल मीडिया में प्रसारित हो रहा है वीडियो की पुष्टि संवाद न्यूज एजेंसी नहीं करता ।

वीडियो में बात करते हुवे दो लोग आपस में बात कर रहे हैं और पुल तक पहुंचने के लिए 600 रुपए वसूली की बात कर रहे हैं वीडियो में 20 तारीख तक इंट्री कराने की बात भी कही जा रही है ।

मामले में थानाध्यक्ष किशनपुर सत्यदेव गौतम ने बताया सोसलमिडिया के माध्यम से पता चल है अगर कोई वसूली करता है तो सख्त कार्यवाही होगी

महिला ने कस्बे के एक सराफा व्यापारी द्वारा गहने न देने और दुकान पर बदसलूकी करने का आरोप लगाया

समाज जागरण

फतेहपुर किशनपुर कस्बा स्थित एक व्यापारिक प्रतिष्ठान में क्षेत्र के दरियापुर गांव की रहने वाली महिला सुमित्रा देवी ने गहने वापस न करने का आरोप लगाया है। थाना किशनपुर में दी गई तहरीर में महिला सुमित्रा ने बताया कस्बे के एक सोना चांदी व्यापारी के यहां 900 ग्राम चांदी के जेवर गिरवी रख 13 हजार रूपए लिए थी जिस पर दुकानदार ने ढाई प्रतिशत ब्याज लगा के रकम देने बाद गहने वापसी की बात कही थी बुधवार को जब सुमित्रा देवी बबलू अग्रवाल सर्राफ के दुकान पहुंची तो उन्हें गाली गलौज कर दुकान से भगा दिया और गहने देने से साफ मन कर दिया है ।

गहनों में कमरबंद, हाथ कड़ा,पायल , और हार जैसे आभूषण है

मामले में थानाध्यक्ष सत्यदेव गौतम ने बताया प्रार्थनापत्र मिला है जांच की जा रही है

ब्राउन शुगर बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

समाज जागरण संवाददाता कुलदीप सिंह लखीमपुर खीरी।

थाना चन्दनचौकी पुलिस एवं सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की संयुक्त टीम ने मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 8.74 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। साथ ही जामातलाशी में

300 रुपये नेपाली मुद्रा तथा एक स्कूटी (रजिस्ट्रेशन नंबर वढ31 उऊ 0992) भी बरामद की गई है।

थानाध्यक्ष चन्दनचौकी के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान पिंकू पुत्र बजरंगी, निवासी मोहल्ला रंगरेजान, थाना पलिया के रूप में हुई है। बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर थाना चन्दनचौकी में अभियुक्त के विरुद्ध धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर उसे माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस सफल अभियान में उप निरीक्षक उमाशंकर यादव, कांस्टेबल अंकित कुमार सिंह, सहायक कमांडेंट तिलक राज (एसएसबी), एएसआई पूरन सिंह खत्री (एसएसबी), हेड कांस्टेबल शिशन राम (एसएसबी), आरक्षी राजकिशोर यादव, आरक्षी कराले गणेश अमरुता, आरक्षी अभिषेक कुमार यादव (एसएसबी) तथा डॉग हैंडलर आरक्षी प्रकाश चन्द्र गुर्जर का विशेष योगदान रहा।

पुलिस एवं एसएसबी अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

नियम कानूनों में बदलाव को लेकर नगर मजिस्ट्रेट को सोपा ज्ञापन

समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंडित श्रीकांत उपाध्याय के नेतृत्व में संगठन द्वारा एक ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट फिरोजाबाद को दिया गया। जिसमें ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंडित श्रीकांत उपाध्याय ने मांग की। और उन्हें अवगत कराया गया कि UGC द्वारा नियमों में बदलाव कर सभी विश्व विद्यालयों में 13 जनवरी 2026 से नए नियम लागू किए गए है। जिसमें उनके द्वारा जातीय भेदभाव को मिटाने के लिए नियम बनाए है। जिसमें सिर्फ अनुसूचित व अनुसूचित जनजाति की शिकायतों के लिए एक शिकायत रजिस्टर रखना अनिवार्य करना व सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को एक समर्पित SC/ST सेल बनाना आवश्यक कर दिया गया है। यह सेल अनुसूचित व अनुसूचित जनजाति आधारित भेदभाव की शिकायतों की निगरानी और समाधान के लिए जिम्मेदार होगा। लेकिन भारत में SCST का दुरुपयोग कर सामान्य व ओबीसी के साथ अन्याय होना भी अछूता नहीं है। अगर एक वर्ग के कहे शब्दों के आधार पर ही दूसरे वर्ग को दोषी मान लिया जाए तो यह एक गंभीर समस्या होगी। इसलिए समान अधिकार के लिए हर छात्र की गरिमा , जाति व धर्म को स्थापित करना व स्वतंत्रता मिलने का अधिकार होना चाहिए। इसलिए संगठन ने निम्न मांग की है।

1- सभी विश्व विद्यालयों में समान छात्र अधिकार प्रणाली लागू की जाए।

2 - जाति के आधार पर सभी वर्ग के छात्रों के लिए समान कानून व नियम बनाए जाए। व इन शिकायतों की निगरानी के लिए निगरानी समिति का गठन किया जाए।

3- सामान्य व ओबीसी के छात्रों का उत्पीड़न न हो इसलिए SCST सेल व निगरानी समिति वाले आदेश को निरस्त किया जाए।

4- किसी छात्र या नागरिक द्वारा रउरळ के दुरुपयोग को रोकने व न्याय स्थापित करवाने व सत्यता प्रमाणित करने के लिए सभी जांच अधिकारी, शिकायतकर्ता, गवाहन व प्रतिवादी का पॉलीग्राफ लाइव डिटेक्टर टेस्ट अनिवार्य किया जाए। बल्कि भारत में प्रत्येक FIR की सत्यता प्रमाणित के लिए सभी जांच अधिकारी, शिकायतकर्ता, गवाहन व प्रतिवादी का पॉलीग्राफ लाइव डिटेक्टर टेस्ट अनिवार्य किया जाए।

और यह भी अवगत कराया गया। कि इन मांगों पर संज्ञान लिया जाना इसलिए भी अत्यधिक जरूरी है। कि भविष्य में जातीय आधार पर किसी वर्ग का शोषण न किया जाए। अगर इन मांगों पर विचार नहीं किया गया। तो OBC और सामान्य वर्ग के छात्रों का शोषण होना व उनका भविष्य खराब करने का काम होगा। जिससे हिंदुओं में विघटन की स्थिति भयावह होगी। जिससे भविष्य में देश में हालात खराब होने की स्थिति पैदा होगी।

ज्ञापन देने में आनंद शर्मा, पवन शर्मा, गौरव शर्मा, नितिन शर्मा, अयांश उपाध्याय,प्रदेश गुप्ता, विवेक शर्मा, पप्पू, मनीष शर्मा, राहुल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

बाल श्रम छोड़ो शिक्षा से नाता जोड़ो, प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न।

समाज जागरण

फिरोजाबाद! बुधवार को बाल श्रम छोड़ो शिक्षा से नाता जोड़ो के उदघोष के साथ प्रमुख स्वयंसेवी संस्था चाइल्ड फंड इंडिया पेस-दिशा के विभव नगर स्थित कार्यालय पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला में बाल श्रम और सुरक्षित रोजगार को लेकर युवक और युवतियों को प्रशिक्षित किया गया और उनके चौमुखी विकास हेतु शासकीय योजनाओं के लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया। सरोजिनी नायडू विद्यालय के प्रधानाचार्य भगवान दास शंखवार की अध्यक्षता में आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला में रेंज फॉरेस्ट ऑफीसर नारखी प्रियंका यादव ने कहा कि शिक्षा ही सामाजिक विकास की कुंजी है और जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए निरंतरता बहुत जरूरी है, यदि एक बार असफल हो जाओ तो बार-बार प्रयास करो सफलता तुम्हारे चरण चूम लेगी।श्रम प्रवर्तन अधिकारी श्री डी पी सिंह ने अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश और भवन निर्माण श्रमिकों के परिवार की सहायता हेतु संचालित विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम कोऑर्डिनेटर श्रीमती अनुपम शर्मा ने संस्था के द्वारा अभावग्रस्त जीवन जीने वाले बालश्रम प्रभावित परिवारों के विकास के लिए किए जा रहे कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। सहकारी बैंक के मैनेजर श्री राजीव यादव ने स्वयं सहायता समूह के माध्यम से जीवन स्तर ऊंचा उठाने हेतु रोजगार स्थापित करने हेतु बैंक द्वारा संचालित ऋण योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर श्रम प्रवर्तन अधिकारी श्री यतेंद्र सिंह सेंगर, प्रोजेक्ट मैनेजर कासिम अली,प्रभा आर्य,रेखा वर्मा आदि मौजूद रहे।

वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर एसएसबी ने निकाली पद यात्रा व जन-जागरूकता रैली

समाज जागरण संवाददाता कुलदीप सिंह लखीमपुर खीरी।

70वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की सी समवाय, भरतपुर द्वारा प्राथमिक विद्यालय, भरतपुर में राष्ट्रगीत ह्लवंदे मातरम्ह्व की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर भव्य एवं गरिमामय स्मरणोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राजन कुमार श्रीवास्तव, कमांडेंट, 70वीं वाहिनी एसएसबी, लखीमपुर खीरी के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रगीत वंदे मातरम के ऐतिहासिक महत्व, स्वतंत्रता संग्राम में उसके योगदान तथा वर्तमान पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम की भावना को और अधिक सुदृढ़ करना रहा। इस अवसर पर देशभक्ति पद यात्रा एवं जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, ग्रामवासियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित एसएसबी के अधिकारी एवं जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने वंदे मातरम, भारत माता की जय, एक भारत, श्रेष्ठ भारत जैसे प्रेरणादायी नारों के माध्यम से राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता का संदेश जन-जन तक पहुँचाया। पद यात्रा के दौरान उपस्थित जनसमुदाय को राष्ट्रीय मूल्यों, संविधान के प्रति निष्ठा, सामाजिक सद्भाव तथा देश की एकता-अखंडता बनाए रखने के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम स्थल पर राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत वातावरण देखने को मिला, जिससे विद्यार्थियों एवं युवाओं में विशेष उत्साह और जोश दिखाई दिया। कार्यक्रम का समापन सभी उपस्थितजनों द्वारा सामूहिक रूप से राष्ट्रगान के भावपूर्ण गायन के साथ किया गया।

इस अवसर पर एसएसबी अधिकारियों ने विद्यार्थियों को देशभक्ति, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा एवं राष्ट्रसेवा के महत्व पर संबोधित करते हुए उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

70वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल द्वारा आयोजित यह स्मरणोत्सव कार्यक्रम बल एवं समाज के बीच सुदृढ़ समन्वय, आपसी विश्वास तथा जन-जागरूकता को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय पहल सिद्ध हुआ। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से एसएसबी समाज के साथ निरंतर जुड़कर राष्ट्रीय चेतना के प्रसार एवं सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन के लिए प्रतिबद्ध है।

छह लावारिस मरीजों को मिला 'अपना घर', भरतपुर आश्रम भेजे गए

समाज जागरण संवाददाता कुलदीप सिंह लखीमपुर खीरी।

पुलिस, समाजसेवियों एवं अन्य माध्यमों से इलाज हेतु जिला चिकित्सालय संबद्ध स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, मोतीपुर ओयल में भर्ती कराए गए छह लावारिस मरीजों को आश्रय एवं समुचित देखभाल के लिए अपना घर आश्रम, भरतपुर (राजस्थान) भेजा गया। इन मरीजों में कुछ मानसिक रूप से विक्षिप्त भी थे, जिन्हें अब सुरक्षित वातावरण में उपचार एवं संरक्षण मिलेगा।

जिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आर.के. कोली ने बताया कि भरतपुर स्थित अपना घर आश्रम लावारिस एवं मानसिक विक्षिप्त मरीजों के लिए वास्तव में उनके घर जैसा है, जहां उन्हें रहने, इलाज एवं देखभाल की समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराई जाती है। इन मरीजों को अलग-अलग स्थानों से पुलिस एवं समाजसेवियों द्वारा जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था, जहां चिकित्सकों की देखरेख में उनका नियमित उपचार, दवा एवं भोजन की व्यवस्था की जा रही थी। उन्होंने बताया कि मरीजों को स्थायी आश्रय की आवश्यकता को देखते हुए उच्च अधिकारियों एवं अपना घर आश्रम, भरतपुर के प्रबंधन से पत्राचार किया गया। इसके बाद मंगलवार की शाम भरतपुर से तीन सदस्यीय टीम वाहन सहित जिला चिकित्सालय मोतीपुर ओयल पहुंची और बुधवार की सुबह सभी छह लावारिस मरीजों को सकुशल वाहन में बैठाकर भरतपुर के लिए रवाना किया गया। मरीजों के स्वास्थ्य की जानकारी समय-समय पर जिला चिकित्सालय प्रबंधन द्वारा ली जाती रहेगी।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता ने कहा कि अपना घर आश्रम ऐसे लावारिस एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ लोगों के लिए सुरक्षित आश्रय स्थल है, जहां उन्हें सभी आवश्यक सुविधाएं मिलती हैं। उन्होंने समाजसेवियों एवं आम जनमानस से अपील की कि ऐसे जरूरतमंद लोगों की पहचान कर उन्हें सही स्थान तक पहुंचाने में सहयोग करें। उन्होंने यह भी बताया कि इससे पूर्व भी जिला चिकित्सालय से दो लावारिस मरीजों को अपना घर आश्रम, भरतपुर भेजा जा चुका है।

इस अवसर पर बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. आर.पी. वर्मा, काउंसलर देवनंदन श्रीवास्तव, मैट्रन रेशमा, नर्सिंग ऑफिसर वर्षा सिंह, अंजलि, राधा, राधिका एवं मीरा सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

घर में घुसकर बालिका छेड़ छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी देने वाला युवक गिरफ्तार!

समाज जागरण

फिरोजाबाद! थाना बसई मोहम्मदपुर के गांव सोफीपुर क्षेत्र के अंतर्गत नीलकंठ कॉलोनी में घर में घुसकर छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है! सोफीपुर क्षेत्र के अंतर्गत नीलकंठ कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है! 13 जनवरी को मोहल्ले का ही युवक सचिन पुत्र सरनाम सिंह घर में घुस आया और मेरी 9 वर्षीय पुत्री के साथ छेड़छाड़ करने लगा जब मैं वहां पहुंचा तब वह युवक बालिका को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया बालिका ने मुझे घटना से अवगत कराया है! पुलिस ने पीड़ित के तहरीर पर युवक के खिलाफ धारा 74 351(2)9 और 10 मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है पुलिस ने सोफीपुर दरगाह स्थित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के समीप से गिरफ्तार कर लिया है!

लापता बच्चे को एक घंटे में बरामद कर परिजनो के सुपुर्द किया

समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह

फि रोजाबाद। थाना उत्तर मिशन शक्ति पुलिस टीम ने ऑपरेशन मुस्कान के अन्तर्गत एक 03 वर्षीय गुमशुदा बच्चे को मात्र 01 घंटे में खोजकर माता पिता के सुपुर्द किया। बच्चे को पाकर परिजन काफी खुश हुए।

सविता नगर गली नंबर 11 कोटला रोड निवासी अमित कुमार पुत्र राम खिलाड़ी का तीन वर्षीय भांजा घर के बाहर खेल रहा था। उसी दौरान वह लापता हो गया।

परिजनों ने उसकी काफी तलाश की। मोहल्ले के लोगों से उसके बारे में पूछताछ की। बच्चे का कही पता नहीं चला। अमित ने थाने बालक के लापता होने के बारे में जानकारी दी। बच्चे की सकुशल बरामदगी को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत टीम गठित की।

थाना उत्तर मिशन शक्ति पुलिस टीम ने गुमशुदा बच्चे को सूचना मिलने के मात्र एक घंटे में काफी मशक्कत के बाद बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने परिजनों को बुलाकर बच्चे को उनके सुपुर्द कर दिया।

बच्चे को सकुशल पाकर परिजनों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया।

राजस्व की वसूली ज्यादा से ज्यादा की जाए – जिलाधिकारी

समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद! जिलाधिकारी रमेश रंजन ने तहसील जसराना का औचक निरीक्षण किया! इस दौरान उन्होंने तहसील के विभिन्न पटलों का सूक्ष्मता से अवलोकन किया और राजस्व कार्यो की समीक्षा की, निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक कार्यों में शिथिलता और वित्तीय लक्ष्यों के अपूर्णतः पर जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाया, निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम जिलाधिकारी ने प्रत्येक पटल पर जाकर राजस्व अभिलेख और पत्रावलियों की जांच की और अधिकारियों को लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए, ई-परवाना नवीस अनुभाग की समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि राजस्व वसूली लक्ष्य के सापेक्ष कम है! जिलाधिकारी ने कम वसूली पर गहरा असंतोष व्यक्त करते हुए संबंधित कार्मिकों को चेतावनी दी, यदि निर्धारित समय में सुधार नहीं हुआ, तो कठोर कार्यवाही की जाएगी, मत्स्य पालन आवंटन के कार्यों की समीक्षा करते हुए इसकी प्रक्रिया और गुणवत्ता पर असंतोष व्यक्त किया और यहां पर कार्यरत दो रजिस्ट्रार-कानूनगो, सुशील कुमार व नेत्रपाल सिंह को चार्जशीट देने की बात कही, उन्होंने उप जिलाधिकारी राजेश कुमार शुक्ला को निर्देशित किया कि सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के बैठने की समुचित व्यवस्था हो, इसके लिए अलग-अलग केबिनों का निर्माण यहां कराया जाए! अंत में जिलाधिकारी ने कहा कि सरकारी कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी, जनता की समस्याओं और समाधान का राजस्व लक्ष्य की प्राप्ति शासन की प्राथमिकता है।

बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय धौरऊ हिम्मतपुर का निरीक्षण किया गया।

समाज जागरण

फिरोजाबाद! बुधवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा विकास खण्ड शिकोहाबाद के प्राथमिक विद्यालय नगला महुआ, उच्च प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर, प्राथमिक विद्यालय धौरऊ हिम्मतपुर एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय धौरऊ हिम्मतपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाई गयी कमियों के दृष्टिगत प्राथमिक विद्यालय नगला महुआ के समस्त स्टाफ को कारण बताओ नोटिस निर्गत स्पष्टीकरण उपलब्ध कराये जाने के आदेश निर्गत किया गया है। अधोहस्ताक्षरी के द्वारा निरीक्षण में प्र०अ०/स०अ० को विद्यालयों में छात्र उपस्थिति बढ़ाये जाने, समुचित साफ-सफाई की व्यवस्था किये जाने के निर्देश के साथ-साथ शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किये जाने के निर्देश दिये गये। साथ ही दिनांक 24 जनवरी, 2026 से आयोजित होने वाली द्वितीय सत्र परीक्षा एवं डी०एल०एड० प्रशिक्षुओं के माध्यम से निपुण आंकलन के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये।

छह लावारिस मरीजों को मिला आश्रय, अपना घर भरतपुर भेजे गए

समाज जागरण संवाददाता कुलदीप सिंह लखीमपुर खीरी।

पुलिस, समाजसेवियों एवं अन्य माध्यमों से इलाज हेतु जिला चिकित्सालय संबद्ध स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, मोतीपुर ओयल में भर्ती कराए गए छह लावारिस मरीजों को स्थायी आश्रय एवं समुचित देखभाल के लिए अपना घर आश्रम, भरतपुर (राजस्थान) भेजा गया। इन मरीजों में कुछ मानसिक रूप से विक्षिप्त भी थे, जिन्हें अब सुरक्षित वातावरण में उपचार एवं संरक्षण उपलब्ध हो सकेगा।

जिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आर.के. कोली ने बताया कि राजस्थान के भरतपुर में स्थित अपना घर आश्रम लावारिस एवं मानसिक विक्षिप्त मरीजों के लिए उनके घर जैसा है, जहां उन्हें न केवल रहने का सुरक्षित ठिकाना मिलता है, बल्कि इलाज एवं उचित देखभाल की भी समुचित व्यवस्था रहती है। इन सभी मरीजों को पुलिस एवं समाजसेवियों द्वारा अलग-अलग स्थानों से जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उनका नियमित उपचार, दवा एवं भोजन की व्यवस्था की जा रही थी। उन्होंने बताया कि मरीजों को स्थायी आश्रय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उच्च अधिकारियों एवं अपना घर आश्रम, भरतपुर के प्रबंधन से पत्राचार किया गया। इसके बाद मंगलवार की शाम भरतपुर से तीन सदस्यीय टीम वाहन सहित जिला चिकित्सालय मोतीपुर ओयल पहुंची और बुधवार की सुबह सभी छह लावारिस मरीजों को सकुशल वाहन में बैठाकर भरतपुर, राजस्थान के लिए रवाना कर दिया गया। मरीजों के स्वास्थ्य की जानकारी समय-समय पर जिला चिकित्सालय प्रबंधन द्वारा ली जाती रहेगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि अपना घर आश्रम लावारिस एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्तियों के लिए उनके घर जैसा वातावरण प्रदान करता है, जहां उन्हें सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। उन्होंने समाजसेवियों एवं आम जनमानस से अपील की कि ऐसे जरूरतमंद लोगों की सहायता कर उन्हें सही स्थान तक पहुंचाने में सहयोग करें। उन्होंने यह भी बताया कि इससे पूर्व भी जिला चिकित्सालय से दो लावारिस मरीजों को अपना घर आश्रम, भरतपुर भेजा जा चुका है।

इस अवसर पर बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. आर.पी. वर्मा, काउंसलर देवनंदन श्रीवास्तव, मैट्रन रेशमा, नर्सिंग ऑफिसर वर्षा सिंह, अंजलि, राधा, राधिका एवं मीरा सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न

समाज जागरण संवाददाता कुलदीप सिंह लखीमपुर खीरी।

डॉ. हेडगेवार सरस्वती शिशु मंदिर, आवास-विकास में राष्ट्र निर्माण एवं मातृ शक्ति के जागरण के उद्देश्य से सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम बड़े ही उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन-अर्चन के साथ किया गया। मंचासीन अतिथियों का परिचय एवं स्वागत करते हुए कार्यक्रम की संयोजिका गरिमा मिश्रा ने कार्यक्रम की प्रस्ताविकी प्रस्तुत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता अर्चना श्रीवास्तव, अध्यक्ष (भारत विकास परिषद) ने की। कार्यक्रम की प्रांतीय मुख्य वक्ता डॉ. सुरचना (प्रवक्ता, श्री भगवान दीन आर्य कन्या महाविद्यालय) ने अपने संबोधन में भारत के विकास में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं दिव्या शर्मा (प्रधानाचार्या, जूनियर हाई स्कूल पहाड़ापुर) ने कुटुंब प्रबोधन एवं पर्यावरण संरक्षण के संबंध में भारतीय दृष्टिकोण पर अपने विचार साझा किए। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के अंतर्गत आचार्या वर्षा द्वारा समूह गीत तथा बहिन वैष्णवी द्वारा अभिनय गीत की प्रभावशाली प्रस्तुति दी गई। भारतीय इतिहास की महान नारियों जीजाबाई एवं मीराबाई का स्वरूप धारण कर रुचि गुप्ता एवं अनुष्का गुप्ता ने अपने प्रेरणादायी वक्तव्यों से उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया।

कार्यक्रम में सभी को अध्यक्षीय उद्बोधन प्राप्त हुआ। पधारे अतिथियों एवं मातृशक्ति के प्रति आभार प्रदर्शन वरिष्ठ आचार्या मीना शुक्ला ने किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी माताओं को संयोजिका गरिमा मिश्रा द्वारा संकल्प भी कराया गया। कार्यक्रम का ओजस्वी एवं सफल संचालन आचार्या रश्मि वर्मा ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक माताएं, बहनें तथा आचार्यझ्र आचायाएं उपस्थित रहीं।

भारतीय श्रमजीव पत्रकार महासंघ नई दिल्ली संगठन के जिला अध्यक्ष बने वरिष्ठ पत्रकार सर्वोच्चता के स्थानीय संपादक राजनारायण द्विवेदी, साथियों ने दी बधाई

समाज जागरण

अनूपपुर - अनूपपुर जिले के वरिष्ठ पत्रकार एवं सर्वोच्च सत्ता के स्थानीय संपादक राजनारायण द्विवेदी को आज शहडोल में भारतीय श्रमजीव पत्रकार महासंघ नई दिल्ली संगठन के मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र गौतम ने औपचारिक घोषणा करते हुए अनूपपुर जिले का जिला अध्यक्ष बनाया है राजनारायण द्विवेदी के संगठन का जिला अध्यक्ष बनने से संगठन को जहां मजबूती मिलेगी चूंकि पत्रकार राजनारायण द्विवेदी पत्रकारों के हितों की लड़ाई में हमेशा खड़े रहे है वहीं जिले में राजनारायण द्विवेदी के जिला अध्यक्ष बनने से पत्रकारों सहित उनके चाहने वालों में खुशी की लहर व्याप्त है लोगों ने उनके जिला अध्यक्ष बनने पर बधाइयां दी

स्वच्छता सर्वेक्षण को लगा ग्रहण, मेले में जमकर हुई वसूली, सफाई पर नहीं ध्यान

समाज जागरण अनूपपुर।

अनूपपुर जिले के बरगवां नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 14-15 जनवरी को पारंपरिक मेले का आयोजन किया गया। नगर परिषद द्वारा मेले के आयोजन के लिए इस बार पांच दिवसीय अनुमति दी गई थी, जिससे परिषद को टैक्स और अन्य मदों से अच्छी-खासी वसूली होने की संभावना है। मेले में दुकानदारों द्वारा खाने-पीने की सामग्री, खिलौने, घरेलू उपयोग की वस्तुएं सहित विभिन्न प्रकार की दुकानें लगाई गईं। लेकिन मेले के दौरान और उसके बाद स्वच्छता व्यवस्था पूरी तरह से नदारद नजर आई। दुकानों से निकलने वाला गीला और सूखा कचरा पूरे ग्राउंड में बिखरा हुआ है, जिससे स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। सबसे चिंताजनक स्थिति यह है कि खुले में फैला यह कचरा पशु-पक्षियों और आवारा जानवरों के लिए घातक साबित हो सकता है। प्लास्टिक, डिस्पोजल, खाने के अवशेष आदि जानवरों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहे हैं। एक ओर जहां नगर परिषद द्वारा मेले से वसूली की जा रही है, वहीं दूसरी ओर स्वच्छता बनाए रखने की जिम्मेदारी से परिषद के जिम्मेदार अधिकारी मुंह मोड़ते नजर आ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सफाई व्यवस्था नहीं की गई तो इससे बीमारियों के फैलने का भी खतरा बढ़ सकता है। स्वच्छता सर्वेक्षण के दौर में इस तरह की लापरवाही नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती है। अब देखना यह होगा कि नगर परिषद कब तक इस ओर ध्यान देती है और मेले स्थल की सफाई कराकर स्वच्छता का संदेश देती है।

बिजुरी पुलिस की बड़ी कार्रवाई: चोरी के 3 दिन के भीतर ट्रैक्टर-ट्रॉली बरामद, 07 लाख का मशरुका जब्त

समाज जागरण

बिजुरी। पुलिस ने चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी के मामले में तत्परता दिखाते हुए कायमी के मात्र 3 दिन के भीतर आरोपियों को गिरफ्तार कर 7 लाख रुपये का मशरुका बरामद कर लिया है।

यह था पूरा मामला

जानकारी के अनुसार फरियादी रामखेलावन सिंह (निवासी मैरटोला कटकोना) ने 19 जनवरी 2026 को थाना बिजुरी में शिकायत दर्ज कराई थी कि 12-13 जनवरी की दरमियानी रात उनके घर के सामने खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली को किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया है। शिकायत पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 15/25, धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

घेराबंदी कर आरोपियों को दबोचा

पुलिस अधीक्षक मोती उर्र रहमान के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम एवं एसडीओपी कोतमा आरती शाक्य के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी विकास सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। विवेचना के दौरान मुखबिर तंत्र और पुलिस की सूझबूझ से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया जिसमे पवन सिंह पाव (32 वर्ष):निवासी वार्ड नंबर 12, मैरटोला कटकोना, बिजुरी,राकेश सिंह कंवर उर्फ लाला (42 वर्ष): निवासी केशवाही, जिला शहडोल।पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी गई ट्रैक्टर-ट्रॉली (कीमत लगभग 7 लाख रुपये) बरामद कर ली है। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

कार्यवाही में इनकी रही भूमिका

इस त्वरित कार्रवाई में निरीक्षक विकास सिंह, प्रधान आरक्षक बसंत कोल, गोपाल सिंह और आरक्षक अभिषेक शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पटना में आपसी विवाद के दौरान पत्नी की हत्या

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के शास्त्री नगर थाना क्षेत्र में बुधवार को घरेलू विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और पति ने अपनी ही पत्नी की बेरहमी से हत्या कर दी। घटना मछली गली इलाके की बताई जा रही है, जहां दिनभर इस वारदात को लेकर सनसनी फैली रही। स्थानीय सूत्रों और पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मृतका हाल ही में एक धार्मिक शोभायात्रा में शामिल हुई थी। बताया जा रहा है कि इसी बात को लेकर पति काफी नाराज था। पत्नी के शोभायात्रा में जाने को लेकर दोनों के बीच पहले से ही तनाव चल रहा था। बुधवार को इसी मुद्दे पर पति-पत्नी के बीच तीखी बहस हुई, जो देखते ही देखते हिंसक झगड़े में बदल गई। गुस्से में आकर पति ने घर में रखा सिलबट्टा उठाया और पत्नी पर जानलेवा हमला कर दिया। घटना के बाद घायल अवस्था में महिला को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस को घटना की जानकारी दी गई, जिसके बाद शास्त्री नगर थाना की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पटना के आईजी आईएमएस भेज दिया गया है। सीडीपीओ सचिवालय-2 साकेत कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह मामला पति-पत्नी के आपसी विवाद का प्रतीत हो रहा है। उन्होंने कहा कि दोनों के बीच शोभायात्रा में शामिल होने को लेकर विवाद हुआ था, इसी दौरान पति ने पत्नी पर हमला कर दिया। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की छानबीन कर रही है। घटना की गंभीरता को देखते हुए फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल से खून से सना सिलबट्टा जब्त किया है, जिसे हत्या में प्रयुक्त हथियार माना जा रहा है। फोरेंसिक टीम ने घर के अंदर और आसपास से साक्ष्य जुटाए हैं, ताकि घटना की पूरी कड़ी को वैज्ञानिक तरीके से जोड़ा जा सके। मृतका और आरोपी पति मूल रूप से जहानाबाद जिले के रहने वाले बताए जा रहे हैं और कुछ समय से पटना के शास्त्री नगर इलाके में रह रहे थे।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत ईचागढ़ में जागरूकता अभियान, छात्रों को दिए गए हेलमेट

दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश

ईचागढ़: राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर ईचागढ़ प्रखंड के विक्रमादित्य प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में सड़क सुरक्षा को लेकर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई और सुरक्षित सड़क व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों के बीच स्लोगन लेखन प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रझ्छात्राओं को शैक्षणिक सामग्री देकर सम्मानित किया गया। सभी विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा को लेकर शपथ भी दिलाई गई। इसी क्रम में गौरांगकोचा मोड़ पर सवारी वाहनों और दोपहिया वाहनों की सघन जांच की गई। बिना हेलमेट चल रहे चालकों को रोककर उन्हें यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। नियम उल्लंघन करने वालों पर चालान किया गया और कई चालकों को मौके पर हेलमेट भी उपलब्ध कराए गए। जिला परिवहन पदाधिकारी गिरजा शंकर महतो और बीडीओ एकता वर्मा ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन केवल कानूनी बाध्यता नहीं, बल्कि यह हर व्यक्ति की जान बचाने का सबसे सशक्त माध्यम है। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य रामचंद्र प्रधान, टिंकू रजक, शिक्षकगण तथा जिला परिवहन विभाग के अधिकारी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

नर्सों को नर्सिंग कैडर में वापस शामिल किये जाने हेतु सौंपा ज्ञापन

ए एन एम स्टाफ ने उप मुख्यमंत्री से मिलकर सुनाई फरियाद

समाज जागरण

उमरिया -- बीते दिनों उमरिया प्रवास पर पहुँचे मध्यप्रदेश के यशस्वी उप मुख्यमंत्री और प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री माननीय राजेन्द्र प्रसाद शुक्ला के जिला चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान उमरिया जिले की ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को धरातल पर असली जामा पहनाने वाली सेवा प्रदाताओं बहनों ने अपनी फरियाद सुनाते हुए उन्हें नर्सिंग कैडर में शामिल करने की मांग की गयी है। इस बाबत नियमानुसार ज्ञापन सौपते हुए आप लोगो ने बतलाया की मैदानी स्तर पर 35 तरह की सेवा देने का काम करती है तथा राष्ट्रीय स्तर के सभी स्वास्थ्य कार्यक्रमों को आगे बढाने में महती भूमिका का निर्वहन करने का काम नर्सों के व्दारा की जाती है, गर्भवती महिलाओं से लेकर जन्म शिशुओ की सेवायें शामिल हैं,इनके समेत 16 वर्ष तक के बालक -बालिकाओ को स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना, राष्ट्रीय टीका करण, पल्स पोलियो, और कोरोना काल में टीकाकरण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में तत्परता से सेवा प्रदान करने का काम सतत रूप से करती है फिर भी नर्स को नर्सिंग कैडर से हटा दिया गया है, नियमानुसार अब इन सेवाओं के लिए अधिकृत नहीं रह गई और उन्हें अब पी सी एम तक करने का अधिकार नहीं है अतः नर्स स्टाफ को नर्सिंग कैडर में शामिल किये जाने की मांग की गयी है, साथ ही नर्सिंग कैडर का वेतन मान 2100 से बढाकर 2400 किये जाने की मांग की गयी है।

ज्ञापन में आप लोगो ने इस बात को भी प्रमुखता से उठाया है कि जिन उप स्वास्थ्य केन्दो में सी एच ओ पदस्थ नहीं है वहा पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन का काम नर्स से कराया जाता है, लेकिन सी एच ओ को मिलने वाले प्रोत्साहन राशि नर्स को प्रदान नहीं की जाती है यह समान कार्य समान वेतन नियम के विरुद्ध है अतः नर्सों को भी प्रोत्साहन राशि दिलाने के आदेश प्रसारित किये जाने चाहिए।

प्रशिक्षित नर्सों को सेवा का मिले अवसर

एक अन्य ज्ञापन में 18 माह की प्रशिक्षित नर्सो को सेवा का लाभ न मिलने पर नर्सो ने अपनी फरियाद उप मुख्यमंत्री जी को सुनाते हुए अनुराधा मिश्रा ने बताया कि हम शासकीय संस्था उमरिया एफ एच डब्ल्यू उमरिया से 18 माह नर्स का प्रशिक्षण (टेंनिग) वर्ष 2012-13 में की थी और वर्ष 2023 में एन ए एम की रेग्युलर परीक्षा में भाग लेकर मैरिट में उत्तीर्ण हुई हैं लेकिन रेग्युलर के लिये अपात्र मानी जा रही हूँ, इस मामले में कोर्ट का मानना है कि वर्ष 2012-13 में ए एन एम का कोर्स दो वर्ष का मान्य था, तो प्रशिक्षण संस्था व्दारा 18 माह का पाठ्यक्रम क्यों कराया गया, इसमें प्रशिक्षाणार्थी का क्या दोष है । आपने बताया कि जबकि वर्ष 2017 में ए एन एम पोस्ट रेग्युलर की पदो के लिए वर्ष 2012-13 के 18 माह के प्रशिक्षर्थियो को रेग्युलर चयन कर लिया गया तब वर्ष 2023 में उन्हें अपात्र कैसे करार किया जा रहा है। इस तरह कुछ जिलों में 18 माह प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को रेग्युलर कर दिया गया जबकि कुछेक जिले इन अभ्यर्थियों को अपात्र मान कर रेग्युलर नहीं कर रहे हैं। इस पूरे मामले में स्वास्थ्य विभाग व्दारा प्रशिक्षण रत संस्थाओं को मान्यता प्रदान कर पाठ्यक्रम संचालित करने के निर्देश दिए जाते है, उसी के अनुरूप संस्थायें प्रशिक्षण देने का काम करती है फिर इन प्रशिक्षणार्थियो का क्या दोष इस प्रकार इस विसंगति को दूर करने की कृपा करें।

नगर पालिका क्षेत्र बिजुरी गुलाब ग्राउंड में गूंजी किलकारियां, विद्यार्थियों ने बोरा रेस और नींबू दौड़ में दिखाया उत्साह

समाज जागरण

अनूपपुर- राज्य आनंद संस्थान और पंचायत ग्रामीण विकास विभाग के तत्वाधान में नगर के गुलाब ग्राउंड में बुधवार को 'आनंद उत्सव 20 26' का भव्य आयोजन किया गया। कलेक्टर हर्षल पंचोली और जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने पारंपरिक खेलों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया।

हार-जीत की चिंता नहीं आनंद की रही प्रधानता कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बच्चों के बीच हुई खेल प्रतियोगिताएं रहीं। विद्यार्थियों ने खो-खो में अपनी चपलता दिखाई वहीं बोरा रेस और नींबू दौड़ जैसी स्पधाओं में बच्चों की मस्ती देख दर्शक भी झूम उठे। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिस्पर्धा के बजाय सहभागिता और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देना रहा।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मोहा मन

खेलों के साथ-साथ मंच पर बच्चों ने लोक नृत्य और गायन की शानदार प्रस्तुतियां दीं। स्थानीय गीतों पर बच्चों के थिरकते कदमों ने उत्सव के माहौल को और भी खुशनुमा बना दिया। इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती शहबिन पनिका और उपाध्यक्ष श्रीमती प्रीति शर्मा ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

आनंद उत्सव कार्यक्रम का हो रहा आयोजन

14 से 28 जनवरी तक जिले भर में आयोजन। अगला चरण: 24 जनवरी तक नगरीय/ग्रामीण स्तर के खेल, फिर 28 जनवरी तक विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम।प्रमुख खेल कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी, सितोलिया और चम्मच दौड़।

यह रहे उपस्थित

गुप्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष सहबीन पनिका उपाध्यक्ष प्रीति सतीश शर्मा पाषर्दगड मुख्य नगरपालिका अधिकारी पवन साहू, इंजीनियर देवल सिंह, राजस्व निरीक्षक लखन पनिका, डी.एन मिश्रा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, शिक्षक और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

इनका कहना है

आनंद उत्सव की मूल भावना प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि हर नागरिक के चेहरे पर मुस्कान लाना और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ाना है। पवन साहू मुख्य नगरपालिका अधिकारी बिजुरी

गला रेतकर युवक की बेरहमी से हत्या, शहीद पथ किनारे खून से लथपथ शव मिलने से सनसनी

अरुण सिंह
समाज जागरण संवाददाता

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के PGI थाना क्षेत्र अंतर्गत शहीद पथ पर मंगलवार देर रात करीब 9 बजे एक युवक की बेरहमी से गला रेतकर हत्या कर दी गई। युवक का खून से लथपथ शव सड़क पर पड़ा मिला, जबकि पास खड़ी बाइक भी खून से सनी हुई थी। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया।

मृतक की पहचान PGI क्षेत्र के उतरठिया गांव किराए पर रहने वाले प्रदीप के रूप में हुई है। बताया गया कि प्रदीप मूल रूप कानपुर का रहने वाला था जो अपनी पत्नी के साथ उतरठिया में किराए पर मकान लेकर रहता था प्रदीप एक निजी कंपनी में नौकरी करता था। जैसे ही घटना की जानकारी पत्नी को मिली, वह मौके पर पहुंची और पति के शव के पास बैठकर बिलख-बिलख कर रोने लगी, जिससे वहां मौजूद लोग भी भावुक हो उठे।

बाइक और पन्नी पर मिले खून के निशान

पुलिस को घटनास्थल पर मृतक की बाइक खड़ी मिली, जिस पर चारों ओर खून फैला हुआ था। आशंका जताई जा रही है कि हत्या बाइक के पास ही की गई। बाइक के हैंडल पर एक पन्नी बंधी हुई मिली, जिसमें रोल लिपटे थे। पन्नी भी खून से सनी हुई थी। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि पन्नी में बंधे रोल का हत्या से कोई संबंध है या नहीं।

दो संदिग्ध हिरासत में सूचना पाकर मौके पर पहुंचे एडीसीपी साउथ रलापल्ली वसंथ कुमार और एसीपी गोसाईगंज ऋषभ यादव ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और फोरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों के अनुसार, दो संदिग्ध युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों का दावा, पीछे बैठे युवक ने की हत्या

प्रत्यक्षदर्शियों का दावा है कि बाइक पर पीछे बैठे युवक ने ही प्रदीप की गला रेतकर हत्या की। बताया जा रहा है कि मौके पर मौजूद लोगों ने आरोपी युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। सोशल मीडिया पर घटना से जुड़े दो वीडियो भी वायरल हो रहे हैं, जिनमें दावा किया जा रहा है कि वीडियो में दिख रहा युवक ही हत्या का आरोपी है। आरोपी युवक अमेठी जनपद का निवासी बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और जल्द ही पूरे हत्या कांड का खुलासा करने का दावा कर रही है।

एकेआरएस एटीएस सेंटर बख्शी तालाब में चालकों को किया गया जागरूक

यातायात नियमों की अनदेखी से बढ़ रही दुर्घटनाएं, जागरूकता ही है बचाव का उपाय......

समाज जागरण

लखनऊ।राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत बुधवार को एकेआरएस एटीएस सेंटर बख्शी तालाब में सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में वाहन चालकों और मोटर वाहन मालिकों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एटीएस सेंटर के मैनेजर वरुण शर्मा ने कहा कि भारत में लगभग 94 प्रतिशत लोगों को यातायात नियमों की पूरी जानकारी नहीं है और जिन्हें जानकारी है, वह भी अधूरी है। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाओं का सबसे बड़ा कारण यातायात नियमों की अनदेखी, लापरवाही और जागरूकता की कमी है। यदि लोग नियमों का पालन करें तो अधिकांश दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है।जागरूकता कार्यक्रम के दौरान वाहन चालकों को गाड़ी की फिटनेस समय से कराने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अनिवार्य रूप से लगाने, दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने की सख्त हिदायत दी गई। इसके साथ ही ओवरस्पीडिंग से बचने, यातायात संकेतों का पालन करने और नशे की हालत में वाहन न चलाने पर विशेष जोर दिया गया।इस अवसर पर एटीएस सेंटर के मैनेजर वरुण शर्मा के साथ अनूप मौर्य, विवेक सिंह, आदित्य सिंह एवं अविनाश मेहता ने सैकड़ों मोटर मालिकों और ड्राइवरों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी। वक्ताओं ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है।कार्यक्रम के अंत में सभी चालकों से सुरक्षित ड्राइविंग का संकल्प दिलाया गया। आयोजकों ने कहा कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाएंगे, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और लोगों की जान सुरक्षित रह सके।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय का प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड, भारत-कनाडा सहयोगात्मक अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रम के तहत निरंतर स्वास्थ्य निगरानी प्रौद्योगिकी के विकास में सहयोग दे रहा है

भारत सरकार की निवारक स्वास्थ्य देखभाल क्षमता सुदृढ करने, स्वदेशी रूप से विकसित चिकित्सा प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देने और अनुसंधान के व्यावहारिक स्वास्थ्य समाधानों में इस्तेमाल की प्रतिबद्धता के अनुरूप विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड ने डिजिटल स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोगात्मक अनुसंधान और विकास परियोजना के लिए महाराष्ट्र स्थित डी आर स्टोर हेल्थकेयर सर्विस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ समझौता किया है। इस पहल के तहत, प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड ने मधुमेह की निगरानी के साथ ही हृदय संबंधी स्थितियों का जल्द पता लगाने के लिए कार्डियोवैस्कुलर बायोमार्कर युक्त मल्टीवाइटल कंटीन्यूअस ग्लूकोज मॉनिटरिंग डिवाइस निर्माण परियोजना के लिए अनुदान सहायता को स्वीकृति दी है। यह परियोजना भारत-कनाडा सहयोगात्मक औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रम के अंतर्गत समर्थित है । यह कार्यक्रम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग और कनाडा की राष्ट्रीय अनुसंधान परिषद और ग्लोबल अफेयर्स कनाडा के बीच द्विपक्षीय ढांचा है, जिसका उद्देश्य उद्योग-संचालित, बाजार-उन्मुख अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं को समर्थन देना है, जिनसे सामाजिक महत्व की व्यावसायिक तौर पर उपयोगी प्रौद्योगिकी विकसित की जा सके। भारत की यह परियोजना कनाडा की नैनोस्पीड डायग्नोस्टिक्स आईएनसी के सहयोग से चलाई जा रही है। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य बी-टाइप नेट्रीयूरेटिक पेप्टाइड (बीएनपी), ट्रोपोनिन-आई और उच्च-संवेदनशीलता वाले सी-रिएक्टिव प्रोटीन सहित उन्नत कार्डियो-मेटाबोलिक बायोमार्करों को निरंतर ग्लूकोज निगरानी प्रणालियों में एकीकृत करना है। अंतर्गर्भाशयी द्रव के विश्लेषण की मौजूदा सीजीएम प्रणाली द्वारा यह तकनीक ग्लूकोज के स्तर और हृदय संबंधी आरंभिक जोखिम संकेतकों की एक साथ और निरंतर निगरानी सक्षम बनाने के लक्ष्य को आगे बढा रही है ताकि मधुमेह से जुड़ी गंभीर सह-रुग्णताओं का इलाज हो सके। इस तकनीक से हृदय संबंधी बीमारियों का शीघ्र पता लगाने, दूरस्थ निगरानी और निवारक प्रबंधन में सहायता मिलेगी। इससे विशेष रूप से उच्च जोखिम वाले लोगों को लाभ होगा। साथ ही साथ बार-बार होने वाले निदान और अस्पताल-केंद्रित देखभाल पर निर्भरता कम होगी और किफायती स्वास्थ्य सेवा पहुंच बढेगी। यह डिजिटल स्वास्थ्य सेवा अपनाने और उन्नत चिकित्सा उपकरणों के स्वदेशी विकास की राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप है। वर्ष 2015 में स्थापित डी आर स्टोर हेल्थकेयर सर्विस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, निवारक और दूरस्थ स्वास्थ्य निगरानी समाधान विकसित करने में लगी है। प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड के सहयोग वाली इस परियोजना का उद्देश्य प्रौद्योगिकी को व्यावहारिक उपयोग से जोडना और भारतीय स्वास्थ्य देखभाल आवश यकता उप युक्त एकीकृत , बहु -महत्वपूर्ण स्वास्थ्य निगरानी प्लेटफॉर्म के वाणिज्यिक उपयोग का मार्ग प्रशस्त करना है।

परियोजना के अपेक्षित प्रमुख परिणाम निम्नलिखित हैं:

घर पर और शल्य चिकित्सा उपरांत देखभाल के लिए ग्लूकोज और हृदय संबंधी बायोमार्करों की वास्तविक समय में दूरस्थ निगरानी मधुमेह और उच्च जोखिम वाले रोगियों में हृदय संबंधी स्थितियों का शीघ्र पता लगाना और निवारक प्रबंधन मधुमेह, हृदय रोग और श्वसन संबंधी स्थितियों जैसे सह-रोगों के प्रबंधन के लिए स्मार्ट स्वास्थ्य उपकरणों के एकीकृत पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करना है प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड सचिव श्री राजेश कुमार पाठक ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि लंबे समय की बीमारियों के बोझ कम करने के लिए प्रौद्योगिकी आधारित निवारक स्वास्थ्य देखभाल समाधान आवश्यक हैं।

नम आंखों से दी गई मां काली को भावभीनी विदाई।

राहुल कुमार गुप्ता, संवादाता विष्णुगढ़, दैनिक समाज जागरण।

विष्णुगढ़।प्रखंड के रमुआ में मंगलवार को श्रद्धा और भक्ति के माहौल में मां काली की प्रतिमा विसर्जन के साथ काली पूजा उत्सव संपन्न हो गया।दो दिवसीय काली पूजा उत्सव में रविवार रात्रि से ही सैकड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।परंपरागत तरीके से पूजा अर्चना कर मंगलवार की शाम मां काली को श्रद्धालुओं ने नम आंखों से विदाई दी।विर्सजन के दौरान जय काली,जय काली के नारों से पूरा क्षेत्र गुंजामयान हो उठा।मौके पर काली पूजा कमेटी के सदस्य समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

शैक्षणिक भ्रमण पर गए नेशनल पब्लिक स्कूल के बच्चे और शिक्षक

समाज जागरण

विनय कुमार यादव । हजारीबाग जिले के चुरचू प्रखंड के बाली गांव के छात्र-छात्राओं का शैक्षणिक भ्रमण प्रधानाचार्य विनय कुमार यादव के नेतृत्व में बिरसा जैविक उद्यान ओरमांझी रांची का शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया। विद्यार्थियों को औषधि पेड़ पौधों के गुण व विशेषता के बारे में विशिष्ट

जानकारी दी गई ।बच्चों नें ज्ञान प्राप्त करने के साथ-साथ मनोरंजन भी भरपूर आनंद उठाया ।विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनय कुमार यादव ने बताया कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ मानसिक विकास के लिए किताबी शिक्षा के अतिरिक्त ज्ञान जरूरी है ताकि भविष्य में पेड़ पौधों व अन्य जीव जंतुओं के साथ दोस्ताना व्यवहार बना रहे। उपस्थित सभी शिक्षकों शिक्षिकाओं का शैक्षणिक भवन कार्यक्रम के दौरान भरपूर सहयोग रहा ।प्रधानाध्यापक विनय कुमार यादव ने सभी शिक्षकों के कार्य को लेकर आभार व्यक्त किया। प्रीति कुमारी, चाहत प्रवीण, रोशनी कुजूर, धीरज कुमार, प्रियंका कुमारी, रोशन कुमार कर सराहनीय योगदान रहा ।

लॉ एंड ऑर्डर से कोई समझौता नहीं, कानून से खिलवाड़ करने वाले जाएंगे सलाखों के पीछे – अखिलेश मिश्रा

आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण

चोपन/ सोनभद्र। बुधवार को नवागत थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश मिश्रा ने पत्रकारों के साथ बैठक कर कानून-व्यवस्था को लेकर अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट कीं। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में कानून का राज हर कीमत पर कायम रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी और लॉ एंड ऑर्डर से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।
प्रभारी निरीक्षक ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नशे के कारोबार सहित सभी प्रकार के आपत्तिजनक एवं अवैध गतिविधियों पर पूरी सख्ती के साथ अंकुश लगाया जाएगा। कानून के साथ खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा और ऐसे तत्वों को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि थाने पर आने वाले प्रत्येक प्रार्थना पत्र की तत्काल सुनवाई की जाएगी तथा पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। विशेष रूप से महिला संबंधी अपराधों पर कड़ा रुख अपनाते हुए प्रभावी रोकथाम की जाएगी। बैठक के दौरान प्रभारी निरीक्षक ने आमजन से भी कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की और कहा कि पुलिस जनता की सुरक्षा और विश्वास के लिए हर समय तत्पर रहेगी।

भारतीय अहिंसा सेवा संस्थान ने 31 की पद यात्रा कर, रोजगार सामाजिक न्याय पद यात्रा को दिया समर्थन

योगेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण

ओबरा/ सोनभद्र। सविंधान निमार्ता कि तस्वीर जन नायक सांसद संजय सिंह को भेंट कर 'युवाओं को रोजगार दो' पद यात्रा में भारतीय अहिंसा सेवा संस्थान के अध्यक्ष जनसेवक छात्र नेता विजय शंकर यादव अपने समर्थकों के साथ सामिल हुए। छात्र नेता जनसेवक विजय शंकर यादव ने कहा कि मौजूदा दौर में छात्र युवा बहुत ही हताश निराश है। रोजगार सम्बंधित परीक्षाए तय समय पर नही हो रही है जो हो रही है वो भी पूरी नही हो रही है जिससे अभिवावकों छात्रों युवाओ में भी काफी निराशा आ रही है। महँगी शिक्षा और उस पर से बेगारी निरन्तर चिता का कारण बनी हुई है। सांसद माननीय संजय सिंह जी रोजगार व सामाजिक न्याय को लेकर पद यात्रा कर रहे है जो जनहित में सराहनीय कार्य है जिसे सरकार को सुनना चाहिए। इस समस्या के निराकरण को लेकर मजबूत पहल करना चाहिए। 19 एवम 20 जनवरी को लगभग 31 के पद यात्रा में सामिल रहा युवाओ छात्रों का जीवन स्तर ऊंचा रहे चुनी सरकारो को इस दिशा में ठोस नीतियां बनाने कि आवश्कता है। मेरे पैरों में अत्यधिक छाले पड़ जाने कि वजह से 21 जनवरी को स्वास्थ्य लाभ हेतु अपने गृह जनपद सोनभद्र वापस लौट आया। युवा छात्र देश के भविष्य है। इन्हें रोजगार का अवसर प्राप्त हो।

दुद्धी पुलिस ने पकड़ी अवैध शराब की खेप, लाखों की अंग्रेजी शराब और बीयर के साथ वैगनआर कार जब्त

विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण

सोनभद्र। जनपद पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। दुद्धी थाना पुलिस ने 21 जनवरी 2026 को एक मारुति वैगनआर कार से भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब और बीयर बरामद की। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देश पर की गई। अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार और क्षेत्राधिकारी दुद्धी राजेश कुमार राय के पर्यवेक्षण में दुद्धी पुलिस अवैध शराब और मादक पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए अभियान चला रही थी। इसी क्रम में, गुप्ता मोड़, दुम्हान पर संदिग्ध व्यक्ति/वस्तु चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना मिली। सूचना के आधार पर, दुम्हान गांव के पास सड़क किनारे खड़ी एक दुर्घटनाग्रस्त वैगनआर कार से अवैध रूप से ले जाई जा रही अंग्रेजी शराब और बीयर की बोतलें/केन बरामद की गईं। बरामद सभी बोतलों पर 'केवल मध्य प्रदेश में बिक्री के लिए' अंकित था। बरामदगी में 41 बोतल ओल्ड मॉन्क एक्स्ट्रा स्पेशल प्रीमियम रम (कुल 30.75 लीटर), 80 शीशी आफ्टर डार्क ब्लू डीलक्स ग्रेन व्हिस्की (कुल 14.04 लीटर), 60 केन किंगफिशर बीयर और 30 केन बडवाइजर बीयर शामिल हैं। इसके साथ ही एक मारुति वैगनआर कार भी जब्त की गई। इस बरामदगी के आधार पर, वाहन को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। वाहन मालिक और चालक के खिलाफ दुद्धी थाने में मु.अ.सं.-17/2026, धारा 318 (4) बीएनएस और 60/ 63/72 आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। वांछित अभियुक्तों में वाहन स्वामी अब्दुल कय्युम अंसारी पुत्र अब्दुल हमीद अंसारी शामिल हैं, जो पटना के खलीलपुरा निवासी हैं। वाहन चालक की पहचान अभी अज्ञात है। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में व.उ.नि. कुँवर सिंह, उ.नि. हरिकेश राम आजाद (प्रभारी चौकी कस्बा दुद्धी), हे.का. भागी चन्द और का. आकाश सरोज शामिल थे।

पतंजलि योग परिवार के तत्वावधान में नया योग कक्षा स्थापितः रवि प्रकाश त्रिपाठी

" करें योग रहें निरोग " के तहत कराया गया योगाभ्यास
मंडी योग समिति के योग साधकों ने एक दूसरे को तिलवा, चुड़ा, दही - गुड़ ,मिष्ठान खिलाकर मनाया खिचड़ी पर्व

अवधेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण

सोनभद्र। पतंजलि योग समिति सोन भद्र के कुशल मार्गदर्शक, संरक्षक, संयोजक तथा पदाधिकारियों के मार्गदर्शन व पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी रवि प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में बुधवार को पीडब्लूडी संघ भवन में नया योग कक्षा स्थापित किया गया। इस दौरान " करें योग रहें निरोग " के तहत योगाभ्यास कराया गया।मंडी योग समिति के नियमित योग साधक एसपी मेहता द्वारा अपना खुद का योग कक्षा स्थापित किया गया। जिन्हें पदाधिकारियों द्वारा अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। मंडी योग समिति के योग साधकों द्वारा एक दूसरे को तिलवा, चुड़ा, दही-गुड़, मिष्ठान खिलाकर खिचड़ी पर्व मनाया गया तथा मंडी योग समिति के कक्षा प्रभारी हेमंत जैन को पदाधिकारियों द्वारा स्वामी जी द्वारा रचित पुस्तक भेंट किया गया। उपस्थित सभी योग साधकों को योग संदेश देकर योग को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दिलाया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से जिला कार्यकारणी सदस्य/प्रमुख योग शिक्षक सुनील कुमार श्रीवास्तव, भारत स्वाभिमान जिला महामंत्री सुनील कुमार चौबे, नगर संयोजक दिनेश लाल श्रीवास्तव, मंडी योग समिति कक्षा प्रभारी हेमंत जैन, रामसेवक पांडेय, एसपी मेहता, राजेश कुमार, पन्नालाल सोनी, नारसिंह, डॉक्टर मनोज चौधरी, अशोक कुमार, अभय नारायण सिंह, सुरेश कुमार, रामबाबू, पंचम, माधव सोनी समेत काफी संख्या में योग साधक उपस्थित रहे।

जायसवाल समाज की महत्वपूर्ण बैठक ओबरा में आयोजित, संगठन विस्तार और सुदृढ़ीकरण पर चर्चा

26 जनवरी को सहभोज का भव्य आयोजन

योगेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण

ओबरा/ सोनभद्र। जायसवाल समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को ओबरा स्थित शीतला मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई। इस बैठक में ओबरा के जायसवाल समाज के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के दौरान संगठन के विस्तार और सुदृढ़ीकरण पर विस्तृत चर्चा हुई। समाज के लोगों ने विभिन्न उपजातियों को एकजुट कर एक सशक्त और प्रभावी संगठन बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। कलवार समाज के सभी उपवर्गों से एकता और सहभागिता का आग्रह किया गया। पदाधिकारियों ने निर्णय लिया कि आगामी 26 जनवरी को क्लब नंबर-04 में स्वजातीय सहभोज का भव्य आयोजन किया जाएगा। इसमें सभी सदस्यों की उपस्थिति प्रार्थनीय है। बैठक में उमाशंकर जायसवाल, नंदू प्रसाद जायसवाल और राजेश जायसवाल (तीनों चुनाव अधिकारी) मौजूद रहे। इनके अतिरिक्त, प्रमोद जायसवाल (महामंत्री), प्रकाश जायसवाल (उपाध्यक्ष), राकेश जायसवाल (उपाध्यक्ष), हरेंद्र प्रसाद गुप्ता (ऑडिटर), अभिषेक जायसवाल (मंत्री), संतोष कुमार जायसवाल (संगठन मंत्री), आदित्य कुमार जायसवाल (कोषाध्यक्ष), पवन जायसवाल (सह कोषाध्यक्ष), हेमलता जायसवाल (महिला मोर्चा अध्यक्ष) और अनिल कुमार जायसवाल (मीडिया प्रभारी) सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ पुलिस का प्रहार, 25 लाख रुपए के हेरोइन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण

सोनभद्र। पुलिस ने रॉबर्ट्सगंज क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए 248 ग्राम हेरोइन के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। जब्त हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 25 लाख रुपये बताई जा रही है। यह गिरफ्तारी 20/21 जनवरी 2026 की रात को हुई। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार और क्षेत्राधिकारी रणधीर कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में यह अभियान चलाया गया। रॉबर्ट्सगंज पुलिस टीम और एसओजी टीम ने घुवास बाजार से मेहुड़ी-सजौर मार्ग पर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान दो लोगों को हेरोइन की खरीद-बिक्री करते हुए पकड़ा। अधिकारियों को सूचित करने के बाद मेहुड़ी-सजौर पुलिया के पास घेराबंदी कर उन्हें रात करीब 00:20 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान अटल बिहारी यादव और दीपक कुमार भारती के रूप में हुई है। अटल बिहारी यादव के पास से 123 ग्राम और दीपक कुमार भारती के पास से 125 ग्राम हेरोइन बरामद हुई, कुल 248 ग्राम। इसके अतिरिक्त, दो वीवो कंपनी के एंड्रॉयड मोबाइल फोन और 1300 रुपये नकद भी जब्त किए गए। इस संबंध में रॉबर्ट्सगंज थाने में एनडी पीएस एक्ट की धारा 8/21/29 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में 28 वर्षीय अटल बिहारी यादव पुत्र अयोध्या प्रसाद, निवासी ग्राम चैनपुर, थाना बभनी, जनपद सोनभद्र और 23 वर्षीय दीपक कुमार भारती पुत्र संजय कुमार भारती, निवासी ग्राम सोनारी, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र शामिल हैं। पूछताछ में अभियुक्त अटल बिहारी यादव ने बताया कि वह हेरोइन लखनऊ से ला रहा था और इसे नशे के आदी लोगों को बेचने की फिराक में था। इस गिरफ्तारी और बरामदगी को अंजाम देने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक रामस्वरूप वर्मा (थाना रॉबर्ट्सगंज), एसओजी प्रभारी राजेश जी चौबे, उपनिरीक्षक धर्म नारायण भार्गव (चौकी प्रभारी नई बाजार), उपनिरीक्षक अमित कुमार सिंह (चौकी प्रभारी कस्बा), हेड कांस्टेबल अरविंद कुमार यादव और हेड कांस्टेबल कन्हैया यादव शामिल थे। एडिशनल एसपी अनिल कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देश पर अवैध मादक पदार्थों की बिक्री, संग्रहण और तस्करी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मुखबिर की सूचना पर रॉबर्ट्सगंज थाना क्षेत्र से अटल बिहारी (पुत्र अयोध्या प्रसाद, निवासी चैनपुर, थाना बभनी) और दीपक कुमार भारती (पुत्र संजय कुमार भारती, निवासी सोनारी, थाना रॉबर्ट्सगंज) को पकड़ा गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 248 ग्राम हेरोइन, दो मोबाइल फोन और 1300 रुपये नकद बरामद हुए हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे यह हेरोइन लखनऊ से लाए थे और सोनभद्र में पीने वालों को बेचने की फिराक में थे। एडिशनल एसपी ने आगे बताया कि सभी गिरफ्तार अभियुक्तों को जेल भेजा जा रहा है। उन्होंने दोहराया कि जनपद में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री, भंडारण या परिवहन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

बुजुर्ग टेलर की संदिग्ध परिस्थितियों में जलकर मौत , घर के अंदर चारपाई पर मिला जला हुआ शव

सुभाष चंद्र यादव/ समाज जागरण

सोनभद्र। दुद्धी कोतवाली क्षेत्र के मलदेवा गांव में एक 70 वर्षीय बुजुर्ग टेलर की संदिग्ध परिस्थितियों में जलकर मौत हो गई। उनका जला हुआ शव बुधवार सुबह घर के अंदर चारपाई पर मिला। मृतक की पहचान मलदेवा निवासी सुशील मसीह पुत्र स्व. जॉर्ज मसीह के रूप में हुई है। सुशील मसीह पेशे से टेलर थे और गांव में सिलाई का काम करते थे। उनके छह बच्चे हैं, जिनमें तीन बेटे और तीन बेटियां शामिल हैं। एक बेटे को छोड़कर सभी की शादी हो चुकी है। पिछले साल पत्नी के निधन के बाद से वे मलदेवा स्थित अपने घर में अकेले रह रहे थे। मंगलवार रात खाना खाने के बाद सुशील मसीह अपने घर में सोए थे। बुधवार सुबह करीब 10 बजे एक पड़ोसी महिला कपड़े सिलवाने उनके घर पहुंची। महिला ने घर का दरवाजा खुला देखा। अंदर जाने पर उसने सुशील मसीह को चारपाई पर पूरी तरह जले हुए हालत में पाया। कमरे के भीतर कुछ सामान भी जलकर राख हो चुका था। महिला की चीख सुनकर आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। ग्रामीणों ने तत्काल ग्राम प्रधान प्रतिनिधि निरंजन जायसवाल को घटना की सूचना दी, जिन्होंने आगे पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही दुद्धी कोतवाली से वरिष्ठ उप निरीक्षक कुंवर सिंह, कस्बा प्रभारी हरिकेश राम आजाद और उपनिरीक्षक श्याम जी यादव पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से पूछताछ की और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। ग्रामीणों में इस घटना को लेकर कई तरह की चर्चाएं हैं। कुछ लोगों ने सवाल उठाया कि यदि आग लगी होती तो बुजुर्ग ने बाहर निकलने का प्रयास क्यों नहीं किया। इसके अलावा, घर का दरवाजा खुला मिलना भी संदेह को गहरा कर रहा है। इन्हीं कारणों से वृद्ध टेलर की मौत को संदिग्ध माना जा रहा है और पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है।

सलखन नशा मुक्ति केंद्र में दुर्व्यवस्थाओं का बोलबाला, सरकारी धन के लूट-खसोट का बना अड्डा

व्याप्त भ्रष्टाचार उजागर करने की कोशिश पर फंसाने की साजिश रच करते हैं पुरजोर कोशिश
केंद्र के कार्यों की करायी जाय उच्चस्तरीय जांच तो दूध का दूध और होगा पानी का पानी

अवधेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण

सोनभद्र। रावट्र्सगंज विकासखंड के सलखन नशा मुक्ति केंद्र में दुव्यवस्थाओं का बोलबाला है तथा सरकारी धन में तमाम अनियमितताएं बरतते हुए जमकर लूट-खसोट एवं बंदरबांट किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। बताते हैं कि सलखन न्याय पंचायत क्षेत्र,15 ग्राम पंचायतों का एक न्याय पंचायत क्षेत्र है। ज्यादातर ग्राम पंचायत सुदूरवर्ती पहाड़ी आदिवासी अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा बाहुल्य क्षेत्र है।ज्यादातर यहां के रहवासी अशिक्षित तथा बेरोजगार हैं और अशिक्षा एवं अज्ञानता के वशीभूत होकर ज्यादातर युवा ग्रामीण नशे से प्रभावित होकर नशा रूपी दलदल में धंसते चले जा रहे हैं। इसके रोकथाम के लिए शासन प्रशासन प्रतिवर्ष लाखों-करोड़ों रुपए खर्च कर काफी पहल कर अस्पताल,संस्थाएं आदि खोल रखी है जिससे की नशा मुक्ति पर प्रतिबंध लग सके तथा नशा से लोगों को छुटकारा मिल सके। इसी क्रम में विश्वस्त सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि सलखन ग्राम पंचायत में एक तथाकथित संस्था द्वारा नशा मुक्ति केंद्र खोला गया है जहां पर तमाम दुव्यवस्थाओं का बोलबाला है तथा सरकारी धन में तमाम अनियमितताएं बरतते हुए बंदरबांट किए जा रहा है। यहां पर कर्मचारी के नाम पर चार कर्मचारी जिनमें दो पुरुष तथा दो महिलाएं ही वर्तमान समय में मौजूद है जिन्हें संस्था द्वारा तकरीबन 5-6 माह से वेतन का भुगतान भी नहीं किया गया है।यहां हमेशा कर्मचारियों की कमी बनी हुई है।वर्तमान में मरीजों की संख्या महज चार ही है। सभी बेड खाली पड़े हुए हैं मरीज एवं संस्था का देखभाल करने वाला कोई जिम्मेदार व्यक्ति मौजूद नहीं है।
सूत्रों की माने तो जनपद में किसी भी उच्चाधिकारियों, पदाधिकारियों, निरीक्षण अधिकारियों दौरा निरीक्षण होता है तो केंद्र पर मरीजों की संख्या बढ़ जाती है।सब व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त कर दी जाती हैं ताकि कहीं से भी कोई कमियां या खामियां नजर न आ सके तथा तमाम कागजी खानापूर्ति सुव्यवस्थित कर ली जाती है ताकि निरीक्षण के दौरान निरीक्षणकर्ता संतुष्टि जताते हुए सराहना कर सके। जांच दल के जाते ही व्यवस्था पुनः जस की तस हो जाती है। तथा केंद्र तमाम दुर्व्यवस्थाओं से घिर जाता है तथा पुनः लूट-खसोट का कार्यक्रम प्रारंभ हो जाता है। यहां पर आ रहा है लोग तमाम अव्यवस्थाओं से ग्रसित है जिनका कोई पूरसाहाल नहीं है। सबसे मजेदार बात तो यह है कि इस केंद्र की तरफ जब भी कोई व्याप्त भ्रष्टाचार उजागर करने की कोशिश करता है तो उन्हें फंसाने की साजिश रच पुरजोर कोशिश करते हैं। यदि नशा मुक्ति केंद्र के क्रियाकलापों कार्यों की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा कि संस्था में प्रतिवर्ष कितने रुपए की लूट-खसोट बंदरबांट किया जाता है और संस्था द्वारा मरीजों को क्या सुख-सुविधाएं प्रदान की जाती हैं और उनके व्यय पर कितने रुपए खर्च किये जाते हैं जिनका आय व्यय का लेखा-जोखा का जांच कराया जाना निशांत आवश्यक है। स्थानीय प्रबुद्ध, बुद्धिजीवी नागरिकों ने शासन-प्रशासन का ध्यान इस तरफ आकृष्ट कराते हुए अविलंब ही उच्चस्तरीय जांच कराकर उचित कानूनी कार्रवाई करवाते हुए दोषी व्यक्तियों को जेल के सलाखों के पीछे भेजे जाने की मांग की है ताकि सरकारी धन का लूट-खसोट, बंदरबांट होने से रोका जा सके। देखना अब यह है कि इस दिशा एवं दशा में शासन प्रशासन कहां तक पहल कर उचित कार्रवाई कर पाने में सक्षम होती है?

शिलापट्ट विवाद में बड़ा खुलासाः नगर पंचायत चोपन की रिपोर्ट पर गंभीर सवाल, पूर्व शासनादेश दबाने का आरोप

जनसुनवाई निस्तारण को बताया गया कागजी खानापूर्ति

आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण

चोपन/ सोनभद्र। नगर पंचायत चोपन में 15वें वित्त आयोग सहित विभिन्न विकास योजनाओं के अंतर्गत लगाए गए शिलापट्ट अब प्रशासन के लिए गले की फांस बनते जा रहे हैं। जनसुनवाई पोर्टल पर की गई शिकायत के निस्तारण के बाद मामला शांत होने के बजाय और गहराता नजर आ रहा है। शिकायत कर्ता ने नगर पंचायत की रिपोर्ट को भ्रामक, अपूर्ण और शासनादेशों की अनदेखी से युक्त करार दिया है। शिकायतकर्ता संजय जैन का आरोप है कि नगर पंचायत चोपन ने 20 जनवरी2026 को जनसुनवाई पोर्टल पर जो आख्या अपलोड की, उसमें जानबूझकर केवल जुलाई 2025 के एक शासन पत्र का हवाला दिया गया, जबकि इसी विषय पर वर्ष 2016, 2021 और 2023 में जारी स्पष्ट व बाध्यकारी शासनादेशों को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया। इन शासनादेशों में साफ निर्देश हैं कि शिलापट्टों पर जनप्रतिनिधियों के नाम क्रमवार, समान फॉन्ट साइज में और किसी एक व्यक्ति को विशेष रूप से उभारकर नहीं लिखे जाएंगे। इसके बावजूद आरोप है कि चोपन नगर पंचायत क्षेत्र में लगाए गए कई शिलापट्टों पर नगर पंचायत अध्यक्ष का नाम असामान्य रूप से बड़े और प्रमुख अक्षरों में अंकित कराया गया, जबकि अन्य निर्वाचित जन प्रतिनिधियों के नाम छोटे और गौण रूप में दर्शाए गए। सबसे गंभीर सवाल यह उठ रहा है कि जब शासनादेश पहले से लागू थे, तो नियमों के विपरीत शिलापट्ट आखिर किसके निर्देश पर लगवाए गए? क्या यह महज लापरवाही है या फिर जान बूझकर की गई राजनीतिक ब्रांडिंग? नगर पंचायत ने अपनी सफाई में यह कहकर पल्ला झाड़ लिया है कि निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद शिलालेखों में संशोधन कर दिया जाएगा। लेकिन शिकायतकर्ता का कहना है कि गलत प्रारूप में शिलापट्ट लगाना स्वयं में गंभीर उल्लंघन है, और बाद में सुधार की बात करना शासनादेशों की मूल भावना के साथ खुला मजाक है।
मामले में एक और अहम पहलू यह है कि प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग द्वारा 31 जुलाई 2025 को जारी पत्र के निर्देश संख्या-6 में साफ कहा गया है कि शिलापट्टों में नियमों के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित विकास कार्यों की पूरी धनराशि व भुगतान की जांच अनिवार्य होगी। आरोप है कि नगर पंचायत चोपन की रिपोर्ट में इस बेहद महत्वपूर्ण निर्देश का सुनियोजित तरीके से कोई उल्लेख नहीं किया गया। अब इस पूरे मामले को लेकर जनसुनवाई पोर्टल पर किए गए निस्तारण को निरस्त कर स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच कराने की मांग तेज हो गई है। साथ ही यह भी मांग उठ रही है कि दोषी अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी तय की जाए, तथा नियमों के विपरीत लगाए गए शिलापट्टों को सरकारी धन नहीं बल्कि संबंधित जिम्मेदारों के निजी खर्च से संशोधित कराया जाए। यह मामला अब केवल शिलापट्टों तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि नगर पंचायत चोपन की कार्यप्रणाली, जवाबदेही और शासनादेशों के प्रति गंभीरता पर बड़ा प्रश्नचिह्न बनकर खड़ा हो गया है।

गैंगस्टर एक्टः दोषी गैंग लीडर समेत दो को 10-10 वर्ष की कठोर कैद

* 10-10 हजार रुपए अर्थदंड , अर्थदंड न देने पर दो-दो माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी
* जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी
* करीब पांच वर्ष पूर्व गैंगेस्टर एक्ट में दर्ज हुआ था मुकदमा

विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण

सोनभद्र। करीब पांच वर्ष पूर्व दर्ज हुए गैंगेस्टर एक्ट के मामले में विशेष न्यायाधीश गैंगेस्टर कोर्ट सोनभद्र अर्चना रानी की अदालत ने बुधवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी गैंग लीडर एजाज उर्फ आशिक व सक्रिय गैंग सदस्य शोएब को 10-10 वर्ष की कठोर कैद एवं 10-10 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर दो-दो माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित होगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार तिवारी ने 2 नवंबर 2020 को थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि एक नवंबर 2020 को पुलिस बल के साथ देखभाल क्षेत्र में था तो पता चला कि एजाज उर्फ आशिक पुत्र जाकिर हुसैन निवासी प्रीतनगर, थाना चोपन, जिला सोनभद्र का एक सक्रिय गैंग है, जिसका वह गैंग लीडर है। इसके अलावा गैंग का सक्रिय सदस्य शोएब पुत्र यूनुस निवासी प्रीतनगर, थाना चोपन, जिला सोनभद्र शामिल है। इनके विरुद्ध दूसरे धर्म की लड़कियों को जाल में फंसाकर यौन संबंध बनाने के साथ ही धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने, सफलता न मिलने पर हत्या करने समेत कई मुकदमा विचाराधीन है। जिससे महिलाएं और लड़कियां घर से बाहर नहीं निकलती हैं। लोगों में भय पैदा कर आर्थिक लाभ हेतु कार्य करना इनका एकमात्र कार्य है। यहीं वजह है कि इनके विरुद्ध कोई भी मुकदमा लिखवाने अथवा गवाही देने की जुर्रत नहीं करता है। जिसकी वजह से इनका वर्चस्व कायम है। इस तहरीर पर 2 नवंबर 2020 को चोपन थाने में गैंगस्टर एक्ट में एफआईआर दर्ज किया गया था। विवेचना के उपरांत पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने कोर्ट में गैंग लीडर एजाज उर्फ आशिक एवं सक्रिय सदस्य शोएब के विरूद्ध चार्जशीट दाखिल किया था।
मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्को को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी गैंग लीडर एजाज उर्फ आशिक और सक्रिय सदस्य शोएब को 10-10 वर्ष की कठोर कैद एवं 10-10 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर दो-दो माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित होगी। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील धनंजय शुक्ला ने बहस की।

सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल सोनभद्र पहुंचे, चोपन में फूल-मालाओं और नारेबाजी के साथ भव्य स्वागत

आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण

चोपन/ सोनभद्र। समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने सोनभद्र का दौरा किया। वह सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के प्रतिनिधि के रूप में विजय सिंह गोंड़ के तेरहवीं और श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। सोनभद्र में यह उनका पहला आगमन था। चोपन पहुंचने पर, नगर अध्यक्ष रमेश सोनी के आवास पर चोपन नगर के पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष का फूल-मालाओं और नारेबाजी के साथ भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और अनुशासित माहौल में संपन्न हुआ। इस दौरान सपा कार्यकताओं से विधानसभा क्षेत्र से लेकर नगर क्षेत्र में पार्टी की क्या स्थिति है आगामी चुनाव में किस तरह के रणनीति क्षेत्र के हिसाब से लेकर बनाई जाए इस पर गहन से चर्चा हुई इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा जनहित, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए प्रतिबद्ध रही है। पार्टी कार्यकर्ता संगठन को मजबूत करने और जनता की आवाज को बुलंद करने का कार्य निरंतर करते रहें। इस अवसर पर अल्पसंख्यक सभा प्रदेश सचिव नजमुद्दीन इदरीशी, अनिल यादव, नरेश यादव, अभिषेक दुबे, महेंद्र निषाद, नसरुद्दीन इदरीशी, अनवर कुरैशी, सतीश यादव, विनीत जाटव, सुमित गुप्ता, राकेश सोनी, मुन्ना गुप्ता, शाहरुख कुरेशी और सुल्तान कुरेशी सहित कई प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बुनकर कॉलोनी में बिजली की शार्ट सर्किट से आग लगने से हुआ लाखों का नुकसान

समाज जागरण रंजीत तिवारी

रामेश्वर वाराणसी।। रोहनिया थाना क्षेत्र के करसड़ा में बुनकर आवासीय कॉलोनी में सोमवार की दोपहर में अहमदअली नामक बुनकर के घर में बिजली की शार्ट सर्किट से आग लग गयी जिससे घर में रखें लाखों का गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। अहमद अली ने घटना की सूचना फायर ब्रिगेड के देते हुए पड़ोसियों की मदद से पानी डालकर बड़े ही मशक्कत के बाद किसी तरह काफी देर में आग पर काबू पाया। अहमद अली ने अपने परिवार के साथ घटना के कुछ देर पहले कॉलोनी में थोड़ी दूर पर अपने पड़ोसी के घर पर गए थे जहां पर मकान में काफी धुआं उठने के बाद खबर मिलने पर अपने घर पहुंचे तो देखा कि घर में आग लग चुकी थी समान धु धु कर जल रहे थे।आग लगने से मकान का दिवाल तथा छत भी फट गया।इस घटना की जानकारी होने पर रोहनिया विधायक डॉक्टर सुनील पटेल के निर्देशानुसार अपना दल एस के जिला सचिव ओम प्रकाश सिंह तथा दक्षिणी जोन अध्यक्ष चंद्रशेखर पटेल ने पीड़ित के घर पर पहुंचकर जानकारी लेते हुए सरकार से पीड़ित अहमद अली को आर्थिक मदद दिलाने हेतु आश्वासन दिया।

आरटीई के तहत प्राइवेट स्कूलों में एडमशिन के लिए दो फरवरी से ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी। निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम-2009 की धारा 12(1)(ग) के अंतर्गत अलाभित समूह एवं दुर्बल वर्ग के बच्चों को गैर सहायता प्राप्त मान्यता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा 1 तथा पूर्व प्राथमिक कक्षा में प्रवेश दिया जाएगा। जिसके एडमशिन के लिए दो फरवरी से ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे आपको बता दें कि अलाभित समूह में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, दिव्यांग, एचआईवी अथवा कैंसर पीड़ित अभिभावक के बच्चे, निराश्रित तथा बेघर बच्चे सम्मिलित हैं। दुर्बल वर्ग में अंत्योदय कार्डधारक, पेंशन प्राप्तकर्ता तथा वार्षिक आय एक लाख रुपये तक वाले परिवार शामिल होंगे। आयु की गणना 1 अप्रैल से की जाएगी। आवेदन प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन होगी तथा आधार कार्ड, आधार लिंक बैंक खाता व आवश्यक प्रमाणपत्र अनिवार्य होंगे। आवेदन केवल निवास क्षेत्र की ग्राम पंचायत या वार्ड के विद्यालय में ही मान्य होगा। एक से अधिक आवेदन करने पर सभी निरस्त माने जाएंगे। किसी भी समस्या के लिए जनपद स्तर पर दूरभाष संख्या 05422-983598 या संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय हरहुआ से संपर्क किया जा सकता है। यह जानकारी पंकज कुमार खंड शिक्षा अधिकारी हरहुआ के द्वारा दी गयी है।

खरिया में शिवशक्ति बल द्वारा आयोजित विशाल हैंडस्म प्रतियोगिता का रोमांचक फाइनल संपन्न

समाज जागरण शिव तिवारी

बड़गांव प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबलों के बाद फाइनल में पहुँची टीमों के बीच अत्यंत रोमांचक और संघर्षपूर्ण खेल देखने को मिला। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन से दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दीपक पटेल जी (सेक्टर-4, जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी) उपस्थित रहे।

विशिष्ट अतिथियों में श्री प्रतीक दुबे (प्रधानाचार्य, कमला भागवत इंटर कॉलेज, साधोगंज), वर्तमान ग्राम प्रधान प्रिंस, प्रधान पद प्रत्याशी चंदन सिंह, प्रधान पद प्रत्याशी विजय पटेल, क्षेत्र पंचायत सदस्य, चुन्नू भाई बीडीसी, (बीडीसी) प्रत्याशी सिद्ध नाथ पाल (सिद्धू) एवं चंदू, तथा पूर्व प्रधान नंदा प्रसाद पटेल सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

इस अवसर पर जेपी दुबे, आशीष सिंह, अरविंद मिश्रा सहित अन्य भाजपा के सदस्य भी उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यक्रम में शामिल होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और प्रतियोगिता की गरिमा बढ़ाई।

प्रतियोगिता को सफल बनाने में आयोजक मंडल बलराम पटेल, विकास जायसवाल, सुजीत महेश पटेल (डब्लू), सरोज बबलू एवं डॉक्टर त्रिवुवन का विशेष योगदान रहा। अतिथियों ने शिवशक्ति बल के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इतने बड़े स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और भाईचारे को मजबूती प्रदान करती है।

समापन अवसर पर विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पूरे आयोजन के दौरान खरिया क्षेत्र में खेल प्रेमियों में उल्लास और उत्साह का माहौल बना रहा।

खानपुर गांव में आयोजित हुआ जैविक खेती किसान प्रशिक्षण

समाज जागरण रंजीत तिवारी

मीरजापुर।। नमामि गंगे परियोजना से जुड़े बायोशर्ट इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा बुधवार को विकासखंड सीखड़ के खानपुर गांव में जैविक खेती किसान प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ो किसानों ने जैविक खेती की जानकारी ली। मास्टर ट्रेनर योगेंद्र कुमार सिंह ने किसानों को जीवामृत बीजामृत और नीमास्त्र के बारे में जानकारी देते हुए किसानों को बताया कि वह जैविक खाद को अपना कर अपने उपज को बढ़ा सकते हैं। खेत में कार्बन की लगातार हो रही कमी के बारे में भी किसानों को अवगत कराया। किसान भाइयों को अपने साथ-साथ आसपास के किसानों को भी जैविक खेती के लिए प्रेरित करना चाहिए। कौशल सिंह ने किसानों को फसल की बुवाई के पहले बीज को अच्छी तरह से शोधित करके ही बोने के अपील की साथ ही केंद्र और राज्य सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाए जा रहे तमाम योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही डीकम्पोजर के उपयोग और उसके लाभ के बारे मे भी बताये। अभिनव मिश्रा ने किसानों को जैविक उत्पाद के उचित मूल्य और बाजार में लगातार बढ़ रही मांग के बारे में किसानों को बताया। आज आयोजित हुए जैविक किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम में क्षेत्र के किसानों ने जैविक खाद बनाने और जैविक खेती करने का भी संकल्प लिया।

20 फरवरी से गाजीपुर में आयोजित होगा कर्मवीर सत्यदेव सिंह इंटर-डिस्ट्रिक्ट चैंपियंस कप- शाश्वत सिंह

बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण

गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन की बैठक सुहासिनी स्थित संस्था के सभागार में संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष शाश्वत सिंह ने की गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष शाश्वत सिंह ने बताया कि आगामी 20 फरवरी 2026 से कर्मवीर स्व० सत्यदेव सिंह इंटर-डिस्ट्रिक्ट चैंपियंस कप 2026 का आयोजन किया जायेगा इस क्रिकेट प्रतियोगिता में 08 टीमें प्रतिभाग करेंगी सभी मैच उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा निर्धारित मानक व दिशा-निर्देशों का अनुपालन करते हुए 25-25 ओवरों का होगी उन्होंने बताया आठ टीमों में गाजीपुर की दो तथा बलिया, जौनपुर आजमगढ़, देवरिया, मऊ एवं वाराणसी की एक-एक टीम प्रतिभाग करेंगी उन्होंने बताया कि कर्मवीर स्व० सत्यदेव सिंह इंटर-डिस्ट्रिक्ट चैंपियंस कप 2026 का फाइनल मैच 28 फरवरी 2026 को खेला जायेगा फाइनल से पूर्व के सभी मैच सफेद ड्रेस में लाल गेंद से खेले जायेंगे फाइनल मैच रंगीन जर्सी तथा सफेद बाल से खेला जायेगा, जिसकी आपूर्ति कर्मवीर स्व० सत्यदेव सिंह चैंपियंस कप 2026 के आयोजन समिति द्वारा किया जायेगा उन्होंने बताया कि विजेता तथा उप-विजेता टीम को नगद प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के गवर्निंग कौंसिल सदस्य व गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के चेयरमैन संजीव कुमार सिंह ने बताया कि इस इंटर-डिस्ट्रिक्ट चैंपियनशिप कप प्रतियोगिता में केवल उन्हीं खिलाड़ियों को अवसर प्रदान किया जायेगा जिन्होंने आगामी सत्र 2026-27 हेतु यू.पी.सी.ए. के आधिकारिक पोर्टल पर ट्रायल हेतु अपना पंजीकरण कराया है अपंजीकृत खिलाड़ियों को मैच में प्रतिभाग करने की अनुमति नहीं होगी

अजय राय और नाना पटोले ने बाबा विश्वनाथ का किया दर्शन

समाज जागरण रंजीत तिवारी

वाराणसी ।। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय और महाराष्ट्र कांग्रेस के नेता नाना पटोले बुधवार दोपहर श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे। अजय राय के मंदिर पहुंचने की सूचना मिलते ही मणिकर्णिका घाट द्वार पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। पुलिस का आशंका थी कि अजय राय कांग्रेस नेताओं के साथ मणिकर्णिका की ओर जा सकते हैं।

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद हमारे गुरु, कांग्रेस आंदोलन करेगी

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और वरिष्ठ नेता नाना पटोले ने बुधवार को बाबा विश्वनाथ का दर्शन पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमें मणिकर्णिका घाट जाने से रोका गया है, जो कि एक गंभीर मुद्दा है। उन्होंने यह भी कहा कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद हमारे गुरु हैं और हम उनके साथ खड़े हैं। उनके साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ कांग्रेस आंदोलन करेगी।

अजय राय ने कहा कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के साथ अन्याय हो रहा है। यदि ऐसा नहीं था, तो उन्हें कुंभ में स्थान क्यों नहीं दिया गया, उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस उनके लिए आंदोलन करेगी। नाना पटोले, जो महाराष्ट्र से वाराणसी आए थे, मणिकर्णिका घाट जाने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन पुलिस की सख्ती के कारण वे वहां नहीं जा सके। उन्होंने काशी विश्वनाथ मंदिर जाकर दर्शन किए और कहा कि वहां जाने से रोकना साबित करता है कि वहां कुछ गड़बड़ है।

सरकार की एआई संबंधी बातें झूठी

पटोले ने यह भी कहा कि सरकार द्वारा एआई के संबंध में जो बातें कही जा रही हैं, वे झूठी हैं. उन्होंने आश्वासन दिया कि कांग्रेस आगे भी आंदोलन करेगी और स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के साथ खड़ी रहेगी. कांग्रेस नेताओं ने यह भी कहा कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के प्रति सम्मान और श्रद्धा के साथ, हम उनके अधिकारों की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास करेंगे. उन्होंने कहा कि यह केवल एक धार्मिक मामला नहीं है, बल्कि यह हमारे समाज के मूल्यों और सिद्धांतों की रक्षा का भी प्रश्न है.

उन्होंने कहा कि यह समय है जब हमें एकजुट होकर उनके अधिकारों के लिए लड़ना चाहिए. कांग्रेस ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, उनके साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने का संकल्प लिया है. यह आंदोलन न केवल स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के लिए, बल्कि समाज के सभी धर्मगुरुओं के लिए एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

हरहुआ ब्लाक में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में अनुदान पर किसानों को मिलेगी जैविक किट प्रबंधन सोलर सिस्टम उपकरण

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी। कृषि विभाग, उ०प्र० फसलों में लगने वाली लागत कम करने, गुणवत्तायुक्त खाद्यान्न उत्पादन में वृद्धि के साथइसाथ पर्यावरण अनुकूल जैविक कीटनाशकों को बढ़ावा देने हेतु लगातार प्रयासरत है।

सहायक विकास अधिकारी रक्षा इकाई हरहुआ नवीन कुमार उपाध्याय के अनुसार कृषि विभाग जैविक कीट प्रबंधन के प्रमुख घटकों जैसे सोलर लाइट ट्रैप, फेरोमीन ट्रैप, और स्टिकी ट्रैप का प्रयोग को बढ़ावा देने हेतु कृषकों को 75 प्रतिशत अनुदान पर वितरण की पहल पायलट प्रोजेक्ट के रूप में की है। इससे कृषकों की फसल सुरक्षा हेतु कीटनाशकों पर निर्भरता कम होने के साथ कीटों के प्रभावी नियंत्रण की पर बल मिलेगा, फलस्वरूप कीटनाशी अवशेषमुक्त गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न उत्पादन बढ़ेगा। ये ट्रैप रात में उड़ने वाले कीटों (जैसे तना छेदक, सफेद मक्खी, माहू, बीटल के साथ चूसक एवं कुतरने वाले कीटों) को आकर्षित करके फंसाते हैं, जिससे रासायनिक कीटनाशकों के छिड़काव की जरूरत नहीं पड़ती और मित्र कीट भी बचते हैं '

कृषि विभाग द्वारा पहले आओ, पहले पाओ की व्यवस्थानुसार अनुसार दी जायेगी ' कृषक इसे कृषि रक्षा इकाई से प्राप्त कर सकते है।

जय भारत मंच द्वारा 'सर्वधर्म समाज एवं अनेकता में एकता' कार्यक्रम का आयोजन

समाज जागरण रंजीत तिवारी

वाराणसी।। जनपद चंदौली चहनिया ब्लॉक के समुद्पुर ग्राम सभा में जय भारत मंच द्वारा 'सर्वधर्म समाज एवं अनेकता में एकता' कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूर्व ब्लॉक प्रमुख के आवास पर बुधवार को कार्यक्रम में 108 कन्याओं का पूजन भी किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य और जय भारत मंच के मार्गदर्शक डॉ. इंद्रेश कुमार रहे। उनका पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। 108 कन्या पूजन के बाद भारत माता की तस्वीर पर पुष्पवर्षा और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हुआ। मंच पर उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों को पगड़ी और अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। लगभग 5000 लोगों की उपस्थिति में राष्ट्रगान, गायत्री मंत्र और महामृत्युंजय मंत्र का जाप किया गया। जय भारत मंच के काशी प्रांत अध्यक्ष उपेंद्र सिंह ने देश में सर्व समाज की एकता पर जोर दिया और मंच से एकता का उद्घोष किया इस कार्यक्रम में क्षेत्र के साथ-साथ अन्य जनपदों से भी बड़ी संख्या में लोग सम्मिलित हुए, । कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजक उपेंद्र नाथ सिंह 'गुड्डू', जय भारत मंच के राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, राष्ट्रीय महामंत्री अर्जुन सिंह , किरण सिंह महिला प्रमुख काशी प्रांत, जिलाध्यक्ष चंदौली के.के. सिंह एवं हरिशंकर सिंह मुन्ना जिला अध्यक्ष वाराणसी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।महिलाओं में महिला मोर्चा उपाध्यक्ष सुनीता सिंह , किरण सिंह, सरस्वती मिश्रा, सुधा सिंह, काजल तिवारी, उषा सिंह परिहार काशी प्रांत मंत्री, सीमा सिंह, उषा अग्रवाल,संजू सिंह, जिला मंत्री अमृता पांडे एवं समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम स्थल पर स्थानीय प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

ट्रेन के सामने छलांग लगा कर युवक ने दी जान

समाज जागरण रंजीत तिवारी

रामेश्वर वाराणसी।। सेवापुरी में पारिवारिक कलह और घरेलू परेशानियों से तंग आकर एक युवक ने मंगलवार की रात में ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। यह घटना देर रात लगभग 11 बजे की है।

सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान जंसा थाना क्षेत्र के खरगूपुर गांव नसरुद्दीन निवासी के रूप में हुई है।मृतक की पत्नी नूरजहां लंबे समय से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित थी, जिससे परिवार पर आर्थिक और मानसिक दबाव लगातार बढ़ रहा था। इसके अलावा मृतक को शराब की लत भी थी, जिससे घर में अक्सर विवाद होते रहते थे।घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और आसपास के लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और परिजनों से पूछताछ की जा रही है।

आरटीई के तहत प्राइवेट स्कूलों में एडमिशन दो फरवरी से होगा प्रारंभ

समाज जागरण रंजीत तिवारी

रामेश्वर वाराणसी।। निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम-2009 की धारा 12(1)(ग) के अंतर्गत अलाभित समूह एवं दुर्बल वर्ग के बच्चों को गैर सहायता प्राप्त मान्यता प्राप्त विद्यालयों में प्ले ग्रुप और कक्षा 1 में दिया जाएगा। जिसके एडमिशन के लिए दो फरवरी से ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे आपको बता दें कि अलाभित समूह में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, दिव्यांग, एचआईवी अथवा कैंसर पीड़ित अभिभावक के बच्चे, निराश्रित तथा बेघर बच्चे सम्मिलित हैं। दुर्बल वर्ग में अंत्योदय कार्डधारक, पेंशन प्राप्तकर्ता तथा वार्षिक आय एक लाख रुपये तक वाले परिवार शामिल होंगे। आयु की गणना 1 अप्रैल से की जाएगी। आवेदन प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन होगी तथा आधार कार्ड, आधार लिंक बैंक खाता व आवश्यक प्रमाणपत्र अनिवार्य होंगे। आवेदन केवल निवास क्षेत्र की ग्राम पंचायत या वार्ड के विद्यालय में ही मान्य होगा। एक से अधिक आवेदन करने पर सभी निरस्त माने जाएंगे।आवेदन फॉर्म तीन चरण में भरे जाएंगे जिसमें प्रथम चरण 2 फरवरी से 16 फरवरी तक , द्वितीय चरण 21 फरवरी से 7 मार्च और तृतीय चरण 12 मार्च से 25 मार्च तक कर सकेंगे ।वही इस बार बच्चे का आधार नहीं होने पर आवेदन किया जा सकता हैं किसी भी समस्या के लिए जनपद स्तर पर संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय सेवापुरी से संपर्क किया जा सकता है। यह जानकारी संजय कुमार यादव खंड शिक्षा अधिकारी सेवापुरी के द्वारा दी गयी है।

नहर में मिले मृत गोवंश को खंड विकास अधिकारी राजगढ़ के निर्देश में मिट्टी में दफनाया गया

समाज जागरण

राजगढ़ मीरजापुर / विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र के सेमरा बरहो नहर में मृत गोवंश को बाहर निकाल कर दफनाया गया। जानकारी के अनुसार खंड विकास सरकारी राजगढ़ वीरेंद्र प्रताप वर्मा और कृषि अधिकारी राजगढ़

संतोष कुशवाहा के निर्देश के अनुसार ग्राम प्रधान कमलेश कुमार ओमप्रकाश और जन्मेजय और ब्लाक कर्मचारियों के द्वारा नहर में मृत पाए गए काफी मशक्कत के बाद गोवंश को बाहर निकल गया। इसके बाद गड्ढा खुद कर सभी गोवंश को उसमें दफनाया गया। जिसमें ग्रामीणों के सहयोग के कारण यह संभव हो सका खंड विकास अधिकारी वीरेंद्र प्रताप वर्मा ने बताया कि सभी मृत गोवंश को गड्ढा खोदकर दफनाया गया। उन्होंने कहा कि सभी प्रधानों को निर्देश दिया गया है कि समय-समय पर जाकर नहर में देखें की मृत गोवंश पानी में है तो नहीं अगर है तो उन्हें तुरंत बाहर निकाल कर गड्ढा खोदकर दफना दिया जाए। जिससे मानवता की मिसाल बन सके।

सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल गाजीपुर में निःशुल्क प्रवेश एवं प्री नर्सरी की कक्षा प्रारंभ-प्रोफेसर सानंद सिंह

बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण

सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के प्रबंध निदेशक प्रोफेसर सानंद सिंह ने मीडिया से मुखातिब होते हुए प्रेस वार्ता में बताया की सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के अंतर्गत सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल में प्री नर्सरी की कक्षा सस्ते से सस्ते फीस पर नए सत्र 2026-27 में प्रारंभ की जाएगी। इसी क्रम में उन्होंने आगे बताया कि सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल एक ऐसा उपजाऊ नर्सरी है जिसमें न केवल आधुनिक शिक्षा बल्कि संस्कार, सहचर्यता, सेवा भाव, देशभक्ति तथा वह सामाजिक ज्ञान जिससे मनुष्य की पहचान विश्व स्तर पर होती है, के रंग-बिरंगे प्रतिभावान पुष्प खिलाने के लिए उपजाऊ मिट्टी तैयार की जाती है। उन्होंने इसी क्रम में यह भी बताया की नया सत्र 2026-27 का निशुल्क प्रवेश दिनांक 23 जनवरी 2026 को विधिवत मां सरस्वती जी का पूजा पाठ करने के पश्चात कक्षा प्री नर्सरी समेत सभी कक्षाओं में प्रवेश लिया जाएगा। सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेस प्रबंधन का पूर्ण प्रयास रहता है की कोई अभिभावक चाहे वह प्ले ग्रुप के बच्चे का हो या पोस्ट ग्रेजुएशन के बच्चे का हो वह उच्च गुणवत्ता परक शिक्षा का खर्च वहन करने में सक्षम हो यही कारण है की सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेजेस के सभी शिक्षण संस्थानों की सभी स्थानीय तथा जनपद से बाहर के लोग भी पहली पसंद में रखते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आज के परिवेश में शिक्षा जगत में बढ़ती महंगाई को मध्य नजर रखते हुए गरीब से गरीब प्रतिभावान विद्यार्थियों के साथ विद्यालय प्रबंधन खड़ा है। अंत में उन्होंने विद्यालय के प्रधानाचार्य चंद्रसेन तिवारी को अपने पूरे विद्यालय टीम के साथ सभी अभिभावकों का विश्वास और उनके बच्चों की शैक्षिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का अमूल्य सुझाव देते हुए नए सत्र के लिए सभी अभिभावक तथा विद्यार्थी समेत सबको शुभकामनाएं प्रेषित किये।

लूट, चोरी व जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने वाले चार अभियुक्त गिरफ्तार

समाज जागरण संवाददाता कुलदीप सिंह लखीमपुर खीरी।

बुधवार को पुलिस ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर लूट एवं चोरी जैसे संगीन अपराधों को अंजाम देने वाली घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए चार वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान पंकज पुत्र माताप्रसाद, निवासी ग्राम बेलवा डिंगरा, थाना लहरपुर, जनपद सीतापुर; सुरेन्द्र कुमार उर्फ कल्लू पुत्र सोबरनलाल, निवासी ग्राम देवीसहायपुरवा मजरा मंझरा गोढ़ी, थाना शारदानगर, जनपद लखीमपुर खीरी; सरवन पुत्र दीनबंधु, निवासी ग्राम लोनियापुरवा मजरा अशोकपुर, थाना व जिला खीरी तथा भानू सिंह पुत्र भगवानबक्श सिंह, निवासी ग्राम चाऊपुर पड़री, थाना व जिला खीरी के रूप में हुई है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से तीन अवैध तमंचे (315 बोर), एक जिंदा कारतूस (315 बोर), दो खोखा कारतूस (315 बोर), दो पायल (सफेद धातु), एक सिक्का (सफेद धातु), नकद 8,400 रुपये तथा घटना में प्रयुक्त कार संख्या वढ32 खए 5609 (डिजायर) बरामद की है। बरामद वाहन को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई के तहत सीज कर दिया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर उन्हें माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

इस सफल कार्रवाई में उप निरीक्षक गौरव कुमार, उप निरीक्षक राहुल कुमार, हेड कांस्टेबल कृष्ण कुमार, कांस्टेबल सुधीर कुमार, कांस्टेबल आशीष यादव एवं कांस्टेबल गंगादीन, थाना व जिला खीरी का विशेष योगदान रहा।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी सख्ती के साथ जारी रहेगा।

सैन्य छावनी निर्माण के खिलाफ किसानों का एकदिवसीय धरना प्रदर्शन

वीरेंद्र चौहान,
समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।

किशनगंज जिले के कोचाधामन एवं बहादुरगंज प्रखंड में प्रस्तावित भूमि पर सैन्य छावनी निर्माण को लेकर शुरू की गई भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया के विरोध में किसानों ने एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया। शहर के टाउन हॉल के समक्ष आयोजित इस धरना में हजारों की संख्या में किसान जुटे। बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी ने आंदोलन को और अधिक मजबूती प्रदान की। यह धरना भूमि बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले आयोजित किया गया, जिसमें एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक अख्तरुल ईमान, कोचाधामन के विधायक सरवर आलम सहित कई जन प्रति निधि, किसान नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। धरना स्थल पर किसानों ने हाथों में नारे लिखी तख्तियां लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारे बाजी की तथा भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को तत्काल रोकने की मांग की। धरना को संबोधित करते हुए विधायक अख्तरुल ईमान ने कहा कि किसान सेना या सैन्य छावनी निर्माण के विरोध में नहीं हैं, लेकिन उपजाऊ और घनी आबादी वाली जमीन पर छावनी बनाए जाने से किसानों की आजीविका पर गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने इसी धरती पर पसीना बहाकर इसे उपजाऊ बनाया है और इसे किसी भी कीमत पर छीने जाने नहीं दिया जाएगा। विधायक सरवर आलम सहित अन्य वक्ताओं ने भी किसानों की मांगों का समर्थन करते हुए सरकार से वैकल्पिक स्थल का चयन करने की अपील की। जन प्रतिनिधियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि किसानों की आवाज को अनसुना किया गया, तो आंदोलन को और अधिक व्यापक एवं उग्र रूप दिया जाएगा। धरना प्रदर्शन में नासिक नदीर, इम्तियाज अनसर, नसीम सहित कई अन्य जनप्रतिनिधि और किसान नेता मौजूद रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ, लेकिन किसानों और जनप्रतिनिधियों ने एक स्वर में अपनी जमीन और हक की रक्षा के लिए अंतिम दम तक संघर्ष करने का संकल्प दोहराया।

किशनगंज में बीपीएससी सब-इंस्पेक्टर परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

वीरेंद्र चौहान,
समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।

जिला पदाधिकारी विशाल राज और पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) सब-इंस्पेक्टर परीक्षा के तहत संचालित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, विधि-व्यवस्था और परीक्षा संचालन की तैयारियों का विस्तार से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने केंद्रों पर तैनात संबंधित दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों और केंद्राधीक्षकों को परीक्षा को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त रूप से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि परीक्षा के दौरान सभी कक्षों में नियमों का पालन हो, परीक्षार्थियों के लिए शांत और सुरक्षित वातावरण बना रहे और किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो। जिला प्रशासन और किशनगंज पुलिस द्वारा सभी परीक्षा केंद्रों पर सघन सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी और पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। अधिकारियों ने यह भी कहा कि इस व्यवस्था से परीक्षा पूरी तरह पारदर्शी और सुरक्षित माहौल में संपन्न हो सकेगी। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने यह सुनिश्चित किया कि हर परीक्षा केंद्र में आवश्यक व्यवस्थाएं, जैसे कि बैठने की सुविधा, पानी की व्यवस्था और प्राथमिक चिकित्सा किट मौजूद हो, ताकि किसी भी आपात स्थिति का तुरंत समाधान किया जा सके। जिला प्रशासन ने परीक्षार्थियों और उनके अभिभावकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि वे भी परीक्षा के दौरान नियमों का पालन करें और किसी प्रकार की गड़बड़ी से बचें। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि सभी प्रयास इस बात को लेकर किए जा रहे हैं कि परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष और सुरक्षित बनी रहे।

पुनपुन महोत्सव में छात्राओं ने मेहंदी और पेंटिंग प्रतियोगिता में दिखाई हुनर

दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार) दो दिवसीय पुनपुन महोत्सव में छात्राओं ने मेहंदी और पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया और दर्शकों को आश्चर्यचकित कर दिया। छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के कलात्मक भावनात्मक मेहंदी और पेंटिंग बनाकर जन जागरूकता का भी संदेश दिया।वहीं प्रतियोगिता में अव्वल आने वाले छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया।मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार छात्रा पलक नाज मध्य विद्यालय टंडवा पूर्वी ,द्वितीय पुरस्कार मध्य विद्यालय टंडवा पश्चिमी गुलाल कुमारी को और तृतीय पुरस्कार मध्य विद्यालय रघुबीर बीघा की छात्रा प्रियंका कुमारीऔर लक्ष्मी कुमारी मध्य विद्यालय बेनी गंजहर को दिया गया।वहीं पेंटिंग प्रतियोगिता में मध्य विद्यालय टंडवा पूर्वी से छात्रा अंकिता कुमारी,प्राची कुमारी मध्य विद्यालय कर्मा लहंग को प्रथम पुरस्कार दिया गया जबकि द्वितीय पुरस्कार मध्य विद्यालय टंडवा पूर्वी की शिवानी कुमारी को दिया गया वहीं तृतीय पुरस्कार मध्य विद्यालय टंडवा पूर्वी के छात्रा खुशबू कुमारी, अमृता कुमारी मध्य विद्यालय टंडवा पूर्वी और मध्य विद्यालय टंडवा पश्चिमी के छात्र दीपक कुमार को दिया गया।

रोड सेफ्टी माह के तहत सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

कैल्टेक्स चौक पर मॉक ड्रिल और गुड सेमेरिटन नाटक का आयोजन

वीरेंद्र चौहान,
समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।

किशनगंज शहर के कैल्टेक्स चौक पर रोड सेफ्टी माह के अवसर पर जिला परिवहन विभाग, ट्रैफिक पुलिस और इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के दौरान दो प्रमुख गतिविधियां आयोजित की गईं। पहली, मॉक ड्रिल, जिसमें दो बाइक की आमने-सामने टक्कर का दृश्य पेश किया गया। दुर्घटना की स्थिति में टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए एंबुलेंस को बुलाया और घायल बाइक सवार को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल पहुंचाया। इस अभ्यास के माध्यम से आम लोगों को दुर्घटना के समय त्वरित और सही प्रतिक्रिया के महत्व से अवगत कराया गया। दूसरी गतिविधि, गुड सेमेरिटन (Good Samaritan) योजना को लेकर जागरूकता नाटक, जिसमें यह संदेश दिया गया कि सड़क दुर्घटना होने पर आसपास मौजूद लोग बिना किसी डर या झिझक के घायल की मदद करें और उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाएं। समय पर की गई मदद किसी की जान बचा सकती है। साथ ही लोगों को बताया गया कि जो व्यक्ति सड़क दुर्घटना में घायल की मदद करेगा, उसे बिहार सरकार द्वारा ₹25,000 की प्रोत्साहन राशि और जिला पदाधिकारी द्वारा सम्मान भी मिलेगा। अभियान में नागरिकों को दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने और चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने के महत्व के प्रति भी जागरूक किया गया। अधिकारियों ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हर नागरिक की सतर्कता और जागरूकता से ही दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है।

इस कार्यक्रम में ट्रैफिक डीएसपी, एडिशनल डीटीओ सलील कुमार, ट्रैफिक बीएसपी राजेश कुमार, एमवीआइ तरुण कुमार, ईएसआई धीरज कुमार, सिपाही गौतम कुमार, प्रकाश कुमार तिवारी और इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव मिक्की साहा सहित कई अधिकारी, पदाधिकारी और स्वयं सेवक मौजूद थे। दोनों गतिविधियों को देखकर आम लोगों में सड़क सुरक्षा के प्रति सकारात्मक संदेश और जागरूकता देखने को मिली।

किशनगंज में सुरक्षित मातृत्व अभियान और परिवार नियोजन दिवस

गर्भवती महिलाओं को समय पर जांच और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ

वीरेंद्र चौहान,
समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज ।

जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर मंगलवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान और परिवार नियोजन दिवस का संयुक्त आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को समय पर जांच, सही परामर्श और सुरक्षित प्रसव की जानकारी उपलब्ध कराना था। सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. अनवर हुसैन ने गर्भवती महिलाओं की खून, पेशाब, वजन, ब्लड प्रेशर, एचआईवी और सिफेलिस जैसी जांच का निरीक्षण किया। उच्च जोखिम वाली महिलाओं को विशेष देखभाल और रेफरल सेवाओं से जोड़ा गया। उन्हें आयरन, कैल्शियम की गोलियां, टीटी इंजेक्शन और पोषण संबंधी परामर्श भी प्रदान किया गया। सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार चौधरी ने कहा कि सुरक्षित मातृत्व अभियान और परिवार नियोजन दिवस मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। महिला चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शबनम यास्मीन ने योग्य दंपतियों को गर्भनिरोधक साधनों की जानकारी दी और निःशुल्क अंतरा इंजेक्शन, पीपीआईयूसीडी, आईयूसीडी तथा साप्ताहिक गर्भनिरोधक गोली छाया उपलब्ध कराई।

कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं और उनके परिवारों को पोषण, नियमित जांच, संस्थागत प्रसव और परिवार नियोजन के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। अधिकारियों ने कहा कि सुरक्षित मातृत्व और जिम्मेदार परिवार नियोजन ही स्वस्थ परिवार और सशक्त समाज की नींव है।

पटना जिले के पालीगंज में लगातार लगाई जा रही किसान के ई केवाईसी के लिए शिविर

घर घर पहुंच रहे किसान सलाहकार

समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के पालीगंज अनुमंडल सह प्रखण्ड क्षेत्र में लगातार किसानों के ई केवाईसी लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। वही लाचार किसानों के केवाईसी के लिए घर घर किसान सलाहकार पहुंच रहे है। जानकारी के अनुसार सरकार के आदेशानुसार किसानों के ई केवाईसी कराने के लिए किसान भवनों से लेकर पंचायत स्तर तक केवाईसी शिविर लगाई जा रही है। साथ ही जो किसान शिविर में पहुंचे में असमर्थ है उनके घर पहुंचकर भी किसान सलाहकार ई केवाईसी कर रहे है। इसी क्रम में पालीगंज प्रखण्ड क्षेत्र के मेरा पतौना पंचायत में पिछले दो सप्ताह से हमेशा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। पिछले दिनों मदारीपुर स्थित पैक्स भवन पर लगाई गई शिविर में जो किसान नही पहुंचे उन किसानों के केवाईसी के लिए पालीगंज किसान भवन में भी शिविर लगाई गई। उसके बाद मेरा पंचायत भवन पर भी शिविर लगाई गई। जबकि 19 जनवरी दिन सोमवार को मेरा पतौना पंचायत के निरखपुर गांव में भी किसान सलाहकार अभिषेक कुमार निराला ने शिविर लगाकर किसानों को केवाईसी किया। जिसके दौरान बहुत से किसानो ने अपना केवाईसी कराया। वही लाचार किसानों के घर पहुंचकर भी उन्होंने केवाईसी किया है। इस सम्बंध में मेरा पतौना पंचायत के किसान सलाहकार अभिषेक कुमार निराला ने बताया कि अभी जरूरत के अनुसार पुनः केवाईसी के लिए शिविर लगाएंगे। शिविर में पहुंचने से लाचार किसानों के घर तक पहुंचकर केवाईसी किया जाएगा। लेकिन सभी योग्य किसानों को केवाईसी कर उन्हें लाभान्वित किया जाएगा।

पुनपुन महोत्सव टंडवा में शहीद थानाध्यक्ष की माता का सम्मान

दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के टंडवा में आयोजित पुनपुन महोत्सव में तत्कालीन टंडवा थानाध्यक्ष शहीद थानाध्यक्ष अजय कुमार की माता तारा

देवी का मंच पर अंग वस्त्र, बुके और पौधा देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शहीद थानाध्यक्ष के कार्यकाल को याद किया गया और उनकी शहादत को नमन किया गया । गौरतलब है कि नबीनगर से टंडवा लौटने के दौरान नक्सलियों ने नबीनगर के उत्तर कोयल नहर के समीप पुलिस जिप को बम से उड़ा दिया था, जिसमें तत्कालीन थानाध्यक्ष अजय कुमार सहित आठ पुलिस कर्मी की जान गवानी पड़ी थी। शहीद अजय कुमार की शहादत को याद करते हुए उन्हें नमन किया गया।

गणतंत्र दिवस को लेकर पटना जिला के पालीगंज एसडीओ ने बुलाई बैठक

समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के पालीगंज अनुमंडल कार्यालय में बुधवार को गणतंत्र दिवस मनाने को लेकर एसडीओ ने बैठक किया।जानकारी के अनुसार बैठक की अध्यक्षता पालीगंज एसडीओ चंदन कुमार ने किया। बैठक में सामाजिक कार्यकताओं, बुद्धिजीवियों, जन प्रतिनिधियों व पदाधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक के दौरान गणतंत्र दिवस मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान एसडीओ ने कहा कि 26 जनवरी को ही भारतीय संविधान लागू हुई थी। और उसी दिन से जनता की शासन की शुरूआत हुई थी। इसीलिए इसे एक राष्ट्रीय पर्व के रूप में जाना जाता है। इस महत्वपूर्ण पर्व को उत्साहपूर्वक मनाना चाहिए। उसके बाद ही एसडीओ ने अनुमंडल क्षेत्र के सभी पदाधिकारियों के साथ बैठक किया। जिसके दौरान उन्होंने इलाके का जायजा लिया। साथ ही गणतंत्र दिवस मनाने से सम्बंधित दिशा निर्देश भी दिया। मौके पर एसडीओ चंदन कुमार, एसडीपीओ 1 राजीव चन्द्र सिंह, अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक आभा कुमारी, प्रेम कुमार, शिव कुमार, सतेन्द्र कुमार, खिरिमोड थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार, पियरपुरा थानाध्यक्ष रंजन कुमार, पालीगंज थानाध्यक्ष, अंचलाधिकारी सहित दर्जनों पदाधिकारी, जन प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता व बुद्धिजीवी मौजूद रहे।

पटना में दो हॉस्टलों के छात्रों के बीच गोलीबारी व बमबारी

समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश

पटना/ पटना में मंगलवार की देर रात कृष्णघाट इलाके में दो हॉस्टल के छात्रों के बीच हिंसक झड़प हो गई। झड़प इतनी गंभीर हो गई कि दोनों पक्षों की ओर से गोलीबारी और बमबारी तक की घटना सामने आई। इस हिंसक टकराव में दो छात्र घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है और आसपास के लोगों में भय व्याप्त हो गया है। पुलिस ने मौके से एक जिंदा कारतूस और बम की सुतली सहित कई अहम साक्ष्य बरामद किए हैं। मामला लड़की से छेड़छाड़ से जुड़े विवाद का बताया जा रहा है, जो देखते ही देखते हिंसक रूप ले बैठा। जानकारी के अनुसार, यह घटना कृष्णघाट पर स्थित जंक्शन हॉस्टल और सीवी रमन हॉस्टल के छात्रों के बीच हुई। बताया जा रहा है कि दोनों हॉस्टल के छात्रों के बीच लड़की से छेड़छाड़ को लेकर बहस शुरू हुई थी। पहले यह विवाद कहासुनी तक सीमित रहा, लेकिन कुछ ही समय में गुस्सा इतना बढ़ गया कि छात्र समूह बनाकर आमने-सामने आ गए। इसके बाद दोनों पक्षों में झड़प शुरू हो गई। आरोप है कि इसी दौरान एक हॉस्टल के छात्रों ने दूसरे हॉस्टल के छात्रों पर बम से हमला कर दिया। बम धमाके की आवाज से इलाके में हड़कंप मच गया। इसके बाद गोलीबारी भी की गई, जिससे स्थिति और अधिक गंभीर हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पीरबहोर और सुल्तानगंज थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने तत्काल इलाके की घेराबंदी कर दी और भीड़ को नियंत्रित करने की कोशिश की। मौके पर मौजूद लोगों के मुताबिक, घटना के समय कृष्णघाट क्षेत्र में कई लोग मौजूद थे, जो गोली और धमाके की आवाज सुनकर इधर-उधर भागने लगे। घटना के बाद कुछ देर के लिए पूरे इलाके में तनाव का माहौल बना रहा। पुलिस ने मौके से एक जिंदा कारतूस बरामद किया है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि गोलीबारी हुई है। इसके साथ ही बम के हमले से जुड़े साक्ष्य भी जुटाए गए हैं, जिसमें बम की सुतली और अन्य अवशेष शामिल बताए जा रहे हैं। सुलतानगंज थाना के सब इंस्पेक्टर अखिलेश कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि दो हॉस्टल के छात्रों के बीच विवाद के बाद हिंसक झड़प हुई है। उन्होंने बताया कि घटनास्थल से कारतूस और बम से संबंधित कुछ साक्ष्य बरामद किए गए हैं। पुलिस की शुरूआती जांच में सामने आया है कि इस झड़प के दौरान कुछ गाड़ियों में तोड़फोड़ भी की गई है। क्षतिग्रस्त वाहनों की जानकारी जुटाई जा रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि तोड़फोड़ किसने की। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला की टीम को भी बुलाया है। टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य एकत्र किए हैं। पुलिस का कहना है कि घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को भी खंगाला जा रहा है, ताकि घटना में शामिल छात्रों की पहचान की जा सके और यह स्पष्ट हो सके कि किस पक्ष ने पहले हमला किया था। पुलिस दोनों हॉस्टल के छात्रों से भी पूछताछ कर रही है और मामले में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही गई है। इस घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है।

पुनपुन महोत्सव के दूसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमो को धूम

दैनिक समाज जागरण
अनील कुमार संवाददाता
नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार)पुनपुन महोत्सव के दूसरे दिन टंडवा में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। मंच संचालन शिक्षक राजेश सिंह ने किया।वहीं धन्यवाद ज्ञापन बीडीओ अरुण सिंह ने किया।कार्यक्रम की शुरूआत बिहार गीत से शुरू हुआ।इसके पूर्व दूसरे दिन के कार्यक्रम का उद्घाटन फीता काट कर और दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से गणमान्य अतिथियों द्वारा किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में शिवहर के पूर्व सांसद आनंद मोहन मौजूद थे।महोत्सव के दूसरे दिन भी कई वक्ताओं ने संबोधित किया वहीं बतौर मुख्य अतिथि आनंद मोहन ने अपने संबोधन में मुख्य रूप से पुनपुन नदी की सफाई,अतिक्रमण, एनटीपीसी का सीएसआर फंड का नबीनगर और बारुण में उपयोग,नबीनगर के युवकों को रोजगार, और नबीनगर को अनुमंडल और टंडवा को पंचायत बनाने पर चर्चा किया और इन मांगों के समर्थन में एक दिन टंडवा नबीनगर और बारुण में पूरी तरह से बंदी का आह्वान किया।वहीं अतिथियों के सम्मान में स्वागत गीत मध्य विद्यालय टंडवा की छात्राओं द्वारा गाया गया। इसके बाद तान्या मऊवार, प्रेरणा प्रकाश, सृष्टि लक्ष्मी और स्कूली बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कलाकारों ने अपनी गायकी और रिकॉर्डिंग डांस द्वारा समा बांधा। वही कार्यक्रम में देर से आए कुटुंबा के विधायक ललन भुईयां ने "बड़ी दूर से आए है प्यार का तोहफा लिए है...." गीत गाकर लोगों का मनोरंजन किया । मौके पर भाजपा नेता रामलखन सिंह,, पूर्व प्रमुख, संजीव कुमार सिंह, मुखिया रामप्रसाद सिंह,भाजपा जिलाध्यक्ष विजेंद्र कुमार चंद्रवंशी, पूर्व मुखिया बिंदेश्वरी सिंह ,श्यामबिहारी सिंह, जैनेंद्र सिंह,अनूप ठाकुर,समिति के अध्यक्ष रामजन्म सिंह,सचिव,राजेश अग्रवाल , अंजार खान प्रधानाध्यापक बिनोद दास ,शिक्षक धनंजय सिंह,चुन्नू सिंह, संजीव सिंह,रोहित सिंह,सहित अन्य गणमान्य एवं बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद थे।

आर्म्स एक्ट मामले में अप्राथमिकी अभियुक्त गिरफ्तार भेजा गया जेल

दैनिक समाज जागरण
अनील कुमार संवाददाता
नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार) नवीनगर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आर्म्स एक्ट से जुड़े एक मामले में अप्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी नबीनगर डाक बंगला के समीप से की गई। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान डाक बंगला रोड निवासी मोहम्मद अयूब के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस को गुप्त रूप से सूचना मिली थी कि आर्म्स एक्ट मामले से संबंधित एक संदिग्ध व्यक्ति डाक बंगला के आसपास मौजूद है। सूचना की पुष्टि के बाद थानाध्यक्ष मृतंजय कुमार उपाध्याय के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया गया। इस छापेमारी दल का नेतृत्व एस.आई. विशाल शेखर ने किया, जिसमें सशस्त्र बल के जवान भी शामिल थे। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर अभियुक्त को मौके से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध आगे की कार्रवाई की जा रही है और उसे न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस लगातार सतर्क है और असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

प्रेम प्रसंग में युवती ने की आत्महत्या,शव को सड़क पर रख ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर प्रेमी रवि कुमार की गिरफ्तारी की मांग।

राहुल कुमार गुप्ता, संवादाता
विष्णुगढ़, दैनिक समाज जागरण।

विष्णुगढ़।विष्णुगढ़ के चेडरा की 20 बर्षीय युवती ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली।जिसके विरोध में विष्णुगढ़-गोमिया एसएच स्थित करंज मोड़ पर युवती के परिजनों ने बुधवार को सड़क जाम कर दिया।जानकारी पाकर मौके पर सदलबल पहुंचे अंचलाधिकारी नित्यानंद दास एवं पुलिस पदाधिकारी के प्रभाव से सड़क जाम हटा लिया गया।बताया जा रहा है कि युवती का विष्णुगढ़ के ढ़गरटोली के युवक रवि कुमार के साथ प्रेम प्रसंग पिछले दो साल से चला आ रहा था। बात शादी तक पहुंची। बाद में शादी करने से युवक मना कर दिया। जिससे हताश होकर युवती ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली।जिसके विरोध में परिजनों ने करंज मोड़ को जाम कर दिया। जाम हटाने पहुंचे अंचलाधिकारी श्री दास ने जाम कर रहे परिजनों एवं ग्रामीणों को युवती की आत्महत्या करने पर विवश करने वाले दोषियों पर सख्त कारवाई किए जाने का भरोसा दिया।जिस पर जाम हटा लिया गया।

थाना प्रभारी सपन कुमार महथा ने बताया कि इस संबंध में तत्परता से कार्रवाई की जा रही है। खुद हजारीबाग जाकर युवती के परिजन द्वारा वहां दर्ज कराए बयान लाकर विष्णुगढ़ थाने में मामला दर्ज किया है। आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर छापामारी की जा रही है। जल्द आरोपित गिरफ्त में होंगे।

नवीनगर से तीन फरार अजमानतीय वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार) नवीनगर थाना पुलिस ने फरार चल रहे तीन अजमानतीय वारंटियों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई थाना क्षेत्र में चलाए जा रहे विशेष छापेमारी अभियान के तहत की गई। गिरफ्तार वारंटियों की पहचान नवीनगर थाना क्षेत्र के देवराज वीघा गांव निवासी विनय सिंह, पिता अम्बिका सिंह, तथा प्रह्लाद वीघा गांव निवासी जय

कुमार चन्द्रवंशी और श्रीकांत चन्द्रवंशी, दोनों पिता मुंद्रिका चन्द्रवंशी के रूप में की गई है। तीनों अभियुक्त लंबे समय से न्यायालय से फरार चल रहे थे, जिनके विरुद्ध अजमानतीय वारंट जारी था।थानाध्यक्ष मृतंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने योजनाबद्ध तरीके से छापेमारी की, जिसमें तीनों फरार वारंटियों को उनके घरों से गिरफ्तार किया गया। इस छापेमारी अभियान में एएसआई समीत कुमार, एसआई संजय कुमार सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। थानाध्यक्ष ने आगे बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि थाना क्षेत्र में फरार अपराधियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी भी कीमत पर कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया

समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी

जनपद श्रावस्ती प्रदेश मे चलायें जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान आज दिनांक 20.01.2026 को पुलिस अधीक्षक जनपद श्रावस्ती, श्री राहुल भाटी के निर्देश में अपर पुलिस अधीक्षक श्री मुकेश चन्द उत्तम व क्षेत्राधिकारी यातायात श्री आलोक कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात श्री मो0 शमीम द्वारा घने कोहरे के दौरान सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न मार्गों पर सघन चेकिंग अभियान चलाकर विभिन्न प्रकार के वाहनों ट्रैक्टर,डम्पर व ऑटो रिक्शा आदि पर निशुल्क रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाया गया तथा आम जनमानस को एकत्र कर लाउड हेलर व अन्य माध्यम द्वारा यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें शासन द्वारा चलायी जा रही राह-वीर योजना व राह-वीर योजना के अन्तर्गत मिलने वाली प्रोत्साहन राशि के बारे मे विस्तृत रूप से जागरूक करते हुए दो पहिया वाहन चलाते समय सदैव हेलमेट पहनने, चार पहिया वाहन चलाते समय सदैव सीट बेल्ट लगाने, तेज गति से वाहन न चलाने एवं मादक पदार्थ का सेवन कर वाहन न चलाने आदि यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया तथा यातायात नियमों/जागरूकता संबंधी पम्पलेट्स वितरित कर उन्हे सदैव यातायात नियमों का पालन करने हेतु शपथ दिलाई गई* इसके अलावा प्रभारी यातायात द्वारा जनपद के विभिन्न चौराहो, तिराहों व स्थानीय बाजारों आदि स्थानो पर वाहन मे लगे पी0ए0 सिस्टम के माध्यम से यातायात जागरूकता सम्बन्धित गीत चलाकर आम जनमानस को जागरूक किया तथा सघन चेकिंग अभियान चलाकर यातायात नियमों की उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध यातायात के विभिन्न मापदंडों में चालान की कार्यवाही करते हुए अधिक से अधिक शमन शुल्क अधिरोपित किया गया

बाल श्रम के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही, बाल श्रमिकों को कराया गया अवमुक्त

बाल श्रम से बच्चों के मूलभूत अधिकारों का होता है हनन

समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी

जनपद बहराइच बाल श्रम उन्मूलन रोकथाम हेतु जनपद स्तर पर अभियान चलाए जाने, बालको एवं किशोर श्रमिकों के अखिल भारतीय स्तर पर बचाव पुनर्वास अभियान, छोटे बड़े प्रतिष्ठान, कारखानों, उद्योगों, दुकानों, निर्माण स्थलों आदि क्षेत्र के निर्माण में बालश्रम/भिक्षावृत्ति, नशे के विरुद्ध',थाना ए0एच0टी0 टीम जनपद बहराइच, श्रम विभाग, चाइल्ड हेल्पलाइन, देहात इंडिया व प्रथम संस्था बहराइच की संयुक्त टीम द्वारा थाना दरगाह शरीफ क्षेत्र में बाल श्रमिक रेस्क्यू अभियान चलाया गया। रेस्क्यू अभिड्डान के दौरान बक्शीपुरा, नई रोड कल्पीपारा आसाम चौराहा से कुल 04 नाबालिग बाल श्रमिकों को बालश्रम से मुक्त कराते हुए रेस्क्यू किया गया एवं नियोक्ताओं के विरुद्ध श्रम विभाग की टीम द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

उपरोक्त अभियान में श्रम अधिकारी सूरज तिवारी, मनीष यादव,अवधेश मिश्रा चाइल्ड लाइन टीम, देहात इंडिया से दीपक शुक्ला,अमरेश कुमार,चंद्र प्रकाश एएचटीयु प्रहलाद सिंह, शुभी तिवारी एवं प्रथम संस्था से राकेश चौबे,अमर सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

मानव तस्करी रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया

समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी

जनपद श्रावस्ती अपर पुलिस अधीक्षक श्री मुकेश चन्द्र उत्तम श्रावस्ती के निदेर्शानुसार दिनांक 21-01-2026 को बाल श्रम बाल विवाह मानव तस्करी

रोकथाम हेतु इन्फो नेपाल बॉर्डर में थाना ए एचटीयू मय टीम एनजीओ मय टीम के साथ चिल्हरिया मोड़ सिरसिया में हरियाणा चंडीगढ़ को जाने वाली वैशाली एक्सप्रेस बस को चेक किया गया इस दौरान थाना AHTU प्रभारी श्री राजकुमार सरोज बस मालिकों को बताया कि आप के यहां से सभी यात्री सवारी गाड़ी को चेक कर सभी सवारियों का आधार कार्ड चेक कर उनके साथ कौन है और और कहा से आया है और कहा को जा रहा है इन सभी सवारियों का अपने यहां एक रजिस्टर बनाके रखें ऐसे में कोई व्यक्ति संग्दिध नजर आए तो तुरंत आप नजदीक थाने पर सूचित करें इसी दौरान सिरसिया, ताल बघौड़ा, सुईयां नेपाल बॉर्डर,भरथा रोशन गढ़ में जन जागरुकता कार्यक्रम किया गया जागरुकता अभियान के दौरान थाना अ्ळ्ळव प्रभारी श्री राजकुमार सरोज,उप निरीक्षक श्री रण विजय सिंह, आरक्षी श्री अमोल कुमार, आरक्षी कंचन देवी, आरक्षी सरला अवस्थी, ग्रामीण बौद्ध कल्याण सेवा संस्थान से श्री प्रेम बाबू गिरी, मां सरस्वती बलिका शिक्षा समिति से श्री श्रवण कुमार श्रीवास्तव, देहात इन्डिया से श्री नीरज कुमार श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे

सरजू फाउंडेशन द्वारा युवा महोत्सव का आयोजन, युवाओं की रचनात्मकता और संवाद का उत्सव

समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी

जनपद बहराइच, विकास खण्ड रिसिया सरजू फाउंडेशन द्वारा माँ वैष्णो वाटिका, रिसिया, बहराइच में युवा महोत्सव कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम युवाओं के लिए एक जीवंत, रचनात्मक एवं संवादात्मक मंच के रूप में आयोजित हुआ, जहाँ युवाओं ने अपने विचार साझा किए और सामाजिक, शैक्षणिक एवं संवैधानिक मूल्यों से जुड़े विषयों पर संवाद किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में भरतेन्दु कुमार झा (पूर्व प्राचार्य, जवाहर नवोदय विद्यालय) एवं डॉ. अनुपमा झा (प्राचार्या, ग्लोबल स्कूल ऑफ लर्निंग) की गरिमामयी उपस्थिति रही।

अपने संबोधन में भरतेन्दु कुमार झा ने युवाओं को सकारात्मक सोच, अनुशासन और संवैधानिक मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी तथा कहा कि युवा देश के भविष्य के निमार्ता हैं। वहीं डॉ. अनुपमा झा ने शिक्षा के साथ जीवन कौशल, संवाद और सामाजिक जिम्मेदारी की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम में फैजाबाद अवध पीपुल्स फोरम से अफाक उल्ला की उपस्थिति रही, जिन्होंने युवाओं से सामाजिक सहभागिता और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर सरजू फाउंडेशन की बोर्ड सदस्य सिम्मी और टीम से शिवांशु, शैलेश, शुभी, रिम्पी, लक्ष्मी एवं पल्लवी

भी उपस्थित रहीं, जिन्होंने कार्यक्रम की संकल्पना और उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए युवाओं की सक्रिय भागीदारी की सराहना की।

युवा महोत्सव के अंतर्गत संवादात्मक गतिविधियाँ, खुले विचार-विमर्श एवं सामूहिक सीखने की प्रक्रिया आयोजित की गई, जिससे युवाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और रचनात्मक अभिव्यक्ति को बढ़ावा मिला।

सरजू फाउंडेशन ने कार्यक्रम में सहभागिता करने वाले सभी अतिथियों, युवाओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे रचनात्मक एवं समावेशी मंच आयोजित करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

सामूहिक प्रयासों से बनेगा बाल श्रम मुक्त बहराइ-:ज़िलाधिकारी

समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी

बाल श्रम मुक्त बहराइच बनाने के लिए जागरूकता रथ को जिलाधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना जनपद बहराइच, बाल श्रम मुक्त बहराइच बनाने के लिए व्यापार संगठनों, ईंट भट्ठा एसोसिएशन , विभिन्न रेस्टोरेंट मालिकों का सहयोग बहुत जरूरी है। इन सभी उपक्रमों को न सिर्फ. बाल श्रम मुक्त बहराइच बनाने का प्रण लेना होगा बल्कि अपने एसोसिएशन के अंतर्गत आने वाले सभी प्रतिष्ठानों में यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी बच्चा काम ना करें। साथ ही बाल एवं किशोर प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम 1986 के अंतर्गत जिन अधिकारियों को बाल श्रम रोकने के लिए अधिसूचित किया गया है, उनको अपने क्षेत्रों में बाल श्रम मुक्ति के लिए अभियान चलाना होगा ।बाल श्रम कराने वाले सेवायोजकों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाए। यह बात श्रम विभाग, ब्रिटिश एशियन ट्रस्ट एवं रोजा संस्थान द्वारा संयुक्त रूप से बाल श्रम उन्मूलन एवं पुनर्वासन पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए श्री अक्षय त्रिपाठी , जिलाधिकारी बहराइच ने कही। उन्होंने कहा कि कार्यशाला से निकली कार्ययोजना को अमली जामा पहनाने के लिए विभिन्न विभागों को साथ में आना होगा ।

कार्यशाला में स्टेट रिसोर्स सेल के राज्य समन्वयक सैयद रिजवान अली ने बाल श्रम कानून के साथ साथ विभाग की विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया । उप श्रम आयुक्त देवीपाटन मंडल द्वारा उपस्थित स्टेकहोल्डर्स को बाल श्रम उन्मूलन हेतु अधिनियम की जानकारी देते हुए जागरूक किया गया । कार्यशाला का संचालन असिस्टेंट लेबर कमिश्नर बहराइच सिद्धार्थ मोदियानी के द्वारा किया गया।

कार्यशाला के दौरान यह भी बताया गया कि राज्य स्तर पर ब्रिटिश एशियन ट्रस्ट और श्रम विभाग के बीच पाँच आकांक्षी जनपदों को 2026 तक बाल श्रम मुक्त बनाने के लिए एक लिखित सहमति हुई है ।

इसी क्रम में ब्रिटिश एशियन ट्रस्ट की सहयोगी संस्था रोजा संस्थान बहराइच में श्रम विभाग के साथ कार्य रही है । कार्यशाला के दौरान बच्चों की स्कूलों में उपस्थिति और नियमितता बनाने में शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। साथ ही महिला एवं बाल कल्याण विभाग द्वारा ग्राम स्तरीय बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति एवं ब्लॉक स्तरीय ग्राम एवं बाल कल्याण समिति को मजबूत कर बाल श्रम रोकने के लिए कार्य करना होगा। इस कार्यशाला में सी डब्लू सी अध्यक्ष, प्रथम संस्था, देहात इंडिया, अपराजिता, अहमद सेवा संस्थान उद्योग व्यापार मंडल,ईट भट्टा एवं आरा मशीन एसोसिएशन , जनपद के विभागीय अधिकारी, व अन्य NGOS मौजूद रहे।

अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस में टीएमयू फामेर्सी कॉलेज के दो छात्रों ने पुरस्कार जीते

समाज जागरण

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के टीएमयू कॉलेज ऑफ फामेर्सी कॉलेज के बीफार्म के दो स्टुडेंट्स- रोशनी कुमारी ने सिजीजियम क्यूमिनी (जामुन) के बीजों की मधुमेह-रोधी गतिविधि विषय पर उत्कृष्ट शोध पोस्टर की दी प्रस्तुति, तो संदेश सराफ ने ऑस्टियोआर्थराइटिस प्रबंधन के लिए प्राकृतिक चिकित्सा पद्धतियों का औषधीय मूल्यांकन पर दिया ओरल प्रजेंटेशन

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के टीएमयू कॉलेज ऑफ फामेर्सी कॉलेज के स्टुडेंट्स रोशनी कुमारी ने दो दिनी अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस फार्मा-इनोवेट समिट- 2025 में बेस्ट पोस्टर प्रेजेंटर का खिताब जीता, जबकि संदेश सराफ ने ओरल प्रेजेंटेशन में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। ये अवॉर्ड गलगोटिया के फामेर्सी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विक्रम शर्मा ने दिए। रोशनी कुमारी ने सिजीजियम क्यूमिनी (जामुन) के बीजों की मधुमेह-रोधी गतिविधि विषय पर उत्कृष्ट शोध पोस्टर की प्रस्तुति दी। संदेश ने ऑस्टियोआर्थराइटिस प्रबंधन के लिए प्राकृतिक चिकित्सा पद्धतियों का औषधीय मूल्यांकनः प्राचीन ज्ञान से आधुनिक कार्यप्रणालियों तक के लिए ओरल प्रेजेंटेशन दिया। गलगोटिया यूनिवर्सिटी, ग्रेटर नोएडा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस का मुख्य विषय फ्रॉम मॉलीक्यूल टू मेडिसिनः ड्रग डवलपमेंट, ड्रग डिलीवरी एंड लाइफसेविंग थेरेपीज था। कॉन्फ्रेंस में फामेर्सी कॉलेज के 22 स्टुडेंट्स ने प्रतिभाग किया। अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस में सात देशों के प्रमुख शोधकताओं ने विशेष व्याख्यान, पोस्टर प्रस्तुति, ओरल प्रेजेंटेशन आदि के जरिए आधुनिक फार्मास्यूटिकल रिसर्च के महत्वपूर्ण पहलुओं पर विचार-विमर्श किया। इस सम्मेलन में स्टुडेंट्स ने जाना कि कैसे शैक्षिक संस्थान, फार्मा उद्योग और नियामक संस्थाएं मिलकर वैज्ञानिक खोजों को जीवनरक्षक उपचारों में तेजी और प्रभावशीलता के साथ परिवर्तित करती हैं। प्रतिभागियों ने बेस्ट प्रैक्टिसिज का आदान-प्रदान के संग-संग दवा विकास और डिलीवरी के क्षेत्र में आने वाली चुनौतियों के स्केलेबल, वैज्ञानिक और व्यावहारिक समाधान पहचाने। इस बहुआयामी अनुभव ने छात्रों में वैज्ञानिक-दृष्टिकोण, शोध क्षमता और नवाचार की समझ को और अधिक सशक्त किया। टीएमयू की ओर से डॉ. पुष्पेंद्र शुक्ला और श्रीमती उर्वशी सक्सेना ने साइंटिफिक इवैल्युएटर की भूमिका निभाई।

वार्षिक विज्ञान मेले का भव्य आयोजन, छात्राओं ने प्रदर्शित की वैज्ञानिक प्रतिभा

समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी

जनपद सिद्धार्थनगर के सिल्वर स्पून रेस्टोरेंट में आज वार्षिक विज्ञान मेले का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन जिला बेसिक शिक्षा विभाग, कॉपर सर्जिकल एवं स्माइल फाउंडेशन के संयुक्त सहयोग से संपन्न हुआ।

विज्ञान मेले में छात्राओं द्वारा विज्ञान, तकनीक, अभियांत्रिकी एवं गणित पर आधारित विभिन्न नवाचारी प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए गए। छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा, जल संरक्षण, स्वच्छता, डिजिटल नवाचार एवं सामाजिक समस्याओं के समाधान से संबंधित अनेक मॉडल प्रदर्शित किए, जिन्हें उपस्थित अतिथियों द्वारा सराहा गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री सुरेंद्र श्रीवास्तव, जिला समन्वयक (बालिका शिक्षा) ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से छात्राओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, रचनात्मक सोच एवं नवाचार की भावना विकसित होती है। उन्होंने छात्राओं को निरंतर सीखने, प्रयोग करने एवं अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री अपूर्व श्रीवास्तव (स्टेट रिसोर्स पर्सन), कार्यक्रम को जज सुश्री कल्पना, नीतीश कुमार लेखाकार एवं स्माइल फाउंडेशन की टीम उपस्थित रही।

आज के कार्यक्रम में स्पेशल पुरस्कार कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, नौगढ़, प्रथम पुरस्कार कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, मिठवल, दूसरा पुरस्कार कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, बांसी एवं तीसरा पुरस्कार कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, बांसी को दिया गया।

बाल विवाह मुक्ति रथ को बहराइच सदर की विधायिका द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी

जनपद बहराइच भारत सरकार एवं जस्ट राइट्स इंडिया गठबंधन के अंतर्गत संचालित बाल विवाह मुक्त भारत सौ दिवसीय अभियान के तहत देहात इंडिया संस्था के तत्वाधान में आज बाल विवाह के खिलाफ एक महत्वपूर्ण पहल की गई। बहराइच सदर की माननीय विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल ने बाल विवाह मुक्ति रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अभियान का उद्देश्य देश से बाल विवाह की कुप्रथा को समाप्त करना तथा समाज में जागरूकता फैलाना रहा। बाल विवाह मुक्ति रथ विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों को कानून, अधिकारों एवं बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति सचेत करेगा। यह सघन अभियान 20 जनवरी से संपन्न होकर 08 मार्च 2026 को समाप्त होगा। इस अभियान के अंतर्गत यह सुनिश्चित किया जाएगा की जिले के ज्यादा से ज्यादा लोगो (धर्म गुरु, टेंट वाले, ब्यूटीपार्लर, नाई, केटरिंग, आदि) तक पहुँच बनाकर उनको बाल विवाह के प्रति जागरूक किया जा सके।

इस अवसर पर देहात संस्था से मो० इमरान, रचना मिश्रा, विंध्यावासिनी, अमरेश राणा, दीपक शुक्ला, चन्द्र प्रकाश एवं चाइल्ड हेल्प लाइन से अरुण कुमार चौधरी (नामित बाल विवाह निषेध अधिकारी), अर्चना मिश्रा, जनप्रतिनिधि, एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

अंतर्विभागीय समन्वय और व्यवहार परिवर्तन कर बनायेंगे बाल श्रम मुक्त बलरामपुर-:श्री विपिन जैन, जिलाधिकारी बलरामपुर

जिलाधिकारी महोदय ने बाल श्रम उन्मूलन एवं पुनर्वासन पर जन जागरूकता हेतु रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी

जनपद बलरामपुर, दिन मंगलवार को एक दिवसीय जनपदीय कार्यशाला का आयोजन विकास भवन स्थित सभागार जनपद बलरामपुर में किया गया।

कार्यशाला का उद्देश्य मा0 मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकता कार्ययोजना के अन्तर्गत प्रदेश को आगामी वर्ष 2027 तक बाल श्रम मुक्त कराया जाना है तथा प्रदेश के 08 आकांक्षी जनपदों को वर्ष 2026 में ही बाल श्रम मुक्त कराया जाना है। इसी क्रम में जनपद बलरामपुर में जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष जिलाधिकारी महोदय बलरामपुर ने कहा कि बाल श्रम मुक्त बलरामपुर बनाने के लिए अंतर्विभागीय समन्वयन के साथ लोगों में व्यवहार परिवर्तन को प्रोत्साहित करना होगा। साथ ही प्रत्येक माह के किसी एक दिन जनपद के सभी अधिकारियों को सम्मिलित करते हुए टीमें गठित करके जनपद में बाल श्रम चिन्हीकरण, मुक्ति और पुनर्वास के लिए कार्य करेंगें तब ही हमारा जो लक्ष्य है कि जनपद बलरामपुर के वर्ष 2026 के अंत तक बाल श्रम मुक्त बनाया जाये, पूर्ण होगा।

जनपद बलरामपुर में ब्रिटिश एशियन ट्रस्ट एवं रोजा संस्थान की ओर से कार्य रहे प्रतिनिधि ने जनपद बलरामपुर को किस प्रकार जनपदीय कार्ययोजना के अन्तर्गत जनपद को बाल श्रम मुक्त बनाया जाये इस पर विस्तृत कार्ययोजना बतायी गयी एवं प्रस्तुतिकरण किया गया।

कार्यशाला में स्टेट रिसोर्स सेल के राज्य समन्वयक सैयद रिजवान अली ने बाल एवं किशोर प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम में हुए परिवर्तनों से प्रतिभागियों को अवगत कराया। गौरतलब है कि ब्रिटिश एशियन ट्रस्ट ने श्रम विभाग के साथ मिलकर पाँच आकांक्षी जनपदों को बाल श्रम मुक्त बनाने के लिए लिखित सहमति बनाई है ।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए उपश्रमायुक्त श्री अभिनव वर्मा जी ने बताया कि बाल श्रम मुक्त बलरामपुर बनाने के लिए जहां एक तरफ बच्चों का स्कूल में बने रहना जरूरी है वहीं वंचित परिवारों तक सभी सामाजिक सुरक्षा योजनों की पहुंच जरूरी है। श्रम विभाग जिलाधिकारी की अध्यक्षता में यह सुनिश्चित करेगा कि सभी विभागों के समन्वय से हम बलरामपुर को बाल श्रम मुक्त बनाने में सफल होंगे।

जनपद को बाल श्रम मुक्त बनाने में सहयोग कर रही ब्रिटिश एशियन ट्रस्ट की पार्टनर संस्था रोजा संस्थान के प्रमुख अर्पित श्रीवास्तव ने पंचायत एवं ब्लॉक स्तर पर कवच परियोजना के अंतर्गत ब्लाक स्तरीय एवं ग्राम स्तरीय बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति को मजबूत करने के लिए प्रयासों के बारे में बताया ।

कार्यशाला में श्री सैयद रिजवान अली, राज्य समन्वयक श्रम विभाग, मुख्यालय, ए0एच0टी0यू0 प्रभारी, , ब्रिटिश एशियन ट्रस्ट के प्रतिनिधि श्री उमेश कुमार गुप्ता, रोजा संस्थान के प्रतिनिधि, एसोसिएशन फॉर वालिन्टयरी एक्शन के प्रतिनिधि श्री अमरेन्द्र कुमार, सी0डब्लू0सी0 के अध्यक्ष एवं जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया

आईएमएस नोएडा के छात्रों ने उत्तर प्रदेश दिवस मनाया

समाज जागरण

नोएडा। उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर आईएमएस नोएडा में कार्यक्रम की शुरूआत की गई। संस्थान के एक्सटेंशन एवं आउटरीच सेल के तत्वाधान में इस कार्यक्रम का आयोजन बुधवार से शनिवार तक आयोजित किया जाएगा। बुधवार को कार्यक्रम के दौरान संस्थान के छात्रों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

आईएमएस नोएडा के महानिदेशक प्रोफेसर (डॉ.) विकास धवन ने कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, टीमवर्क, रचनात्मक सोच तथा अपनी सांस्कृतिक पहचान के प्रति गर्व की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, इतिहास एवं विकास यात्रा से जोड़ना है।

कार्यक्रम की संयोजक वर्षा छबारिया ने बताया कि आज कल्चरल शोकेस के अंतर्गत विद्यार्थियों ने कला, पोस्टर एवं रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से पारंपरिक उत्तर प्रदेश की संस्कृति, लोक जीवन एवं विविधता को दशार्या। वहीं क्विज प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के इतिहास, भूगोल, संस्कृति एवं प्रमुख उपलब्धियों से जुड़े प्रश्नों के माध्यम से छात्रों के ज्ञान का परीक्षण किया गया। इसके साथ ही निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्तर प्रदेश की ऐतिहासिक विरासत, सामाजिक योगदान एवं विकास से जुड़ी उपलब्धियों पर अपने विचार अभिव्यक्त किए। कला प्रतियोगिता में छात्रों ने उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक स्मारकों, प्रमुख स्थलों एवं सांस्कृतिक प्रतीकों से प्रेरित होकर आकर्षक कलाकृतियां प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि आज के कार्यक्रम के अंत में उत्तर प्रदेश दिवस भाषण प्रतियोगिता में छात्रों ने उत्तर प्रदेश के महत्व, सामाजिक-आर्थिक विकास एवं भविष्य की संभावनाओं पर अपने विचार साझा किए। इस सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं की की घोषणा शनिवार को की जाएगी।

भारतीय किसान यूनियन टिकैत की जिला स्तरीय मासिक पंचायत नजीबाबाद डीएफओ कार्यालय पर हुई

समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी

जनपद बिजनौर भारतीय किसान यूनियन टिकैत की जिला स्तरीय मासिक पंचायत नजीबाबाद डीएफओ कार्यालय पर चल रहे धरने पर हुई खादर नंगल क्षेत्र में वन विभाग द्वारा किसानों पर मुकदमे किए गए थे उनकी फसलों पर कब्जा किया गया था इसी परिपेक्ष में नजीबाबाद ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश कुमार के अध्यक्षता में डीएफओ कार्यालय नजीबाबाद पर किसानो का आनिश्चित कालीन आंदोलन चला हुआ था जिले की मासिक पंचायत जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान के अध्यक्षता में डीएफओ कार्यालय नजीबाबाद पर हुई डीएफओ कार्यालय पर

तालाबंदी की गई पंचायत में डीएफओ नजीबाबाद अभिनव कुमार एसडीओ अंशुमान एसडीएम नजीबाबाद शैलेंद्र कुमार धरने पर पहुंचे और किसानों के बीच उन्होंने पूर्ण आश्वासन दिया की जो मुकदमे किसानों पर हुए हैं उन्हें प्रक्रिया के तहत जल्द से जल्द वापस ले लिया जाएगा किसानों को उनकी फसलों काटने की अनुमति मिलेगी वन विभाग ओर राजस्व विभाग की एक संयुक्त टीम गठीत करके किसानों को उनकी कृषि भूमि दिलाई जाएगी किसानो की बड़ी जीत हुई इसी आश्वासन पर अनिश्चितकाल धरने प्रदर्शन को स्थगित कर दिया गया है अगर प्रशासन अपनी बात से मुकरता है तो समय सीमा गुजरने के बाद और बड़ी ताकत के साथ डीएफओ कार्यालय पर आंदोलन होगा जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी पंचायत मे प्रदेश महासचिव रामावतार सिंह पश्चिम प्रदेश महासचिव कुलदीप सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष बाबू राम तोमर जिला उपाध्यक्ष अजय बालियान जिला सचिव धामपुर तहसील अध्यक्ष कविराज नजीबाबाद तहसील अध्यक्ष देवदास शर्मा तहसील अध्यक्ष नगीना धर्मवीर सिंह कोतवाली ब्लॉक अध्यक्ष राजीव,और तहसील अध्यक्ष चांदपुर नितिन राणा जिला उपाध्यक्ष मुनेंद्र सिंह वीरेश राणा, मदन चौहान, करन सिंह, मुकुल, अजीत,बृजपाल सिंह रजत कुठेर साबर सिंह सूरज सिंह रविंद्र सिंह ज्ञान सिंह उदयभान बलराम सिंह आदि उपस्थित रहे

नारियल का तेल जुओं को खत्म करने में उपयोगी

आयुर्वेद के अनुसार नारियल का तेल जुओं को खत्म करने में उपयोगी है। यह तेल न केवल सिर की त्वचा को पोषण देता है, बल्कि बालों को टूटने से भी बचाता है। जब इसमें कपूर मिलाया जाता है, तो यह मिश्रण प्राकृतिक कीटनाशक की तरह काम करता है। कपूर में मौजूद एंटीसेप्टिक और एंटीपैरासिटिक गुण जुओं और उनके अंडों को नष्ट करने में मदद करते हैं।

इस उपाय के लिए नारियल तेल की एक कटोरी में 2-3 टुकड़े कपूर घोलकर रात को सोने से पहले बालों की जड़ों में लगाना चाहिए। मालिश के बाद सिर को कपड़े से ढककर सोना और सुबह शैम्पू से धोना लाभकारी माना जाता है। कुछ ही दिनों में इसके सकारात्मक परिणाम दिखने लगते हैं। सिरका भी एक कारगर विकल्प है। हल्के गुनगुने पानी में दो चम्मच सफेद सिरका या एप्पल साइडर विनेगर मिलाकर सिर धोने से जुओं और लीखों की पकड़ ढीली पड़ जाती है और वे आसानी से हटने लगती हैं।

यह उपाय खासतौर पर उन लोगों के लिए उपयोगी है जो रसायनों से बचना चाहते हैं। इसी तरह नींबू का रस भी प्राकृतिक उपचार के रूप में काम करता है। इसे नारियल तेल में मिलाकर लगाने से इसका असर और बढ़ जाता है। नींबू में मौजूद साइट्रिक एसिड जुओं की त्वचा को नुकसान पहुंचाकर उन्हें नष्ट करता है। साथ ही यह स्कैल्प की सफाई करता है और डैंड्रफ जैसी समस्याओं से भी राहत देता है। कुछ लोग पेट्रोलियम जेली का भी इस्तेमाल करते हैं। यह जुओं की सांस रोक देती है और उनके जीवन चक्र को खत्म करती है। हालांकि, इसका इस्तेमाल बालों में काफी चिपचिपापन पैदा करता है और धोने में कठिनाई हो सकती है। विशेषज्ञ मानते हैं कि इन प्राकृतिक उपायों को नियमित रूप से अपनाने से जुओं से छुटकारा मिल सकता है और स्कैल्प भी स्वस्थ रहता है।

बता दें कि सिर में अचानक खुजली बढ़ना अक्सर रूसी के साथ-साथ जुओं की मौजूदगी का संकेत भी हो सकता है। यह समस्या न केवल असुविधा और परेशानी पैदा करती है बल्कि कई बार सामाजिक स्थितियों में शर्मिंदगी का कारण भी बन जाती है। जूं बालों में अंडे देती हैं, जिन्हें लीख कहा जाता है। ये लीखें इतनी मजबूती से चिपकी होती हैं कि सामान्य पानी या कंघी से आसानी से नहीं हटतीं। ऐसे में कई लोग रासायनिक उत्पादों का सहारा लेते हैं, लेकिन आयुर्वेद और घरेलू नुस्खे भी इसमें प्रभावी साबित हो सकते हैं।

मूड पर नकारात्मक असर पड़ता है मौसम में बदलाव का

सितंबर से दिसंबर के बीच मौसम में बदलाव के साथ पेड़ों से पत्ते झड़ने लगते हैं। मौसम बदलने का असर इंसानी मनोभावों पर भी देखने को मिलता है। शरद ऋतु का आगमन गर्मी से सर्दी की ओर बढ़ने का संकेत देता है। वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि इस दौरान कई लोगों के मूड पर नकारात्मक असर पड़ता है।

दिन छोटे और रातें लंबी होने के साथ ही थकान, नींद की गड़बड़ी और उदासी महसूस होना आम हो जाता है। इस स्थिति को विज्ञान की भाषा में सीजनल अफेक्टिव डिसऑर्डर (एसएडी) कहा जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार, मौसम बदलने पर धूप की कमी से दिमाग में सेरोटोनिन नामक न्यूरोट्रांसमीटर घटने लगता है। यह हार्मोन मूड को नियंत्रित करने में अहम भूमिका निभाता है। वहीं अंधेरा और ठंड बढ़ने पर शरीर में मेलाटोनिन हार्मोन का स्तर बढ़ जाता है, जिससे नींद अधिक आती है और ऊर्जा घट जाती है।

इस बदलाव से शरीर की सर्केडियन रिद्म भी बिगड़ जाती है, जिससे नींद और जागने का प्राकृतिक पैटर्न प्रभावित होता है। अध्ययन बताते हैं कि उत्तरी और पहाड़ी इलाकों में रहने वाले लोगों पर सैड का प्रभाव अधिक होता है क्योंकि वहां धूप का समय सीमित होता है। महिलाओं और 18 से 30 वर्ष के युवाओं में इसके मामले ज्यादा पाए जाते हैं। एक अध्ययन में खुलासा हुआ था कि अर्बन इंडिया में 12 से 15 प्रतिशत लोग हल्के या गंभीर मौसमी डिप्रेशन का सामना करते हैं। इसके लक्षण पहचानना अपेक्षाकृत आसान है।

लगातार थकान रहना, अधिक नींद आना, उदासी और चिड़चिड़ापन, काम में रुचि कम होना, ज्यादा मीठा और कार्बोहाइड्रेट खाने की इच्छा, तथा सामाजिक गतिविधियों से दूरी बनाना सैड के प्रमुख संकेत माने जाते हैं। कई देशों में लाइट थेरेपी का उपयोग किया जाता है, जिसमें विशेष लाइट बॉक्स का इस्तेमाल प्राकृतिक धूप जैसी रोशनी देने के लिए किया जाता है। संतुलित आहार और नियमित व्यायाम भी इस समस्या को कम कर सकते हैं। ताजे फल-सब्जियां और ओमेगा-3 युक्त भोजन मूड को बेहतर बनाने में मददगार हैं। यदि लक्षण लगातार बने रहें तो मनोचिकित्सक से परामर्श लेना आवश्यक है। विशेषज्ञों का कहना है कि इससे बचाव के लिए कुछ साधारण उपाय कारगर साबित हो सकते हैं। रोजाना कम से कम 20 से 30 मिनट धूप में समय बिताना सबसे प्रभावी तरीका है।